■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 315
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, शनिवार
19 अप्रैल 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1919:** अमेरिका के लेस्ली इरविन ने पैराशूट से पहली बार छलांग लगाई।
**1950:** श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने वाले पहले मंत्री बने।
**1971:** भारत ने वेस्टइंडीज को हराकर टेस्ट क्रिकेट श्रृंखला जीती।
1972: बांग्लादेश राष्ट्रमंडल का सदस्य बना।
**1975:** भारत पहला उपग्रह आर्यभट्ट लॉन्च कर अंतरिक्ष युग में दाखिल हुआ।

**अगर लगने लगे कि लक्ष्य हासिल नहीं हो पाएगा तो लक्ष्य को नहीं अपने प्रयासों को बदलें।**

## दो घंटे में पूरा होगा ऋषिकेश से कर्णप्रयाग का सफर, योग से तप की कनेक्टिविटी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** योगनगरी ऋषिकेश से तपोनगरी कर्णप्रयाग का सफर अब दो घंटे में ही पूरा होने वाला है। भारतीय रेल ने देवभूमि में 'शिव' और 'शक्ति' के वरदान से देश की सबसे लंबी रेलवे सुरंग के निर्माण में सफल ब्रेक थ्रू हासिल कर लिया है। 125 किमी से अधिक लंबी ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना उत्तराखंड की प्राकृतिक सुंदरता, तीर्थ स्थलों और आध्यात्मिक महत्व को नए सिरे से परिभाषित करने वाली है। यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ के दर्शन को हर साल लाखों श्रद्धालु यात्रा पर निकलते हैं। मगर भौगोलिक संरचना और सीमित कनेक्टिविटी ने हमेशा से यात्रियों और स्थानीय निवासियों के लिए चुनौतियां पेश की हैं। इन चुनौतियों को दूर करने और उत्तराखंड के दुर्गम इलाकों को रेल नेटवर्क से जोड़ने के लिए भारतीय रेल ने ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना शुरू की। इस परियोजना के पूरा होने से करोड़ों श्रद्धालुओं के चारधाम यात्रा की मन्नत पूरी होने वाली है। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना हिमालय के दुर्गम और भौगोलिक तौर पर संवेदनशील क्षेत्र में बन रही है। इस रेल लाइन में देश की सबसे लंबी रेलवे सुरंग 14.577 किमी (47825 फीट) शामिल है, जो



*'इस परियोजना के तहत टीबीएम तकनीक का पहली बार पहाड़ी इलाकों में इस्तेमाल हुआ है। 9.11 मीटर व्यास वाली सिंगल-शील्ड रॉक टीबीएम ने जिस गति और सटीकता का प्रदर्शन किया, वह भारत के निर्माण क्षेत्र में एक नई मिसाल है।'*

**अश्विनी वैष्णव**
रेल मंत्री

देवप्रयाग और जनासू के बीच बन रही है। 16 अप्रैल, 2025 को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 14.58 किमी लंबी सुरंग टी-8 के ब्रेकथ्रू का उद्घाटन किया, जो देश की सबसे लंबी रेलवे सुरंग है। इसके अलावा 38 नियोजित सुरंग ब्रेकथ्रू में से 28 पूरे हो चुके हैं। परियोजना के पहले चरण को 2026 के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य है, और 2027 के मध्य तक यह पूरी तरह से चालू हो सकती है। इस परियोजना में आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है, जैसे कि टनल बोरिंग मशीन जिसने सुरंग निर्माण में अभूतपूर्व प्रगति दर्ज की है। अगस्त 2024 में टनल बोरिंग मशीन 'शिव' और 'शक्ति' ने एक महीने में 1080.11 रनिंग मीटर सुरंग खोदकर नया रिकॉर्ड बनाया। इस परियोजना में रेल ब्रिज नंबर 8 इंजीनियरिंग का एक और चमत्कार है। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना 125.2 किमी लंबी ब्रॉड गेज रेल लाइन है, जो योग नगरी ऋषिकेश को कर्णप्रयाग से जोड़ेगी। यह परियोजना भारतीय रेल की चारधाम रेल परियोजना का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य उत्तराखंड के चार पवित्र तीर्थ स्थलों को रेल नेटवर्क से जोड़ना है। इस रेल लाइन की कुल लागत लगभग 16 हजार करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है। परियोजना की सबसे खास बात यह है कि इसका 83 प्रतिशत हिस्सा सुरंगों से गुजरेगा, जिसमें 17 मुख्य सुरंगें और 12 एस्केप टनल शामिल हैं। इसकी कुल लंबाई 213 किलोमीटर है, जिसमें 193 किलोमीटर का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। ऋषिकेश से कर्णप्रयाग तक सड़क मार्ग से 6-7 घंटे लगते हैं जो मौसम और भूस्खलन के कारण और बढ़ सकता है। चारधाम रेल परियोजना के तहत बन रही (शेष पृष्ठ 10 पर)

### मुख्यमंत्री ने 'महिला संवाद' का किया शुभारंभ, वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## महिलाओं की समस्याओं का होगा समाधान : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को एक अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से 'महिला संवाद' का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा सभी माताओं, बहनों एव बेटियों को संबोधित किये गये पत्र का विमोचन भी किया। महिला संवाद कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं व कार्यों के विषय में महिलाओं को जानकारी प्रदान किया जायेगा। साथ ही महिलाओं को अपने गाँव या टोलों की समस्याओं और आकांक्षाओं को चिह्नित कर उसकी प्राथमिकता निर्धारण करने हेतु अवसर प्रदान किया जायेगा। संवाद के दौरान प्राप्त समस्याओं का विभिन्न स्तरों पर त्वरित समाधान किया जायेगा। प्राप्त सूचनाओं के आधार पर सरकार की



योजनाओं के सूत्रण एवं नीति-निर्धारण में महिलाओं की आकांक्षाओं को बेहतर ढंग से समाहित किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के लिये महिला संवाद जागरूकता वाहनों को एक अणे मार्ग से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता वाहन की चारों तरफ से ब्रांडिंग की गयी है। इससे गांव में कार्यक्रम करने के दौरान या एक गांव से दूसरे गांव में जागरूकता वाहन की आवजाही के दौरान सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण से संबंधित किये गये कार्यों के प्रति आम लोगों का ध्यान आकृष्ट होगा। ज्ञातव्य है कि प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा निर्देश दिया गया था कि जिले के सभी गाँवों में योजनाओं की स्थिति की जानकरी लेने एवं समस्याओं का निदान करने हेतु वरीय पदाधिकारियों को स्थल पर भेजा जाए। इसी क्रम में महिला संवाद का आयोजन किया जा रहा है जहाँ वरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में समुदाय की समस्याओं पर चर्चा होगी। स्थल पर जाकर वरीय पदाधिकारी वहां की समस्याओं से अवगत होंगे एवं उसका समाधान भी करेंगे। राज्य के सभी गाँवों में महिला संवाद का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम लगभग 70 हजार स्थानों पर होगा जिसमें 02 करोड़ से अधिक महिलाएँ भाग लेंगी। इस कार्यक्रम में गाँव की सभी महिलाओं को बुलाया जाएगा। कार्यक्रम में राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए जितने कार्य किए गए हैं, उन सभी बातों की जानकारी दी जाएगी तथा योजनाओं के बारे में जागरुकता फैलायी जाएगी। सरकार द्वारा किए गए कार्यों को वीडियो फिल्म के माध्यम से दिखाया जाएगा। इसके लिए हर कार्यक्रम स्थल पर जागरुकता वाहन तैनात किया जाएगा जिसमें बड़े टीवी स्क्रीन पर वीडियो फिल्म दिखाई जाएगी। बड़े टेलीविजन के साथ लगभग 600 जागरुकता वाहन का प्रयोग किया जा रहा है। आगे किस प्रकार की योजनाओं की जरुरत है इस पर भी चर्चा की जाएगी एवं सुझाव प्राप्त किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान प्राप्त सुझावों एवं अपेक्षाओं को संकलित किया जाएगा। संकलित सुझावों एवं अपेक्षाओं को प्रखंड इकाई द्वारा जिला इकाई को भेजा जाएगा। जो अपेक्षाएँ जिला स्तर पर पूर्ण की जा सकती हैं या जिनका समाधान किया जा सकता है, उन्हें तत्काल कार्रवाई हेतु संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया जाएगा। जिन (शेष पृष्ठ 10 पर)

## राज्य में निवेश को बढावा देने के लिए हेमंत सोरेन स्पेन और स्वीडन रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल स्पेन और स्वीडन के दौरे पर रवाना हो गया है। प्रतिनिधिमंडल में सीएम हेमंत सोरेन, विधानसभा में महिला एवं बाल कल्याण कमेटी की चेयरपर्सन कल्पना सोरेन, मुख्य सचिव, सीएम के प्रधान सचिव, खनन निदेशक, जुडको निदेशक, उद्योग सचिव, उद्योग विभाग के संयुक्त निदेशक, उद्योग निदेशक, विशेषज्ञ और सीएम की सुरक्षा में एक अधिकारी शामिल हैं। उद्योग निदेशक सुशांत गौरव के अनुसार प्रतिनिधिमंडल सबसे पहले बार्सिलोना, मैड्रिड और स्वीडन के गोथेनबर्ग जायेंगे। 19 से 27 अप्रैल तक स्पेन और स्वीडन के विभिन्न शहरों में यह प्रतिनिधिमंडल विदेशी निवेशकों के साथ बैठक कर राज्य सरकार की नीतियों से उन्हें अवगत कराने का काम करेगा। स्पेन और स्वीडन के दौरे के क्रम में राज्य सरकार के द्वारा झारखंड के खदानों की नीलामी में हिस्सा लेने के लिए निवेशकों को आमंत्रित किया जाएगा। इस दौरान राज्य सरकार की औद्योगिक नीति और राज्य में उपलब्ध खनिज संसाधनों के बारे में विदेशी उद्योगपतियों को अवगत कराया जाएगा। इसके लिए मैड्रिड स्थित एक होटल में निवेशकों के साथ एक बड़ी बैठक आयोजित की गई है। उद्योग निदेशक के अनुसार 22 अप्रैल को माइनिंग सेक्टर में काम करने वाली कई कंपनियों के प्रतिनिधियों के (शेष पृष्ठ 10 पर)

### संक्षिप्त समाचार

#### डूबने से मां और दो बच्चों की मौत

**सीतामढ़ी(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बैरगनिया अख्ता पूर्वी घाट पर शुक्रवार को दर्दनाक हादसा हुआ है। इसमें एक मां और दो बच्चों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि मजार से लौट रहे एक परिवार का बाइक नदी में गिर गया, जिसमें मां और दो बच्ची डूब गई है। सूचना पर ग्रामीण और पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंची और नाजमीन खातून और उनके एक बच्चे का शव बरामद कर लिया जबकि एक बच्चे की तलाश जारी है। यह सभी परिवार वाले सुबह चार बजे मजार से लौट रहे थे। इसी दौरान लालबाबू दर्जी की बाइक बागमती नदी में गिर गई। लालबाबू दर्जी ने तैरकर अपनी जान बचा ली लेकिन उनकी पत्नी नजमीन खातून और उनके दो बच्चे बागमती नदी में ही डूब गए।

#### शिक्षक ने फांसी लगा की खुदकुशी

**जहानाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** परसबिगहा थाना क्षेत्र के ग्राम करौता निवासी बीपीएससी शिक्षक का शव बंद घर में पाया गया। मिली जानकारी के अनुसार जहानाबाद के गांधी मैदान के पास खेल भवन के पीछे किराए के मकान में रहने वाले शिक्षक अभिषेक कुमार शुक्रवार सुबह बंद कमरे में आत्महत्या कर लिया। बताया जाता है कि सुबह करीब दो बजे शिक्षक पत्नी से पानी पीकर दूसरे रूम में सोने चला गया। सुबह जब पत्नी घर साफ करने गई तो यह दृश्य देख चिल्ला उठी। इसके बाद लोग आएं तो देखा कि शिक्षक मृत पड़े हुए हैं।

#### एक लाख का इनामी वीरप्पन गिरफ्तार

**जमुई(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में अपराध का पर्याय बन चुका सुभाष कुमार उर्फ वीरप्पन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार बदमाश पर सरकार ने एक लाख का इनाम घोषित कर रखा है। वीरप्पन की गिरफ्तारी मलयपुर थाना क्षेत्र के पतौना पुल के पास से हुई है। एसपी मदन कुमार आनंद ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश पर हत्या, रंगदारी, अपहरण, लूट समेत कई संगीन धाराओं में मामला दर्ज है।

## दो करोड़ महिलाओं से संवाद के आधार पर नीतियां बनाएगी सरकार : सम्राट चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

- **पीएम मोदी ने विधायिका एवं सीएम नीतीश ने नौकरी में महिलाओं को दिया आरक्षण**
- **लालू राज में गुंडों के डर से स्कूल नहीं जाती थी बेटियां, एनडीए ने दी साइकिल-पोशाक**

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि प्रदेश की 2 करोड़ महिलाओं से संवाद स्थापित करने के बाद उनके सुझावों के आधार पर सरकार त्वरित कार्रवाई करेगी और ऐसी नीतियां बनाएगी जिससे समस्याएँ हल हों और शेष बचे काम पूरे किये जा सकें। श्री चौधरी ने बताया कि महिला संवाद अभियान के तहत लगभग 600 प्रचार रथ बिहार के 70 हजार से अधिक स्थानों तक पहुंचेंगे और 2 करोड़ से अधिक महिलाओं से सीधा संवाद स्थापित करेंगे। इसके बाद बचे हुए विकास कार्य जल्द से जल्द पूरे कराये जाएंगे। श्री चौधरी महिला संवाद अभियान के शुभारंभ के बाद संवाददाताओं से बात कर रहे थे। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए अब तक जो काम किये, उनसे ''महिला संवाद'' के माध्यम से महिलाओं को अवगत कराना भी सशक्तीकरण है। अक्सर जानकारी के अभाव में महिलाएँ योजनाओं का लाभ नहीं ले (शेष पृष्ठ 10 पर)

## पटना में होगा एयर शो, आकाश में करतब दिखाएंगे जेट विमान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी पटना में 23 अप्रैल को शोर्य दिवस के अवसर पर पहली बार एयर शो का आयोजन होने जा रहा है। आसमान में सूर्य किरण एरोबैटिक टीम और भारतीय वायुसेना के हॉक-132 जेट विमानों द्वारा अद्भुत करतबों का प्रदर्शन किया जाएगा। जेपी गंगा पथ के पास आयोजित यह एयर शो करीब एक घंटे तक चलेगा। इसके लिए तैयारी चल रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज एयर शो कार्यक्रम की तैयारियों की भी समीक्षा की। इस कार्यक्रम में सभ्यता द्वार के सामने जेपी गंगा पथ पर बैठने की व्यवस्था की जा रही है, जो प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय के सामने स्थित है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल पर भीड़ प्रबंधन और

### सीएम नीतीश ने लिया तैयारियों का जायजा



सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इससे पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शहीद वीर कुंवर सिंह आजादी पार्क का दौरा किया। यहां उन्होंने 23 अप्रैल 2025 को आयोजित होने वाले वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पार्क की सफाई और रखरखाव सुनिश्चित किया जाए, ताकि आने वाले लोग यहां पर आनंदित महसूस कर सकें। मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों से कहा कि अपेक्षा की है कि वह इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम की सफलतापूर्वक योजना बनाएं और इसे ऐतिहासिक बनाने में कोई कसर न छोड़ें। इस निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, डॉ. एस. सिद्धार्थ, सचिव कुमार रवि, जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इधर, एयर शो लेकर सारी तैयारी पूरी हो चुकी है। कार्यक्रम स्थल सभ्यता द्वार के पास बनाया गया है। यहां लोग खुले आसमान में एयर शो का आनंद लेंगे। पटना पुलिस ने अलग ट्रैफिक रूट बनाया है। इस दिन जेपी गंगा पथ का एक लेन पूरी तरह से बंद रहेगा। गंगा नदी में नाव के परिचालन पर भी रोक रहेगी।

## सभी अनुमंडलों को जिला मुख्यालयों से जोड़ने के लिए चलेंगी 166 डीलक्स बसें, रूट निर्धारित

### अगले महीने से शुरू होगा बसों का परिचालन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य के सभी 101 अनुमंडलों को जिला मुख्यालयों से जोड़ने के लिए जल्द ही डीलक्स बसों का परिचालन शुरू होगा। अगले महीने के दूसरे हफ्ते से ये बसें सड़कों पर दौड़ेंगी। बीएसआरटीसी (बिहार राज्य पथ परिवहन निगम) 6 शहरों के अनुमंडलों को 109 जोन में बांटकर कुल 166 बसों को चलाने की तैयारी कर रहा है। ये सभी बसें पटना, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, पूर्णिया, भागलपुर और गया की पंचायतों को जिला मुख्यालयों से जोड़ेंगी। इनके परिचालन का पूरा रूट निर्धारित कर लिया गया है। अभी सभी बसें परमिट फ़ेज में हैं। जल्द ही इन सभी का परमिट क्लियर कर दिया जाएगा।

#### बड़ों में कैमरा और पैनिक बटन

बीएसआरटीसी से मिली जानकारी के मुताबिक, ये सभी बसें डीजल से चलने वाली और नॉन-एसी होंगी, जिनमें 40 लोग बैठ सकेंगे। साथ ही बस में कैमरा, पैनिक बटन और जीपीएस ट्रैकर भी लगा होगा। इन बसों के शुरू होने से लोगों की पहुंच जिला मुख्यालयों के साथ ही राजधानी तक भी सुगम हो जाएगी। आने वाले दिनों में प्रखंड स्तर से भी बस सुविधा शुरू करने की योजना बन रही है। इनमें सबसे अधिक 32 बसें राजधानी से अन्य






अनुमंडलों के लिए रवाना होंगी। पटना से रक्सौल, नरकटियागंज, जयनगर, गोपालगंज, दरभंगा, रांची, गुमला, नवादा, राजगीर, आरा-रांची, आरा-धनबाद, आरा-वाराणसी, बिहारशरीफ-रांची, बिहारशरीफ-बोकारो, पटना-हावड़ा, पटना-वाल्मीकिनगर-भैंसालोटन के लिए बसें चलेंगी।

#### अन्य जिलों के लिए भी चलेंगी बसें

पूर्णिया से कुल 25 बसें एक ट्रिप में चलेंगी। भागलपुर से 24, दरभंगा से 24, मुजफ्फरपुर से 30 और गया जिले से 31 डीजल बसें अलग-अलग समय पर चलेंगी। यह सभी बसें राज्य के सभी जिलों को जोड़ने के साथ आगे राजधानी से जुड़ेंगी। इनमें पटना, दरभंगा और गया के अनुमंडलों से झारखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के लिए भी बस चलाने की तैयारी है।

बिहार सरकार



संदेश

मुख्यमंत्री
बिहार

इस वर्ष अग्नि सेवा सप्ताह (14 से 20 अप्रैल, 2025) का विषय है–**"एकजुट हो, अग्नि सुरक्षित भारत को प्रज्ज्वलित करें।"** इस अवसर पर मैं राज्य के सभी नागरिकों से आग से सुरक्षा और सतर्कता की दिशा में संगठित होने का आह्वान करता हूँ।

अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर मैं न केवल **14 अप्रैल 1944 को विक्टोरिया डॉक, मुंबई** में हुए भीषण अग्निकांड में अपने प्राणों की आहूति देने वाले वीर अग्निशामकों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ अपितु आम नागरिकों की अग्नि से सुरक्षा करते हुये अपने प्राणों को न्योछावर करने वाले वीर बलिदानियों के समर्पण को भी नमन करता हूँ। हम सभी का कर्तव्य है कि हम अग्नि सुरक्षा के प्रति सजग रहें और समाज को भी इसके प्रति जागरूक बनाएं।

आईए, इस सप्ताह हम संकल्प लें कि अपने घरों, कार्यस्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर अग्नि सुरक्षा के सभी मानकों का पालन करेंगे और सामूहिक प्रयासों से अग्नि सुरक्षित विकसित बिहार के निर्माण में योगदान देंगे।

जय हिन्द!

(नीतीश कुमार)

PR No.- 001374 (Fire) D. 2025-26

# 18 जिलों के 350 स्वास्थ्य संस्थानों को मिलेंगे एइएस किट : मंगल पांडेय

**▸ 13 तरह के चिकित्सीय उपकरण रहेंगे एइएस किट में शामिल ▸ मुजफ्फरपुर को प्रति स्वास्थ्य संस्थान मिलेंगे 5 एइएस**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि एइएस की प्रभावी रोकथाम एवं उपचार को लेकर स्वास्थ्य विभाग काफी गंभीर एवं पहले से ही अलर्ट है। इसे लेकर कई स्तरों पर जागरूकता गतिविधि के साथ प्रभावित जिलों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। इसी कड़ी में एइएस की रोकथाम एवं शीघ्र उपचार की व्यवस्था को अत्याधिक प्रभावी बनाने के लिए एइएस से प्रभावित राज्य के 18



जिलों के 350 स्वास्थ्य संस्थानों में एइएस किट उपलब्ध कराए जाएंगे। 350 स्वास्थ्य संस्थानों में प्रति स्वास्थ्य संस्थान 2 एइएस किट उपलब्ध कराए जाएंगे जबकि मुजफ्फरपुर के 19 स्वास्थ्य संस्थानों में प्रति स्वास्थ्य संस्थान 5 एइएस किट उपलब्ध कराए जाएंगे। इस तरह राज्य में कुल 1000 एइएस किट संबंधित जिलों के स्वास्थ्य संस्थानों को उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके अलावा एइएस से विशेष प्रभावित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को आपातकालीन जरूरतों के लिए 100 अतिरिक्त एइएस किट दिए जाएंगे। इससे एइएस की शीघ्र रोकथाम और उपचार को बल मिलेगा।

श्री पांडेय ने कहा कि एइएस किट में डिजिटल बीपी मशीन, ग्लूकोमीटर, अम्बु बैग, म्यूकस सकर सहित 13 चिकित्सकीय सामग्रियां होगी। ऑक्सीजन की उपलब्धता सभी स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सकीय उपचार हेतु स्थानीय स्तर पर पहले से उपलब्ध है जिन जिलों में एइएस किट भेजे जाएंगे उनमें अरवल, औरंगाबाद, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, दरभंगा, गया, गोपालगंज, जहानाबाद, मुजफ्फरपुर, नालन्दा, नवादा, पटना, समस्तीपुर, सारण, सिवान, सीतामढ़ी, शिवहर और वैशाली शामिल हैं। श्री पांडेय ने कहा कि राज्य सरकार बच्चों को एइएस यानी चमकी बुखार से बचाने के लिए आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं उयलब्ध कराने की दिशा में गंभीरता से कार्य कर रही है। इसको लेकर राज्य से जिला स्तर तक के स्वास्थ्य कर्मियों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग मुस्तैदी के साथ एइएस की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार है।

# मुर्शिदाबाद हिंसा के पीछे ममता बनर्जी की सरकार जिम्मेवार : तारकिशोर प्रसाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने मुर्शिदाबाद हिंसा पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी की सरकार द्वारा अपनाई जा रही तुष्टिकरण नीति के कारण आज पूरा पश्चिम बंगाल अशांत है। उन्होंने कहा कि वक्फ कानून को लागू करने के संबंध में उनके असंवैधानिक बयानों और कार्यकलापों से मुर्शिदाबाद में हिंसा हुई है और निर्दोष लोगों की जान गई है, जो निंदनीय है। पश्चिम बंगाल सरकार ऐसी घटनाओं पर नियंत्रित करने में पूरी तरह से विफल रही है। उन्होंने कहा कि



सरकार ऐसी घटनाओं पर तुरंत लगाम लगाए अन्यथा पश्चिम बंगाल के लोग अब चुप बैठने वाले नहीं हैं। श्री प्रसाद ने कहा कि उपद्रवियों से निपटने का तरीका भारतीय जनता पार्टी की सरकार को बखूबी मालूम है। उत्तरप्रदेश जैसे राज्य में जिस प्रकार से उपद्रवियों और दंगाइयों पर नकेल कसा गया है, आज पश्चिम बंगाल में भी ऐसे ही कार्रवाई की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल के लोग अमन-चैन और शांति के साथ आगे बढ़ना चाहते हैं, अन्य राज्यों के साथ विकसित भारत के लिए कंधा-से-कंधा मिलाकर चलना चाहते हैं। परंतु ममता बनर्जी की सरकार ने लोगों को गुमराह करके तुष्टिकरण का रास्ता अपनाकर बंगाल के अस्मिता को बदनाम किया है। उन्होंने कहा कि आगे आने वाले दिनों में पश्चिम बंगाल के लोग ममता बनर्जी की सरकार को निश्चित सबक सिखाएंगे।

# एनडीए में सीट बंटवारे को लेकर कोई विवाद नहीं : जीतन राम मांझी

**हम सब मिलकर फैसला करेंगे और एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के प्रमुख और केन्द्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने शुक्रवार को कहा कि सीटों के बंटवारे को लेकर एनडीए में कोई विवाद नहीं है। मीडियाकर्मियों ने जब सवाल किया कि हम पार्टी कितनी सीटों पर तैयारी कर रही है, आप की पार्टी कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी तो उन्होंने कहा कि एनडीए सभी सीटों पर चुनाव लड़ रही है। सभी सीटों पर हमारी तैयारी है। उन्होंने कहा कि एनडीए के बीच सीट बंटवारे को लेकर कोई विवाद नहीं है। 'हम सब मिल-बैठकर फैसला करेंगे और एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे'।

वहीं पश्चिम बंगाल में हो रही हिंसा को लेकर ममता बनर्जी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि बंगाल में जिस तरह की घटनाएं हो रही हैं, वह संविधान का उल्लंघन है और केंद्र सरकार को तुरंत इस पर कार्रवाई करनी



चाहिए। मांझी ने कहा कि ममता बनर्जी के शासन में जो हो रहा है, उसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। केंद्र को देखना चाहिए कि वहां कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ रही हैं। मांझी ने महागठबंधन और तेजस्वी यादव को लेकर कहा कि तेजस्वी यादव को को-ऑर्डिनेशन कमेटी का अध्यक्ष जरूर बनाया गया है, लेकिन उन्हें नेता नहीं माना गया है। उन्होंने कहा कि इनमें कभी एकता नहीं बन सकती। तेजस्वी को ये लोग कभी मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित नहीं करेंगे। विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) प्रमुख मुकेश साहनी के भाजपा से संपर्क की अटकलों पर मांझी ने कहा कि यह उनका व्यक्तिगत मामला है, लेकिन लिख लीजिए महागठबंधन उन्हें उपमुख्यमंत्री कभी नहीं बनाएगा। जनता उन्हें आशीर्वाद नहीं देगी और वह जीतकर नहीं आएंगे। नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री पद के चेहरे को लेकर मांझी ने स्पष्ट कर दिया कि 2025 का चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। वही मुख्यमंत्री होंगे, इसमें कोई दूसरा मतलब निकालने की जरूरत नहीं है। मांझी ने गृह मंत्री अमित शाह का नाम लेते हुए कहा कि वे भी बोलकर गए हैं कि नीतीश कुमार ही एनडीए के सीएम फेस होंगे। इसलिए इसमें कोई दो राय नहीं है। नीतीश कुमार ही हमारे सीएम होंगे।

# दो दरोगा की हत्या करने वाला कुख्यात अपराधी मुकेश कुमार उर्फ बुधन यादव गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बाढ़।** थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक कामयाबी हासिल करते हुए 2016 में मराची थाना के सब इंस्पेक्टर सुरेश ठाकुर की हत्या के आरोपी मुकेश कुमार उर्फ बुधन गोप उर्फ बुधन यादव को गिरफ्तार किया। यह कुख्यात अपराधी लंबे समय से अपना नाम बदलकर और पहचान बदलकर फरार था। इसके खिलाफ विभिन्न थानों में हत्या, लूट और डकैती जैसे 13 मामले दर्ज थे। रामकृष्ण नगर थाना फतुहा थाना बाढ़ और नालंदा के कई थाने की पुलिस को तलाश थी। बाढ़ एएसपी-1 राकेश कुमार ने बताया कि समकालीन अभियान के तहत फरार अपराधियों की धर-पकड़ के लिए विशेष छापेमारी चल रही थी। गुरुवार को बाढ़ थाना पुलिस को सूचना मिली कि मुकेश नालंदा जिले के हिलसा थाना क्षेत्र के नोनिया बीघा गांव में छिपा है। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने छापा मारकर उसे गिरफ्तार कर लिया। मुकेश पर 2016 में बाढ़ के गोरक्ष्मी चौक के पास एनएच 31 पर सब इंस्पेक्टर सुरेश ठाकुर की गोली मारकर हत्या और पिस्तौल लूट कांड का आरोप है। इसके अलावा उसने फतुहा थाना क्षेत्र में नालंदा के तेल्हारा थाना में तैनात एएसआई रामराज चौधरी की भी हत्या की थी। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह पूर्व में पीएलएफआई का सदस्य रहा है और संगठन के दो सदस्यों के गायब होने के बाद उसने हत्याएं की थीं। बार-बार नाम और ठिकाना बदलने के कारण उसकी गिरफ्तारी में चुनौतियां आ रही थीं, लेकिन बाढ़ पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से यह सफलता मिली। कुख्यात की गिरफ्तारी में दरोगा मंटू कुमार शर्मा, पीएसआई नितिश कुमार सहित कई पुलिस कर्मी सामिल थे।

### आर.के. इंडस्ट्रीज की नई विनिर्माण इकाई का उद्घाटन

# बिहार में निवेश को लेकर अत्यंत आशान्वित : किरण अग्रवाल

**राज्य को वस्त्र निर्माण के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार की औद्योगिक नीति के अनुरूप राज्य को वस्त्र निर्माण के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई। पटना जिले के बिहटा स्थित सिकंदरपुर औद्योगिक क्षेत्र में आर.के. इंडस्ट्रीज की नवीन परिधान विनिर्माण इकाई का लोकार्पण मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, निदेशक, उद्योग विभाग निखिल धनराज निप्पणिकर तथा बियाडा एवं आईडीए के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। आर.के. इंडस्ट्रीज, जो वर्ष 1973 से परिधान उत्पादन एवं निर्यात के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित नाम है, द्वारा बिहार में स्थापित की गई यह इकाई राज्य में औद्योगिक निवेश के बढ़ते रुझान का स्पष्ट संकेत है। प्रारंभिक चरण में यह इकाई 250 अत्याधुनिक मशीनों और 100 कुशल कर्मियों के साथ कार्य आरंभ कर रही है, जिनमें लगभग 60 प्रतिशत महिलाएं हैं। आगामी 3-4 महीनों में 300 अतिरिक्त कर्मियों की



नियुक्ति की योजना है जबकि अगले 18 महीनों में इकाई का विस्तार 500 मशीनों एवं 1,200 कर्मचारियों तक किया जाएगा। यह इकाई अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पुरुष परिधान (शर्ट) के निर्माण हेतु डिजाइन की गई है तथा वैश्विक ब्रांड्स की आपूर्ति श्रृंखला में बिहार को एक प्रतिस्पर्धात्मक एवं विश्वसनीय विकल्प के रूप में स्थापित करने में सहायक होगी। इस अवसर पर आर.के. इंडस्ट्रीज की निदेशक किरण अग्रवाल ने कहा हम बिहार में निवेश को लेकर अत्यंत आशान्वित हैं। राज्य सरकार के सक्रिय सहयोग से मात्र चार माह की अवधि में इस इकाई की स्थापना संभव हो सकी। हम यहां दीर्घकालिक औद्योगिक संभावना देखते हैं और राज्य की कुशल मानव संसाधन उपलब्धता तथा प्रतिस्पर्धात्मक लागत को देखते हुए परिधान उद्योग में अग्रणी भूमिका निभाने हेतु प्रतिबद्ध हैं। मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने अपने संबोधन में सुझाव दिया कि कंपनी स्थानीय महिला कार्यबल को सशक्त बनाने के उद्देश्य से जीविका समूहों के साथ समन्वय स्थापित करे।

# गांधी परिवार ने सत्ता का उपयोग देश को लूटने के लिए किया : ऋतुराज सिन्हा

**पार्टी के चंदे के पैसों से 90 करोड़ का ऋण दिया और सम्पत्ति गांधी परिवार के नियंत्रण में आ गया**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि देश का दुर्भाग्य रहा है कि जिन परिवारों ने आजादी के नाम पर राजनीति की विरासत संभाली, उन्होंने सत्ता का उपयोग देश को लूटने के लिए किया। नेशनल हेराल्ड घोटाला इसका सबसे ज्वलंत उदाहरण है। लेकिन भारत आज उस पड़ाव पर है जहां लोकतंत्र, पारदर्शिता और जवाबदेही की नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। ऐसे समय में नेशनल हेराल्ड केस और अन्य मामलों में चल रही कानूनी प्रक्रियाएं यह संदेश देती हैं कि



अब कोई भी व्यक्ति या परिवार कानून से ऊपर नहीं है। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड अखबार की स्थापना आजादी से पहले एक उच्च आदर्श के तहत हुई थी। किंतु समय के साथ कांग्रेस सरकारों द्वारा उसे मिली जमीनों और संसाधनों का उपयोग निजी लाभ के लिए किया जाने लगा। पार्टी के चंदे के पैसों से 90 करोड़ का ऋण दिया गया और बाद में राहुल गांधी की 'यंग इंडियन लिमिटेड' नामक कंपनी के माध्यम से यह सम्पत्ति गांधी परिवार के नियंत्रण में आ गई। इसी प्रकार 'नौकरी के बदले जमीन' घोटाले में लालू परिवार की भूमिका पर भी कानून जांच कर रहा है। ये दोनों उदाहरण इस बात को दर्शाते हैं कि किस तरह सत्ता और संसाधनों का दुरुपयोग हुआ। ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में आज का भारत बदल चुका है। अब चाहे कितना भी बड़ा नाम हो, हर किसी को अपने कार्यों का उत्तरदायित्व लेना होगा। अब कोई भी परिवार, चाहे गांधी हो या यादव, कानून के सामने उनके काले कारनामे पदार्फाश होकर रहेंगे। उन्होंने कहा कि नए भारत में नेताओं को अब यह समझना होगा कि जनता की सेवा का मतलब अपनी जेब भरना नहीं है। बल्कि वे स्वयं आत्मनिर्भर बनें, अपनी आजीविका के साधन ईमानदारी और परिश्रम से स्थापित करें, ताकि राजनीति में वे केवल सेवा भाव और राष्ट्रहित के उद्देश्य से कार्य कर सकें।

# बिहार युवा कांग्रेस ने पटना के सचिवालय हाल्ट स्थित रेल रोको प्रदर्शन किया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास के नेतृत्व में युवा कांग्रेस के साथियों ने नेशनल हेरल्ड मामले में दाखिल चार्जशीट में सोनिया गांधी और राहुल गांधी को नामजद किए जाने को बेबुनियाद बताते हुए ट्रेन का परिचालन पटना स्थित गर्दनीबाग हाल्ट पर बाधित किया। यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीबदास ने बताया कि इडी ने मनी लॉन्ड्रिंग का कैसे किया है, लेकिन इसमें कोई भी बैंकिंग ट्रांजैक्शन नहीं हुआ है, यह कंपनी धारा 25 के अंतर्गत खोला गया है जिसमें नोट पर प्रॉफिट के अंतर्गत आता है और जिसमें कंपनी को डिविडेंड भी नहीं मिलता है। उसके



बावजूद मोदी सरकार नेता प्रतिपक्ष के छवि को धूमिल करने की कोशिश करना चाहते हैं, दर्ज चार्जशीट बिल्कुल ही निराधार है। प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास का कहना था कि पिछले कुछ दिनों में जिस तरह राहुल गांधी देशभर में भारतीय जनता पार्टी की सरकार की संविधान विरोधी गतिविधियों और मोदी सरकार में पिछड़ी जातियों की लगातार हो रही अवहेलना पर अपना स्वर बुलंद कर रहे थे इसी से घबराकर ये चार्जशीट दाखिल की गई है ताकि उनकी आवाज दबाई जा सके। आगे बोलते हुए उन्होंने कहा कि ये सिर्फ बानगी भर है यदि मोदी सरकार अपनी ओछी हरकतों से बाज नहीं आएगी तो प्रदर्शन और भी ज्यादा उग्र होंगे। कांग्रेस सदैव सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की नीति में विश्वास करती है और इसी क्रम में दलितों, पिछड़ों, वंचितों की आवाज उठाना कांग्रेस नेतृत्व के लिए कुछ भी नया नहीं है और किसी भी सूरत में युवा कांग्रेस अपने नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में समान अवसर और सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ती रहेगी। इस अवसर पर बिट्टू यादव, कुमार रोहित, मुकुल यादव, अमरदीप कुमार, आशुतोष त्रिपाठी, नीरज झा, सद्दाम, बदाल, सोनू कुमार ठाकुर, युवा कांग्रेस साथी उपस्थित थे।

# विपक्ष की सोच चरवाहा विद्यालय तक सीमित थी : अशोक चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने शुक्रवार को जदयू के प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए आमजनों और पार्टी कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिया। जनता दरबार के बाद चौधरी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बीते 20 वर्षों में बिहार को जंगलराज से निकालकर विकास की मुख्यधारा में ला खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि जहां विपक्ष की सोच चरवाहा विद्यालय तक सीमित थी। वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच के तहत प्रदेश में आईटीआई, पॉलिटेक्निक और इंजीनियरिंग कॉलेजों की स्थापना की



गई। उन्होंने विपक्ष पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि तेजस्वी यादव और उनके पिता लालू प्रसाद यादव को यह स्पष्ट करना चाहिए कि उन्होंने अपने कार्यकाल में बिहार के लिए क्या किया। इसके विपरीत नीतीश कुमार ने मात्र 24,000 करोड़ के बजट वाले बिहार को 3.25 लाख करोड़ के बजट वाला विकसित राज्य बनाया। अशोक चौधरी ने यह भी बताया कि नीतीश सरकार ने विभिन्न विभागों का गठन कर योजनाबद्ध तरीके से विकास कार्य किए हैं जिससे राज्य के हर वर्ग और क्षेत्र को लाभ मिला है। उन्होंने दोहराया कि आज का बिहार प्रगति, पारदर्शिता और जनकल्याण का पर्याय बन चुका है और इसका श्रेय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सक्षम और ईमानदार नेतृत्व को जाता है। जनता दरबार में जदयू के कई नेता मौजूद थे।

# कांग्रेस ने जारी किया 'महिला की बात कांग्रेस के साथ' पोस्टर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले कांग्रेस ने भी महिलाओं को अपनी पार्टी से जोड़ने की मुहिम शुरू कर रही है। शुक्रवार को यहां कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा, बिहार प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, विधायक दल के नेता शकील अहमद खान, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मदन मोहन झा, विधायक प्रतिमा दास आदि ने 'चर्चा महिला की बात कांग्रेस के साथ' का पोस्टर जारी किया। इस दौरान आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अलका लांबा ने कहा कि महिला की बात कांग्रेस के साथ अभियान 20 अप्रैल से 31 अप्रैल तक चलेगा। उन्होंने कहा कि



बिहार को लेकर हम लोग घोषणा नहीं न्याय पत्र तैयार कर रहे हैं। इसी क्रम में महिला की बात कांग्रेस के साथ कार्यक्रम की शुरूआत होने जा रही है। 20 अप्रैल को इसकी शुरूआत होगी। हर पंचायत और प्रखंड में ये बैठक होगी। इसके तहत हम लोग आधी आबादी से मिलेंगे और चर्चा करेंगे। इसके तहत हर पंचायत और प्रखंड में महिला संवाद शिविर आयोजित किए जाएंगे जहां आंगनबाड़ी सेविकाएं, सहायिकाएं, जीविका दीदियां, रसोइया महिलाएं और समाज की अन्य महिलाएं भाग लेंगी। लांबा ने कहा कि हम सिर्फ घोषणा नहीं कर रहे, बल्कि एक न्याय पत्र तैयार कर रहे हैं जिसमें महिलाओं की समस्याएं और उनके समाधान दर्ज होंगे। वहीं, भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने महिलाओं को सिर्फ ठगा है। नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में हुए सामूहिक बलात्कार की जांच तक नहीं हुई। कांग्रेस सत्ता में आएगी तो हर क्षेत्र में काम कर रही महिलाओं के मानदेय को बढ़ाया जाएगा। उन्होंने बताया कि कांग्रेस ने पहले ही बिहार के दो जिलों में सेनेटरी वेंडिंग मशीनें लगवाई है जहां हजारों महिलाएं सेनेटरी पैड तैयार कर स्वच्छता के साथ-साथ रोजगार भी पा रही हैं। लांबा ने कहा कि महिला कांग्रेस इस बार विधानसभा सत्र में चार सीटों पर महिलाओं की आवाज बुलंद करेगी और इस भ्रष्ट सरकार को घेरने का काम मजबूती से करेगी। कांग्रेस के इस अभियान को बिहार की राजनीति में महिलाओं की भागीदारी और मुद्दों को केंद्र में लाने की एक अहम पहल के रूप में देखा जा रहा है। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि बिहार में महिलाओं के लिए योजनाएं तो बनती हैं, लेकिन अपराध और भ्रष्टाचार के कारण वे जमीनी हकीकत में तब्दील नहीं हो पातीं। कांग्रेस इस स्थिति को बदलने के लिए प्रतिबद्ध है। कांग्रेस अब महिलाओं से उनके पास जाकर संवाद करेगी।

# मसौढ़ी एवं भगवानगंज इलाके में मोरहर नदी से हो रहा अवैध बालू और मिट्टी खनन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी में बालू और मिट्टी पर माफियाओं की काली नजर पर पड़ गई है। ऐसे में इन दिनों जेसीबी लगाकर मोरहर नदी से इन दिनों अवैध रूप से चोरी-छिपे कई जगहों पर बालू और मिट्टी का खनन लगातार जारी है। खास कर भगवानगंज और मसौढ़ी थाना क्षेत्र के आसपास के इलाकों में बालू और मिट्टी का अवैध खनन बेरोक टोक चल रहा है। मसौढ़ी के मोरहर नदी से रात-दिन जेसीबी मशीन के द्वारा खनन अवैध रूप से चोरी छिपे चल रहा है। जेसीबी मशीन से ट्रैक्टर ट्रॉली के



सहारे गंतव्य स्थान तक बालू और मिट्टी को भेजा जा रहा है। इसके आहार एवं पइन के अलावा छोटी-बड़ी नदियों से लगातार मिट्टी का खनन किया जा रहा है। इस पूरे मामले में खनन विभाग के पदाधिकारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जहां-जहां से सूचना मिलती है, वहां पर छापेमारी कर मशीन और ट्रैक्टर को जब्त कर रहे हैं। हालांकि पुलिसिया कार्रवाई से अवैध खनन पर कुछ दिन तक रोक लगी थी, लेकिन एक बार फिर से भगवानगंज में इन दिनों एक बार फिर से बालू और मिट्टी खनन का कार्य शुरू हो गया है।

# कांग्रेस का चुनावी घोषणा पत्र बनेगा बिहार की महिलाओं की आवाज : अलका लांबा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर महिला कांग्रेस ने महिलाओं की जरूरतों, उनकी आकांक्षाओं और उम्मीदों को चुनावी घोषणा पत्र में शामिल कराने हेतु 'महिला की बात, कांग्रेस के साथ' कैंपेन लांच किया। इस कैंपेन में महिलाओं के बीच सीधा संवाद करने के लिए महिला कांग्रेस की कॉर्डिनेटर प्रखंडों तक महिलाओं की आकांक्षाओं को सीधा संवाद करके उसे चुनावी घोषणा पत्र में शामिल करेगी। ये बातें बिहार कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में संवाददाता सम्मेलन में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमिटी की अध्यक्ष अलका लांबा ने कही। उन्होंने कहा कि हम भारतीय जनता पार्टी की तरह बंद कमरों और एसी कार्यालयों में बैठकर घोषणा पत्र नहीं बनाते हैं, बल्कि गांवों और सड़कों पर जाकर सीधा संवाद स्थापित करके चुनावी घोषणापत्र का निर्माण करते हैं। इस कैंपेन के माध्यम से महिला कांग्रेस के कार्यकर्ता महिलाओं से लोकसभा वार, जिला वार, विधानसभा वार और प्रखंड वार जाकर सीधा संवाद स्थापित करेंगी। महंगाई, कमाई, दवाई, पढ़ाई और सुरक्षा पर महिलाओं से खुला संवाद, समूह संवाद और सुझाव (पर्सनल/डिजिटल) लेने के लिए संवाद कार्यक्रम स्थापित करके उनके द्वारा उठाएं गए मुद्दों को चुनावी घोषणा पत्र में स्थान देंगे। इसके लिए पटना में दो दिनों का प्रशिक्षण शिविर महिला कांग्रेस संचालित करेगी और उसके बाद क्षेत्रों में प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं को भेजेंगे। ये कार्यक्रम डेढ़ महीने यानी मई के अंत तक चलेगी।

# जागरुकता वाहन से महिला संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ

**सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में दी गई जानकारी**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दानापुर।** प्रखण्ड के मुबारकपुर रघुरामपुर पंचायत स्थित लोदीपुर गांव में अरुण पुस्तकालय परिसर में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा शुरूआत किया गया। महिला संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार और प्रखंड परियोजना प्रबंधक पिंकी कुमारी के द्वारा संयुक्त रूप से किया। इस दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार ने महिला संवाद कार्यक्रम में उपस्थित सैकड़ों महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में ठोस प्रयास किया जा रहा है एवं साथ ही उनके सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण हेतु विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम एवं योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। महिला संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य है कि महिलाओं से खुले रूप से सार्थक चर्चा एवं संवाद स्थापित करना है। ताकि महिलाएं अपने गांव या टोलों की समस्याओं एवं आकांक्षाओं को चिन्हित कर उनके समाधान के संबंध में अपना अभिमत सहज तरीके से उपलब्ध करा सके तथा साथ ही साथ सामाजिक विकास से संबंधित मुद्दों पर भी अपना मंतव्य प्रदान कर सके। प्रखंड परियोजना प्रबंधक पिंकी कुमारी ने भी महिला संवाद कार्यक्रम के दौरान महिलाओं से बातचीत करते हुए बतायी कि महिला संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य की महिलाओं को सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना और उसे सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। महिला संवाद के तहत महिला सशक्तिकरण नीति, शराबबंदी, आरक्षण, दहेज प्रथा, बाल विवाह, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, छात्र पोशाक योजना एवं जीविका के सभी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना है।

CMYK

# सीएम नीतीश कुमार ने किया रोहतास जिले में महिला संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ

## साढ़े चार लाख महिलाओं के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा पूरे राज्य में महिला संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ पटना से जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए किया गया। इस अवसर पर जिला समाहरणालय रोहतास में उप विकास आयुक्त, जिला पंचायत राज पदाधिकारी एवं जिला स्तरीय पदाधिकारीगण तथा जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महिला संवाद शुभारंभ कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। आज से जीविका के ग्राम संगठन स्तर पर 1609 ग्राम संगठनों में जिले की लगभग साढ़े चार लाख महिलाओं के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उप विकास आयुक्त द्वारा बताया गया कि आज से प्रत्येक 14 प्रखंडों में जीविका द्वारा गठित ग्राम संगठन में महिला संवाद का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक दिन 28 गांवों में यह महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन प्रचार वाहन के माध्यम से किया जाएगा, जो जून 2025 तक प्रतिदिन चलेगा और कुल 1609 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित होगा। प्रत्येक कार्यक्रम में 200-250 महिलाओं को भाग लेने हेतु जीविका द्वारा आमंत्रित किया जा रहा है। प्रत्येक कार्यक्रम में प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी भी रोस्टर अनुसार भाग लेंगे। इस महिला संवाद के सफल संचालन हेतु जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तर पर अनुश्रवण समिति गठित की गई है। वही प्रखंड विकास अधिकारी प्रखंड स्तर पर पूरे महिला संवाद का नेतृत्व कर रहे हैं। जिला और प्रखंड में नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। प्रत्येक कार्यक्रम में बिहार सरकार की महिला सशक्तिकरण की योजनाओं के बारे में लघु फिल्म दिखाया जाएगा साथ ही लाभान्वित कुछ स्थानीय लाभान्वित महिलाओं द्वारा अपना अनुभव साझा किया जाएगा और आगे अपने समाज की उन्नति के लिए योजनाओं को क्रियान्वयन करने और नई योजना लाने हेतु महिलाओं के द्वारा चर्चाएं और मांग की जाएगी। इन मांगों को लिपिबद्ध कर स्थानीय प्रशासन को उपलब्ध कराया जाएगा ताकि उनका समाधान हो जाय। बड़ी या नये प्रकार के कार्यों यथा नीति निर्माण के योग्य मांगों को बिहार सरकार को प्रेषित किया जाएगा जिस पर सरकार अमल करते हुए समाज को महिलाओं के मांग के अनुरूप योजना बनाकर विकास करेंगे।

प्रत्येक दिन दो सत्रों में 14 प्रखंडों में 28 स्थानों पर महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन होना है। प्रथम सत्र का आयोजन प्रातः 09 से 11 बजे एवं द्वितीय सत्र का आयोजन अपराह्न 04 से 06 बजे तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में संबंधित ग्राम की सभी निवासित महिलाओं को शामिल होना है। नोखा प्रखंड के रामनगर में प्राथमिक विद्यालय में कालिका जीविका ग्राम संगठन में आयोजित संवाद कार्यक्रम में प्रभारी जिलाधिकारी सह उप विकास आयुक्त विजय कुमार पांडेय सर द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय अनुश्रवण समिति के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समूह सदस्य रीता देवी, छात्रा आशा कुमारी और खुशबू कुमारी द्वारा अपने अनुभव साझा किया गया। आशा कुमारी साइकिल योजना और खुशबू कुमारी छात्रवृत्ति योजना से लाभान्वित हैं। रीता देवी समूह से जुड़ कर बैंक आना जाना सबसे बेखौफ होकर बात करना सीख गई।

# आरपीएफ की टीम ने देसी शराब के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन सोन के सहायक उप निरीक्षक मनोज कुमार चौधरी साथ स्टाफ एवं स्थानीय थाना डालमियानगर के सहायक अवर निरीक्षक प्रमोद कुमार साथ स्टाफ संयुक्त रूप से रेलवे स्टेशन डिहरी ऑन सोन एरिया में गश्त व निगरानी कर रहे थे। इस दौरान प्लेटफार्म संख्या 02 एवं 03 के पूर्वी छोड़ पर एक व्यक्ति मुन्ना कुमार, करीब 19 वर्ष पिता रामनाथ शर्मा, निवासी मस्जिद के पीछे वार्ड संख्या 3 नासरीगंज, थाना-नासरीगंज जिला-रोहतास (बिहार) को करीब 10 लीटर ब्ल्यू लाइम देसी शराब के साथ पकड़ा गया जिसे मौके की सभी आवश्यक कार्रवाई करते हुए अग्रिम कार्रवाई वास्ते स्थानीय थाना डालमियानगर को सुपुर्द किया गया।

# चौधरी चौक पर लगाए गए बैरियर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढी गोला।** डालमियानगर रोहतास उद्योग समूह के आवासीय क्वार्टर से गुजरने वाले बालू लदे भारी वाहनों के परिचालन पर ऑफिशियल रिक्रूटेटर मोहित कुमार के द्वारा रोक लगाने को लेकर पत्रांक 570/25 के अनुसार जिला पदाधिकारी पुलिस अधीक्षक अनुमंडल पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी के पास लिखे गए पत्र एवं कंपनी जज के आदेश 22/11/24 की आलोक में अनुमंडल प्रशासन के द्वारा शुक्रवार को बीडीओ अजीत कुमार एवं प्रभारी सी.ओ संजय कुमार के देखरेख में थाना क्षेत्र के पुलिस पदाधिकारी की उपस्थिति में चौधरी चौक छाई रोड के रास्ते में लोहा के पोल गारकर बालू लदे ट्रक पर रोक लगाने को लेकर बैरियर लगाते हुए हाइट गेज बैरियर लगाया गया। इसके पूर्व मौनिया बीघा के पास उद्योग समूह द्वारा हाइट गेज बैरियर लगाया गया है।



अधिकारियों ने बताया कि अवैध बालू लदे वाहनों के परिचालन पर रोक लगाने को लेकर न्यायालय के द्वारा दिए गए आदेश के अनुसार जगह-जगह बैरियर लगाए जा रहे हैं जिसमें आज प्रशासन के देखरेख में चौधरी चौक पर बैरियर लगाई गई, वही स्टेशन रोड एवं छाई रोड में भी बैरियर लगाई जाएगी। थानाध्यक्ष सुशांत कुमार मंडल ने बताया कि विधि व्यवस्था एवं न्यायालय के आदेश के अनुसार लगाई गई रोक के अनुसार जगह-जगह बैरियर लगाई जा रही है। बालू लदे वाहनों पर पूर्ण रूप से रोक लगाई गई है।

# आर्थिक उन्नति में महिलाओं की भागीदारी आवश्यक : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** महिला सशक्तिकरण की दिशा में बिहार सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न नवाचारों और योजनाओं की श्रृंखला में एक और उल्लेखनीय पहल करते हुए कैमूर जिले के अखलासपुर पंचायत के जीविका 'प्रयास ग्राम संगठन' में महिला संवाद कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिले के जिला पदाधिकारी स्वयं उपस्थित होकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया तथा कार्यक्रम को संबोधित किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि 'गांव की सामाजिक और आर्थिक उन्नति में महिलाओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। महिला संवाद कार्यक्रम महिलाओं को एक ऐसा मंच प्रदान करता है जहां वे बिना किसी संकोच के अपने गांव और टोले की समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रख सकती हैं।'

उन्होंने उपस्थित महिलाओं से आग्रह किया कि वे अपने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को चिन्हित करें और उनके संभावित समाधानों पर प्रशासन को सुझाव दें। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ सभी पात्र महिलाओं तक पहुंचे, इसके लिए महिलाओं को स्वयं जागरूक होकर आगे आना होगा। महिला संवाद कार्यक्रम का मूल उद्देश्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, विशेषकर महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, स्वच्छता, स्वरोजगार, सामाजिक सुरक्षा और पंचायत स्तरीय भागीदारी से संबंधित योजनाओं की जानकारी देना तथा उन्हें इन योजनाओं के निर्माण एवं क्रियान्वयन में सहभागी बनाना। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं की समस्याओं, आकांक्षाओं एवं उनके अनुभवों को प्रत्यक्ष रूप से प्रशासन तक पहुंचाना भी एक प्रमुख लक्ष्य है जिससे सरकार नीति निर्माण के स्तर पर 'नीचे से ऊपर' के दृष्टिकोण को अपनाते हुए अधिक सटीक और प्रभावी योजनाएं बना सके। कार्यक्रम में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। उन्होंने अपने-अपने गांवों की समस्याएं जैसे-जलनिकासी, सड़क की स्थिति, विद्यालयों की दशा, पोषण से संबंधित मुद्दे, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी, रोजगार के अवसर आदि पर खुलकर चर्चा की। महिलाओं ने यह भी साझा किया कि जीविका समूहों के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में काफी मदद मिली है और वे अब अपने परिवारों और समुदायों में निर्णय लेने की भूमिका निभाने लगी हैं। इस संवाद कार्यक्रम ने महिलाओं को केवल अपने मुद्दे रखने का अवसर ही नहीं दिया, बल्कि उन्हें प्रेरणा, जागरूकता और अधिकारों की समझ भी प्रदान की। कार्यक्रम में उपस्थित जीविका दीदियों ने समूह संचालन, स्वरोजगार, बैंकिंग, डिजिटल लेन-देन आदि विषयों पर भी अपने अनुभव साझा किया। कार्यक्रम के अंत में जिला पदाधिकारी ने आश्वासन दिया कि महिला संवाद कार्यक्रम को जिले के अन्य पंचायतों में भी चरणबद्ध रूप से आयोजित किया जाएगा। ताकि अधिक से अधिक महिलाओं तक यह प्रयास पहुंचे। साथ ही प्राप्त सुझावों और समस्याओं को एकत्र कर संबंधित विभागों को कार्रवाई हेतु भेजा जाएगा। महिला संवाद कार्यक्रम जिले के सभी प्रखंडों में आयोजित किया जा रहा है। मौके पर निदेशक डीआरडीए, प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी तथा जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# चैता गायन हमारी सांस्कृतिक परंपरा का विभिन्न अंग : डॉ निर्मल कुशवाहा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**तिलौथू (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के तिलौथू राखियान के बिगहा गांव खेल मैदान में श्रीराम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर गुरुवार की रात समाजसेवी कृष्ण कुमार सिंह उर्फ विधायक जी के नेतृत्व में भव्य दुगोला चैता महा मुकाबले का आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में अरवल और बक्सर की टीमों के बीच चैता का रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। कृष्णा सिंह उर्फ विधायक जी ने आगत अतिथियों को अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत भोजपुरी लोकगीतों की प्रसिद्ध गायिका रिमझिम कुमारी की मनमोहक प्रस्तुति 'सजा दो घर को गुलशन सा, अवध में राम आए हैं...' से हुई जिसने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। इससे पूर्व दोनों टीमों के व्यासों ने अपने उद्बोधन में वर्तमान परिवेश में संस्कृति के क्षरण पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि राम जन्मोत्सव के अवसर पर गाए जाने वाले लोकगीत आज हमारी सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा बन चुके हैं। इन लोक विधाओं के संरक्षण का संकल्प भोजपुरी समाज के सभी कलाकारों ने लिया है। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. निर्मल कुशवाहा एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारी कृष्णदेव चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर डॉ. कुशवाहा ने कहा कि चैत्र का महीना अत्यंत पावन होता है, इसी माह मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था। चैता गायन हमारी सांस्कृतिक परंपरा का अभिन्न अंग है। यह देखकर हर्ष होता है कि यहां के युवा अपनी संस्कृति के संरक्षण में जुटे हुए हैं। वहीं कृषि पदाधिकारी कृष्णदेव चौधरी ने युवाओं के इस प्रयास को प्रेरणास्त्रोत बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से समाज में भाईचारा और मेलजोल को बढ़ावा देते हैं। मंच का संचालन पूर्व प्रखंड प्रमुख एवं रालोसपा के जिलाध्यक्ष कपिल कुमार ने अत्यंत प्रभावशाली ढंग से किया। चैता मुकाबले की शुरूआत अरवल टीम की भैरवी राग में प्रस्तुत चैता से हुई जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन प्रसिद्ध उद्घोषक खालिक ने किया जिनकी शैली ने दर्शकों में जोश भर दिया। चैता मुकाबला रातभर चलता रहा और कार्यक्रम सुबह तक पूरे उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान श्रोता पूरी रात झूमते नजर आए। कार्यक्रम में स्थानीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य मैकू राम, मुखिया संघ के अध्यक्ष उमेश कुमार, भाजपा नेता छोटी ओझा, ऋतुराज उपाध्याय, मंतोष शुक्ला, पैक्स अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, राजकुमार सिंह, सूरज देव यादव, चंदेश्वर सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे। यह आयोजन न केवल सांस्कृतिक जागरूकता का परिचायक बना, बल्कि लोक परंपराओं के संरक्षण की दिशा में एक मजबूत पहल के रूप में भी देखा गया।






# विकेएसयू कर्मचारी महासंघ के मंत्री ने दिया इस्तीफा

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** बिहार राज्य विश्वविद्यालय महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ के प्रक्षेत्रीय मंत्री राधा रमन सिंह ने शुक्रवार को त्यागपत्र दे दिया है। श्री सिंह ने संघ के महामंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि अपनी क्षमता एवं प्रतिभा के अनुरूप व निष्ठा पूर्वक कर्मचारी हित में अपने दायित्व का निर्माण करते रहे हैं। उन्होंने कहा है कि कुछ समय से मुझे आभास हो रहा है कि कर्मचारियों की उम्मीद पर वह खड़ा नहीं उतर पा रहे हैं।

# 15 हजार की साइबर ठगी

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** पश्चिमी मोहन बिगहा निवासी संतोष कुमार ने अपने 12 वर्षीय किशोर पुत्र से यूट्यूब पर सब्सक्राइब बढ़ाने के नाम पर 15265 रुपए साइबर ठगी की प्राथमिकी नगर थाने में कराया है। पुलिस के अनुसार संतोष ने कहा है कि उनके पुत्र से व्हाट्सएप चैट करके पैसों का डिमांड किया गया। उसके बताए स्कैनर पर पेटीएम द्वारा उनके पुत्र ने विभिन्न तिथियां को 15265 रुपए ट्रांसफर किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बहू के परिजनों ने की पिटाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** न्यू डिलिया निवासी कुसुम देवी ने अपनी बहू की मां, भाई व अन्य पर पिटाई कर घायल करने की प्राथमिकी कराई है। पुलिस के अनुसार कुसुम देवी के छोटे बेटे अनिल प्रसाद की शादी सासाराम के शोभागंज निवासी मुन्ना प्रसाद की पुत्री रिंकी कुमारी के साथ नवंबर 2024 में हुई थी। मौके आने पर कुछ दिन ठीक-ठाक रहने के बाद पति व अन्य से अनावश्यक विवाद करना गाली गलोज करना प्रारंभ किया। इसके बाद वह मायके चली गई 14 मार्च को वह मायके से यहां ससुराल आई। कुछ दिन ठीक रहने के बाद उत्पाद मचाना शुरू किया। वह अपने पति को प्रतिदिन घूमने के लिए डिहरी बाजार चलने को बोलती थी। पति मजदूरी कर पालन पोषण में लगे रहने के कारण नियमित बाजार घुमाने में असमर्थता जताता था जिसे ले उसने ससुराल में अनावश्यक विवाद प्रारंभ किया। गुरुवार को उसने यहां अपनी मां और भाई को बुलाई। वे आते ही कुसुम देवी पर हमला बोल दिए। मारपीट करने लगे उसकी आवाज सुन बड़ी बहू कमलावती देवी बचाने आई उसको भी मारपीट किया गया। छोटी बहू ने भी सर पर मारा जिससे उसे काफी गंभीर चोट लगी है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# शौंडिक युवा मंच के अध्यक्ष बने अंबुज कुमार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय निरंजन बिगहा स्थित एक होटल में गुरुवार देर रात डिहरी डालमियानगर शौन्डिक युवा मंच की बैठक हुई। अम्बूज कुमार अध्यक्ष, रंजीत कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष, सरोज कुमार गुप्ता सचिव, दिलीप कुमार गुप्ता चुने गए। जल्द ही कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा। मंच का चुनाव 15 सदस्यीय निर्देशक मंडल की देखरेख में सम्पन्न हुआ। निर्देशक मंडल में इं. सुरेन्द्र प्रसाद, प्रो जगनारायण प्रसाद, प्रो राम प्रकाश, बिनोद कुमार गुप्ता, उदय शंकर, कृष्णा नंद शौन्डिक, सिद्धनाथ प्रसाद, दिलीप कुमार गुप्ता, काशी प्रसाद, विनय कुमार गुप्ता, सिद्धेश्वर प्रसाद उर्फ (भोला जी) राज कुमार गुप्ता, सत्यनारायण प्रसाद, काशी प्रसाद, शशि कुमार (गांधी नगर) शामिल थे। अध्यक्षता इ. सुरेन्द्र प्रसाद व संचालन प्रो जगनारायण प्रसाद ने किया। बैठक के दौरान समाज के बनारसी प्रसाद, घूरा जी, अमित गुप्ता, अतुल साहू, मुरारी गुप्ता, निलेश गुप्ता (स्टेशन रोड), अशोक कुमार गुप्ता, दीपक गुप्ता, रोहित गुप्ता, सनी साहू, श्रीकांत गुप्ता, सितेश गुप्ता, ऋतिक कुमार, योगेश्वर प्रसाद, प्रदीप कुमार, सुनील गुप्ता, राहुल कुमार, विशाल कुमार, सुमित कुमार, मनीष गुप्ता, अशोक कुमार, विकास गुप्ता, मोतीलाल गुप्ता उपस्थित थे।

# बहला-फुसलाकर भगायी नाबालिग लड़की महाराष्ट्र पुलिस की अभिरक्षा में

**नासरीगंज (नबिटा सं.)।** काराकाट थाना क्षेत्र के नान्हों गांव से एक नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने का मामला 5 अप्रैल 2025 को दर्ज हुआ था। नान्हों गांव निवासी पूनम देवी पति जितेंद्र प्रसाद ने नाबालिग को भगाने के मामले में दो लोगों को आरोपी बनाया था। नान्हों गांव निवासी आदित्य कुमार पिता श्याम सुंदर प्रसाद, करूप गांव निवासी रवींद्र पांडेय को आरोपित की थी। थानाध्यक्ष भागीरथ कुमार ने बताया कि नाबालिग लड़की की खोजबीन जारी था। सूचना मिली है कि महाराष्ट्र राज्य के जिला थाणे के विरार थाना की पुलिस अभिरक्षा में लड़की है। बताया गया कि बरामद लड़की का बयान के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 18 आरोपित गिरफ्तार

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के 18 आरोपितों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में हत्या कांड, पॉक्सो एक्ट, विविध कांड, चोरी, शराब तस्कर, वारंटी शामिल है। 13 लीटर देशी शराब, एक मोबाइल, ई रिक्शा बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन कराने को वाहन जांच अभियान में एक लाख 64 हजार रुपए जुर्माने की राशि वसूली गई।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**नासरीगंज (नबिटा सं.)।** बिक्रमगंज नासरीगंज एनएच -120 पर गुरुवार की रात गोड़ारी पंप के पास एक बाइक सवार ने एनएच-120 के किनारे खड़ा एक हाइवा में जोरदार टक्कर मारा जिसमें बाइक सवार जख्मी हो गया। घटना रात्रि करीब दस बजे का बताया जाता है। जख्मी बाइक सवार व्यक्ति की पहचान कायस्थ बहुआरा गांव निवासी श्री भगवान सिंह पिता स्व. वकील सिंह के रूप में हुई। जख्मी व्यक्ति की पहचान उसका भाई मधु कुमार ने पुलिस को बताया। गश्ती पुलिस के दौरान एसआई रमण कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तो जख्मी बाइक सवार को इलाज के लिए सीएचसी (गोड़ारी) ले जाकर इलाज कराया, लेकिन ज्यादा जख्मी होने की वजह से डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# शहीद भूलन शाह की मजार पर जलसा का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर (कैमूर)।** भभुआ प्रखंड के पलका गांव से है जहां भूलन शाह शहीद के मजार पर उर्स के मौके पर जलसा का आयोजन कार्यक्रम में पहुंचे बसपा नेता सह भभुआ जिला पार्षद सदस्य विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल जहां मुस्लिम समाज ने किया भव्य स्वागत। मौके पर बसपा नेता विकास सिंह ने बताया कि भूलन शाह शहीद के मजार पर उर्स के मौके पर गांव में जलसा कराया जा रहा है जहां बाहर के आए हुए सभी वक्ताओं ने भारत में गंगा जमुनी तहजीब को बढ़ावा देते हुए भारत में एकता अखंडता सुंदर हिंदुस्तान बनाने की बात कही। वहीं मौके पर विकास सिंह ने कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है जहां एक दूसरे का सम्मान करना हमारा परम कर्तव्य है। देश में भाईचारा और समाज में एकता और अखंडता बहुत जरूरी है तभी हमारा भारत मजबूत और सशक्त बनेगा। भूलन शाह शाहिद के मजार पर माथा टेक कर देश में अमन चैन की दुआ मांगी।



# सिटी एसपी के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चला

**गया।** जिले के एसएसपी आनंद कुमार के निर्देशानुसार सिटी एसपी रामानंद कुमार कौशल के नेतृत्व में केंद्रीय कारा, गया में विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। इस अभियान में एडीएम विधि व्यवस्था कुमार पंकज, जेल सुप्रिटेंडेंट तथा अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी भी सक्रिय रूप से शामिल रहे।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

ई–निविदा सूचना सं.: पूमरे–मुप्रअ–नि–उ–निविदा–25–24–25

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

ई–निविदा सूचना संख्या सं. – पूमरे–मुप्रअ–नि–उ–निविदा– 25–24–25, 1. कार्य का नाम : वेल्डिंग सामाग्री की आपूर्ति और 60 किग्रा/60 ई. आई.आर. 260 ग्रेड रेल जोड़ों की एल्युमिनो थर्मिक प्रक्रिया द्वारा वेल्डिंग, लघु वेल्डेड पैनल/दीर्घ वेल्डेड पैनल या अन्यथा, आरडीएसओ, अनुमोदित वेल्डिंग सामाग्री और तकनीकों के साथ, आरडीएसओं प्रमाणित सक्षम पर्यवेक्षकों और वेल्डर, ठेकेदारों के साथ अनुमोदित वेल्ड ट्रिमर का उपयोग, आईआरएस टी–19.2012 विनिर्देश के अनुसार रेल प्रोफाइल ग्राइंडर, जोड़ो की फिनिशिंग के लिए जनरेटर, हाजीपुर–सगौली नई रेल लाईन परियोजना के अन्तर्गत देवरिया से सुगौली के बीच वेल्डिंग भागों और उपकरणों के परिवहन और अनलोडिंग सहित। 2. कार्य का लगभग मूल्य : ₹1,62,77,899.35; 3. निविदा हेतु अग्रधन राशि जमा : ₹2,31,400/– ; 4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 08.05.2025, चौदह तीस बजे। 5. वेबसाइट का विवरण, नोटिस बोर्ड जहाँ पर निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहाँ पर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है इत्यादि : उपरोक्त ई– निविदा के ई–निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होगें एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/उत्तर/पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना के कार्यालय में देखा जा सकता है। द्रष्टव्य: निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट http://www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/
पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना

पीआर/0122/सीओएन–एमएचएक्स/कॉन/टी/25–26/52

# नेशनल फुटबॉल में वामिक खान का चयन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर (कैमूर)।** बिहार प्राधिकरण पटना जिला प्रशासन कैमूर के तत्वावधान में राज्य स्तरीय विद्यालय फुटबॉल अंडर 14 बालक प्रतियोगिता का आयोजन अंतर जिला फुटबॉल स्टेडियम भागलपुर में किया गया था जिसमें टीम प्रबंधक इम्तियाज अली कोच अशरफ अली के नेतृत्व में कैमूर के बालक फुटबॉल टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया था जिसमें कैमूर के वामिक खान ने अच्छा प्रदर्शन किया था जिससे वामिक खान का चयन नेशनल फुटबॉल खेल के लिए चयन किया गया है जो बिहार प्रांत के लिए राष्ट्रीय खेल में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे जो कैमूर के लिए गौरव की बात है। 22 अप्रैल से 1 मई तक महाराष्ट्र के मुंबई में आयोजित नेशनल खेल में अपना जलवा दिखाएंगे जो 20 अप्रैल को मुंबई के लिए रवाना किया जाएगा। मीडिया प्रभारी डा. तुलसी प्रसाद सिंह ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि वामिक खान पिता तौकीर खान, माता प्रवीण खातून छावनी मोहल्ला वार्ड नंबर 10 के निवासी हैं जो चिल्ड्रन एकेडमी केयर जोन भभुआ के छात्र हैं। अपना डेली प्रेक्टिस जगजीवन स्टेडियम भभुआ में करते हैं। बीच-बीच में अपने उत्कृष्ट कौशल प्रदर्शन के लिए उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा कैमूर ओम प्रकाश कुमार द्वारा सम्मानित भी किया गया है। बालक अंडर 14 फुटबॉल खिलाड़ी वामिक खान का चयन नेशनल फुटबॉल खेल में चयन होने पर उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा ओम प्रकाश कुमार, फुटबॉल के वरीय खिलाड़ी राम प्रसाद सिंह, बिरजू पटेल, कबीर अली, शारीरिक शिक्षक डॉक्टर तुलसी प्रसाद सिंह, दिलीप कुमार पटेल राजवंश दुबे, शौकत अली गद्दी, उमेश कुमार, मनोज पासवान, विजय पाल प्रधानाचार्य अरविंद श्रीवास्तव, विनोद कुमार पांडेय सहित सैकड़ों खेल प्रेमियों ने खुशी जाहिर करते हुए टीम प्रबंधन, कोच, खिलाड़ियों को बधाई दी है। साथ ही नेशनल खेल में जीत की अग्रिम शुभकामनाएं दी गई। इस आशय की जानकारी जिला खेल मीडिया प्रभारी डॉक्टर तुलसी प्रसाद सिंह ने दी।



# डबल इंजन की सरकार में बिहार का दोगुनी गति से हो रहा विकास : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नूरसराय(बिहारशरीफ)।** बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि डबल इंजन की सरकार के चलते राज्य में चौतरफा विकास हो रहा है। खेल से लेकर शिक्षा, सड़क से लेकर सिंचाई तक– हर क्षेत्र में बिहार की तस्वीर बदल रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सोच है कि मेडल लाओ, नौकरी पाओ–और इसी नीति के तहत अब खिलाड़ियों को सीधे सरकारी नौकरी दी जा रही है। मंत्री श्रवण कुमार शुक्रवार को नादियौना पंचायत के दहपर गांव में 60 लाख रुपए से अधिक की लागत से निर्मित विभिन्न विकास योजनाओं के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि दहपर उच्च विद्यालय में 13.11 लाख की लागत से चारदीवारी, 9.97 लाख की लागत से खेल परिसर, और बास्केटबॉल कोर्ट व पेवर ब्लॉक का निर्माण कराया गया है। इसके साथ ही तेजाबीघा गांव के वार्ड नं. 3 में मिट्टी भराई व ईंट सोलिंग का कार्य, केवई डीह गांव के वार्ड नं. 4 में 8.68 लाख की लागत से विकास कार्य और दहपर थाना परिसर में 7 लाख की लागत से चारदीवारी निर्माण का उद्घाटन किया गया। मंत्री ने कहा–आज बिहार का गांव शहर से सुंदर हो रहा है। हर गांव में सड़क, बिजली, शिक्षा और खेल की बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं। किसानों के लिए बिजली की मुक्कमल व्यवस्था से सिंचाई आसान हुई है और उत्पादन में वृद्धि हुई है। अब गरीब मजदूरों के बच्चे भी स्मार्ट क्लास में शिक्षा पा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार के विकास मॉडल को अब अन्य राज्य भी अपनाने लगे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उन्होंने बिहार का शिल्पकार बताया। इस अवसर थानाध्यक्ष रजनीश कुमार राय, प्रखंड प्रमुख रेखा देवी, उपप्रमुख अविनाश कुमार, निराला, बिट्टू कुमार, मनोज कुमार, विक्की कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, जीतेंद्र ठाकुर, शैलेंद्र गराई, चिक्कू सिंह, जनार्धन चंद्रवंशी, पिंटू पासवान, दिलीप पासवान एवं पूर्व मुखिया सहदेव प्रसाद सहित कई गणमान्य लोग पर उपस्थित थे।

# पत्नी ने रचा इश्क का जाल, प्रेमी संग मिलकर ली पति की जान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** जहां एक ओर प्यार को भगवान का रूप माना जाता है, वहीं नालंदा में यूपी के तर्ज पर एक पत्नी ने प्रेमी संग पति की जान ले ली। घटना गिरियक थाना क्षेत्र के रैतर गांव में प्लान के तहत अंजाम दिया गया। मृतक नूरसराय थाना क्षेत्र के बेलसर गांव निवासी नरेश चौधरी का 34 वर्षीय पुत्र शंकर चौधरी था। मृतक के भाई मंटू चौधरी ने बताया कि करीब 8 महीने पहले अपने प्रेमी संग बच्चों को लेकर फरार हो गई थी। पति ने उसे कई बार फोन कर वापस बुलाने की कोशिश की, मगर पत्नी ने हर बार उसकी बात को नजरअंदाज कर दिया। मगर अप्रैल महीने में अचानक सब कुछ बदल गया। पत्नी मायके लौट आई। वहां से शंकर को यह कहकर बुलाया गया कि अब वह दोबारा साथ रहना चाहती है। पति के दिल में उम्मीद जगी और वह 16 अप्रैल को पत्नी से मिलने साली के घर रैतर पहुंच गया। लेकिन यह मुलाकात उसके जीवन की आखिरी बन गई। परंतु यह मुलाकात प्रेम नहीं, साजिश की शुरुआत थी। पत्नी ने खाने में जहर मिला दिया। खाना खाने के बाद जैसे ही शंकर की हालत बिगड़ने लगी, तो आस-पास के लोगों ने आनन-फानन में निजी क्लिनिक में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर परिजन भी पहुंचे, लेकिन तब तक बहुत उसकी मौत हो चुकी थी। गुस्से में तिलमिलाए परिजन रहिचा गांव पहुंच पत्नी को पकड़ कर पूछताछ कर रहे हैं। थानाध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है।

# डीएम ने सम्प हाउस की मरम्मत का दिया आदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार नगर थाना स्थित सम्प हाउस का मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। बुडको के कार्यपालक अभियंता चंद्रदीप कुमार ने गंगा जल आपूर्ति योजना के अंतर्गत नवादा शहरी क्षेत्र के सभी वार्डों में जल आपूर्ति की विस्तृत जानकारी दी। कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि जिले में कुल चार जलाशय हैं, जिनकी कुल भंडारण क्षमता 15.14 लाख लीटर है। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया है कि सम्प हाउस में लगे मोटर को सुचारू रूप से कार्यरत रखा जाए तथा एक अतिरिक्त (स्टैंडबाय/स्पेयर) मोटर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि गंगा जलापूर्ति में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। इसके साथ ही, मोटर और राइजिंग पाइप की क्षमता में वृद्धि की जा रही है, जिससे भू-गर्भ जल पर निर्भरता



## शेष 27 वार्डों में जलापूर्ति शीघ्र प्रारंभ करने का जिला पदाधिकारी ने दिया निर्देश

को समाप्त किया जा सके। नगर परिषद नवादा के कुल 44 वार्डों में से वर्तमान में 17 वार्डों में ही गंगा जल की आपूर्ति की जा रही है। शेष 27 वार्डों में जलापूर्ति शीघ्र प्रारंभ करने हेतु जिला पदाधिकारी ने बुडको के कार्यपालक अभियंता को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन इस महत्वपूर्ण गंगा जलापूर्ति योजना को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के लिए कृतसंकल्प है, ताकि नगरवासियों को निर्बाध एवं स्वच्छ जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। जिला पदाधिकारी ने स्टैंडबाय मोटरों सहित सभी मोटरों के मरम्मत एवं रखरखाव कार्य को एक सप्ताह के भीतर पूरा करने का निर्देश भी दिया है।

# डीएम ने महिला संवाद कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** शुक्रवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कर-कमलों द्वारा 'महिला संवाद' कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने समाहरणालय परिसर से महिला संवाद प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला पदाधिकारी ने बताया कि नवादा जिले में कुल 13 प्रचार वाहन प्राप्त हुए हैं, जो सभी प्रखंडों में प्रतिदिन दो पंचायतों में जाकर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देंगे। नवादा जिले में यह संवाद कार्यक्रम कुल 58 दिनों तक चलेगा, जिसके अंतर्गत 1509 ग्राम संगठनों में संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत एक ऑडियो-वीडियो डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से महिलाओं के उत्थान हेतु चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही, उन महिलाओं के अनुभव भी साझा किए जाएंगे, जिन्होंने सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभ प्राप्त कर अपने-अपने क्षेत्रों में सराहनीय कार्य किए हैं।

### पोषण पखवाड़ा में कराई जा रही हैं गतिविधियां

**पकरीबरावां।** पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत विद्यालयों में गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। विद्यालय स्तर पर गतिविधियों का आयोजन किया जाना है। इसके तहत प्रभातफ़ेरी, पोस्टर मेकिंग, पाककला प्रतियोगिता, स्वस्थ जीवन शैली पर निबंध, पौधरोपण, पोषण मेला आदि आयोजित की जाएगी। एमडीएम प्रभारी ने सभी विद्यालयों के प्रधानों को कराए गए गतिविधियों की फोटो अपलोड करने को कहा है। इसके तहत प्रखण्ड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय लीलो, उत्क्रमित मध्य विद्यालय तनपुरा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय छतरवार सहित अन्य विद्यालयों में गतिविधियां आयोजित की गई।

# ट्रक की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** इसलामपुर पटना मुख्य सड़क मार्ग पर पटना रोड मुहाने नदी मछली मंडी के समीप ट्रक के चपेट में आने से एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद घटना स्थल पर अफरा-तफरी सी मच गई। स्थानीय लोगों ने ट्रक चालक को पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों ने मुआवजे को लेकर सड़क पर आगजनी कर इसलामपुर-पटना रोड मुहाने नदी पुल के पास ही कुछ देर के लिए सड़क को जाम कर दिया। मृतक इसलामपुर नगर के मल्लहबिगहा मुहल्ला निवासी मो. लड्डन उर्फ शाहरुख खान बताया जाता है। घटना की सूचना मिलते ही इसलामपुर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर सड़क जाम कर रहे आक्रोशित मृतक के परिजनों को समझा बुझाकर सड़क जाम हटाने का प्रयास किया। लेकिन लोग मुआवजे की मांग को लेकर अड़े रहे। लेकिन इसलामपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार के द्वारा मृतक के परिजनों को पारिवारिक लाभ के तहत बीस हजार रूपया का चेक देने एंव आपदा के तहत मिलने वाली राशि दिलाने का अश्वासन के बाद लोगों ने सड़क जाम हटाया। पुलिस ने मृतक व्यक्ति के शव को अपने कब्जे मे कर बिहारशरीफ पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष अनिल कुमार पाण्डेय ने बतलाया कि मृतक व्यक्ति के शव को पुलिस पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ भेज दिया है। पुलिस ट्रक को अपने कब्जे कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

# तीन स्कूली बच्चे रहस्यमय ढंग से लापता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** रहुई थाना क्षेत्र अंतर्गत मई गांव से तीन स्कूली बच्चों के रहस्यमय ढंग से लापता हो जाने की घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। गायब होने वालों में 15 वर्षीय छात्रा अल्पना कुमारी, और दो किशोर दीपक कुमार एवं सत्यम कुमार शामिल हैं। अल्पना सोमवार को स्कूल गई थी, जबकि दीपक और सत्यम मंगलवार की सुबह स्कूल के लिए निकले थे। लेकिन सभी दोपहर तक घर नहीं लौटे, जिससे परिजनों की चिंता बढ़ गई। अल्पना के पिता श्लोक यादव ने बताया कि उन्होंने सुबह लगभग साढ़े छह बजे बेटी को विक्रमपुर उच्च विद्यालय भेजा था। दोपहर तक जब वह घर नहीं लौटी तो उन्होंने उसकी तलाश शुरू की। इसी बीच गांव के ही दो और छात्रों, दीपक और सत्यम के भी स्कूल से लौटने की कोई खबर नहीं मिली, जिससे पूरे गांव में दहशत का माहौल बन गया। अपहरण की आशंका को नकारा नहीं जा रहा है। परिजनों और ग्रामीणों का कहना है कि तीनों बच्चों का एकसाथ गायब होना सामान्य घटना नहीं है। बच्चों की तलाश में ग्रामीणों ने आसपास के दस से अधिक गांवों में खोजबीन की, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। सदर डीएसपी संजय जयसवाल ने बताया कि लापता अल्पना कुमारी की लोकेशन पुलिस को मिल चुकी है और उस दिशा में कार्रवाई की जा रही है। दो अन्य बच्चों की गुमशुदगी की प्राथमिकी रहुई थाने में दर्ज कर ली गई है। पुलिस सभी संभावित पहलुओं पर जांच कर रही है और जल्द बच्चों की सुरक्षित बरामदगी का भरोसा दिलाया गया है।

# करंट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नगरनौसा थाना क्षेत्र के भोभी गांव के सकरोढ़ा बगीचा में गुरुवार को करंट लगने से एक अधेड़ की मौत हो गई। मृतक की सैदनपुर गांव निवासी जमींदर रविदास थे। परिजनों ने बताया कि वह सुबह भोभी जाने की बात कहकर घर से निकले थे। कुछ ही घंटे बाद ग्रामीणों ने सूचना दी कि भोभी सकरोढ़ा बगीचा में करंट लगने से उनकी मौत हो गई है। प्रभारी थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## पति ने अपनी पत्नी की ही छोटे भाई के मिलकर बेरहमी से की पिटाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** अपने ही पति ने अपने छोटे भाई के साथ मिलकर महिला को बेरहमी से पिटाई करने एवं चार दिनों से भूखे प्यासे कमरे में बंद रखने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पति पत्नी का पवित्र रिश्ता तार तार होने की इस खबर ने देखने वालों को हिला कर रख दिया है। यह घटना सिलाव थाना क्षेत्र के जिन्दा बिगहा गांव की है।

# इनर व्हील क्लब ने मुफ्त स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**नवादा।** नवादा के इनर व्हील क्लब के सौजन्य से शुक्रवार को वृद्ध आश्रम में मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर और दवा का वितरण किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में प्रसिद्ध फिजिशियन डॉ रवीश कुमार का योगदान सराहनीय रहा। शिविर में डॉक्टर रवीश कुमार के साथ उनके सहयोगी कुमार गौरव, संतोष कुमार, परफेक्ट जांच घर लोकेश, अमित, मैनकाइंड के अंकित, कुमार, अखिलेश आदि ने फ्री सुगर, हीमोग्लोबिन, बीपी, पल्स, ऑक्सीजन, यूरिक एसिड इत्यादि की जांच करने में काफी सहयोग किया। डॉक्टर रवीश कुमार ने वृद्ध आश्रम के संचालकों को वृद्धो के खान-पान और अच्छे स्वास्थ्य के लिए जानकारी दी। इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष रेखा रानी ने डॉक्टर रवीश कुमार और उनकी टीम को धन्यवाद देते हुए कहा कि इनरवियर क्लब हमेशा से ही दीन दुखियों की मदद के लिए तत्पर रही है। स्वास्थ्य शिविर में लगभग 50 से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। अध्यक्ष रेखा रानी के अलावा सावित्री वर्णवाल, अदिति गोयल, डॉ अंजना सिन्हा, आशा देवी इत्यादि महिला सदस्यों का भी काफी योगदान रहा।

# पकरीबरावां के तीन मुखिया पंचायतों के विकास के गुर सीखने पहुंचे हैदराबाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पकरीबरावां (नवादा)।** पकरीबरावां प्रखण्ड के तीन पंचायतों के मुखिया पंचायतों में विकास के गुर की ट्रेनिंग पा रहे हैं। प्रशिक्षण सात दिवसीय है। प्रखण्ड के एरुरी पंचायत के मुखिया विनय कुमार, गुलनी पंचायत के मुखिया मनोज चौरसिया एवं धमौल पंचायत के मुखिया रामरूप यादव पंचायतों में विकास के गुर सीखने के लिए सात दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण पा रहे हैं। बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान गया द्वारा आयोजित सात दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण 14 अप्रैल से शुरू हुई। 14 से 16 अप्रैल तक विपार्ड गया में प्रशिक्षण हुआ। इसके बाद 17 से 20 तक राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान हैदराबाद में प्रशिक्षण के लिए भेजा गया। इन्हें तेलंगाना एवं आंध्रप्रदेश के विभिन्न पंचायतों में ले जाकर पंचायतों के विकास से रु-ब-रु कराया गया। इन्हें बताया गया कि किस प्रकार पंचायत में विकास कार्य करना है। इन पंचायतों के मुखिया ने बताया कि वे पंचायतों के भ्रमण के दौरान कई नई व्यवस्थाओं से अवगत हुए हैं, वे इसे अपने पंचायतों में उतारेंगे।

# भगवान शांतिनाथ पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का झंडोतोलन के साथ भव्य आगाज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के प्रथम गणधर गौतम स्वामी की केवलज्ञान एवं मोक्ष स्थली श्री गुणांवा जी दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र, नवादा (बिहार) के मंदिर प्रांगण में नवनिर्मित श्री शांतिनाथ जिनालय में स्थापित श्याम पाषाण से निर्मित भगवान शांतिनाथ स्वामी की मनोज्ञ प्रतिमा का पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव 18 अप्रैल से लगायत 20 अप्रैल 2025 तक आयोजित हो रहा है। जिसका आज प्रथम दिन (गर्भ कल्याणक) मनाया गया। सूर्य की पहली किरण के साथ ही कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ हुआ। अन्य प्रांतों से आये भक्तगणों ने पारम्परिक वस्त्र पहनकर प्रभु के गर्भ कल्याणक पर अभिषेक, शांतिधारा कर मंत्रोच्चार कर देवआज्ञा ली। बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के मानद मंत्री पराग जी जैन एवं क्षेत्रीय मंत्री संजय कुमार जैन ने पंच कल्याणक महोत्सव की जानकारी देते हुए कहा कि - यह पंच कल्याणक महोत्सव श्री गुणांवा जी सिद्ध क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक होगा। जिसमें हमसभी को प.पू. जिनश्रुतमनीषी श्रमण श्री 108 विशल्य सागर जी मुनिराज ससंघ के मंगल सानिध्य में संहितासूरी प्रतिष्ठाचार्य पंडित श्री प्रदीप जी जैन 'मधुर' कुसुम्बा (मुंबई) के तत्वाधान में एवं मन्दिर निर्माणकर्ता बाल ब्रह्मचारिणी हंसा शोभागमन जी का सानिध्य मिल रहा है।

पंचकल्याण प्रतिष्ठा महोत्सव पर उपस्थित जैन श्रद्धालुओं ने दिगम्बर जैन मंदिर, गुणांवा जी में कलशों में जल भर घटयात्रा निकाली। नवकार मंत्र एवं मंत्रोच्चार करते हुए घटयात्रा मन्दिर परिक्रमा कर आयोजन पर रखी गयी।

मुनिसंघ में मंगल सानिध्य में आयोजित हो रहे पंच कल्याणक महोत्सव पर यागमण्डल विधान के पश्चात वास्तु विधान का आयोजन किया गया। यागमण्डल विधान का धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व है जिससे हमें सकारात्मक ऊर्ज़ा, मन मे शांति, सफलता एवं आर्थिक रूप से अनेकों लाभ मिलते है। इस कार्यक्रम में मुनिसंघ, कमिटी के अधिकारीगण, स्थानीय जैन समाज, यात्रीगण, महिलाएं, बच्चे उपस्थित हुए।

# दहेज के लिए हत्या की प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** थाना क्षेत्र के एरुरी गांव में 24 वर्षीया विवाहिता की दहेज के लिए हत्या कर दिए जाने की प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस ने हत्या के आरोप में मृतका के पति शैलेन्द्र यादव को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि विवाहिता पूजा कुमारी की हत्या कर दी गई है एवं शव को जला दिया गया है। सूचना मिलने के बाद पुलिस गांव पहुंचकर मामले की जांच की। इस बीच पुलिस ने मृतका के पति को गिरफ्तार कर लिया।

# सुरक्षा की मांग को ले बाजार व सड़क जाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** सनकी युवक के द्वारा प्रेमिका व उसकी मां को गोली मारकर हत्या कर देने के मामले में सुरक्षा की मांग को लेकर लड़की के पिता योगेन्द्र राम ने स्थानीय बाजार में दुकानदारो से दूकान बंद कर समर्थन करने के आग्रह पर शुक्रवार के सुवह बाजार बंद हो गया तथा फोरलेन को जाम कर दिया गया। बाजार बंद व फोरलेन बंद की खबर पर स्थानीय पुलिस प्रशासन दलबल के साथ पहुंच कर लोगों को समझा-बुझाकर सड़क मार्ग को चालू कराया। पीडित परिवार ने कहा कि हमलोग कमजोर वर्ग के है तथा कोलनी मे अधिकांश एक खास जाति की जनसंख्या है डर के साए मे रहते है सुरक्षा व पुलिस की गश्ती बढ़ाने की मांग किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रह्लाद कुमार ने पीडित परिवार को बीस बीस हजार रूपए का चेक देकर व संतावना दिया। बुधवार के देर रात चंडी मौ के सनकी युवक मनीष कुमार ने प्रेमिका पूनम कुमारी के घर मे घुसकर कर प्रेमिका के मा पुटूसा देवी व पूनम को गोली मारकर मौत के घाट सुला दिया तथा खुद को गोली मारकर आत्म हत्या कर लिया। लडकी की सादी दूसरे के साथ तय होने की खबर पर यह खौफनक कदम सनकी युवक के द्वारा उठाने की बात बताई जा रही है।

# ध्वस्त झूला कंपनी का जायजा लेने पहुंचे ग्रामीण विकास मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** शुक्रवार को बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने रायकरण बिगहा के समीप न्यू कन्हैयागंज पहुंचकर आंधी-तूफान में क्षतिग्रस्त हुआ झूला कम्पनी का जायजा लिया। मंत्री श्रवण कुमार ने क्षतिग्रस्त झुला कम्पनी की जायजा लेने के बाद नालन्दा के एडीएम को मोबाइल पर फोन कर इस मामले को जांच करने का निर्देश दिया। बीते 10 अप्रैल को अपराह्न में अचानक आयी आंधी-तूफान एवं बारिश में कन्हैयागंज गांव निवासी झूला निर्माता महेश विश्वकर्मा का रायकरन बिगहा स्थित न्यू कन्हैयागंज में झुला कम्पनी उखड़कर ध्वस्त हो गया था। जिसमें करीब 15 लाख रुपए से अधिक की क्षति हुई थी। इस मौके पर बिहार राज्य लोहार जनजाति विकास मंच के प्रदेश अध्यक्ष विजय विश्वकर्मा, महेश कुमार विश्वकर्मा, रंजीत विश्वकर्मा, विक्रम विश्वकर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता कुन्दन कुमार राजा, अरुण विश्वकर्मा, पंकज विश्वकर्मा, विनय विश्वकर्मा, गोपाल विश्वकर्मा, रवि विश्वकर्मा, राजू कुमार विश्वकर्मा, रजनीश विश्वकर्मा समेत कई लोग मौजूद थे।

# फॉर्मर रजिस्ट्री कार्ड बनाने हेतु शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नरहट (नवादा)।** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसानों को फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य कर दिया है। इसी कड़ी में नरहट कृषि विभाग द्वारा शिविर का आयोजन कर फार्मर रजिस्ट्री कार्ड बनाने का कार्य किया जा रहा है। बृहस्पतिवार को शेखपुरा पंचायत अंतर्गत चयनित राजस्व ग्राम झिकरुआ के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय मीनापुर के प्रांगण में शिविर का आयोजन किया गया। कृषि समन्वयक अमरेंद्र कुमार भारती ने बताया कि अब किसानों के लिए फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य कर दिया गया है। यह रजिस्ट्री सिर्फ पीएम किसान सम्मान निधि तक सीमित नहीं है बल्कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा



चलायी जा रही सभी कृषि योजनाओं का लाभ पाने के लिए जरूरी होगी। जिन किसानों के नाम पर जमाबन्दी है उन्ही किसानों को योजनाओं का लाभ मिलेगा। फार्मर रजिस्ट्री से किसानों को एक विशेष आईडी मिलेगा जिसकी सहायता से उन्हें किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा और कृषि यंत्रों पर अनुदान जैसी योजनाओं में प्राथमिकता दी जाएगी। जिन किसानों के नाम पर जमीन की जमावन्दी है उन्हें फार्मर रजिस्ट्री कराना आवश्यक होगा। उन्होंने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री में दो विभाग सम्मलित है। कृषि विभाग और राजस्व विभाग दोनों द्वारा किसानों की जमीन की जांच की जा रही है। अब फर्जी तरीके से किसान सम्मान निधि योजना एवं अन्य योजना का लाभ नही ले सकते हैं। कृषि समन्वयक ने खासकर हार्वेस्टिंग सिस्टम से गेहूं की कटनी करा रहे किसानों से अपील किया है कि वे खेत में पराली नही जलाएं। खेत में पराली जलाने से खेत की उर्वरा शक्ति समाप्त हो जाती है जिससे फसल की उपज कम हो जाती है। पराली जलाने से बहुत से कीड़े मकोड़े मर जाते हैं जो खेती के लिए उनका जीवित रहना जरूरी है। मौके पर किसान सलाहकार शैलेंद्र कुमार, राजस्व कर्मचारी अरविन्द कुमार, किसान कृष्ण कुमार, विपिन कुमार आदि मौजूद थे।

CMYK

# गया नगर निगम में घोटालों की जांच की मांग पर गरमाई सियासत

## भाजपा नेताओं ने नगर निगम को दी खुली चुनौती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गया नगर निगम बोर्ड की 17 अप्रैल को हुई बैठक में बिहार सरकार के मंत्री एवं नगर विधायक डॉ. प्रेम कुमार द्वारा निगम में अब तक हुए विकास कार्यों की जांच की मांग के बाद सियासत गरमा गई है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा गया जिला के वरिष्ठ नेताओं ने निगम प्रशासन पर जमकर निशाना साधा और आरोपों की झड़ी लगा दी। भाजपा गया जिला उपाध्यक्ष विकास कुमार, सुनील कुमार सिंहा, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष देवानंद पासवान, दक्षिण मंडल अध्यक्ष धनंजय कुमार धीरु, मध्य मंडल अध्यक्ष मनीष कुमार सोनू, उत्तर मंडल क अध्यक्ष राजेश कुमार, उत्तर मंडल ख अध्यक्ष गुंजन मिश्रा, पश्चिमी मंडल क अध्यक्ष हरि यादव और पश्चिमी मंडल ख अध्यक्ष सूरज राणा ने एक स्वर में कहा कि गया नगर निगम पर भ्रष्टाचार के आरोप कोई नये नहीं हैं। नेताओं ने आरोप लगाया कि अगर केंद्र और राज्य सरकार से अनुदान नहीं मिले तो निगम कर्मियों का वेतन देना भी संभव नहीं होगा। राज्य सरकार की राशि से ही पेंशन, वेतन और विकास कार्य संचालित हो रहे हैं। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि नगर निगम में केंद्र सरकार की योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, राजीव आवास योजना, आईएचएसडीपी और आवास योजना में भारी अनियमितता हुई है। वर्ष 2017 से 2019 तक 25 करोड़ की जलापूर्ति सामग्री की खरीद में बड़ा घोटाला सामने आया था। इसके अलावा स्ट्रीट लाइट मरम्मत घोटाला, गैर निगम क्षेत्र के जीबी रोड और केपी रोड का कालीकरण, करोड़ों की डस्टबिन और वाहन खरीद, श्मशान घाट में छह करोड़ की लागत से निर्मित आधुनिक शवदाह गृह का अब तक चालू न होना और 500 रुपये वसूलने का मामला भी उठाया गया। नेताओं ने यह भी बताया कि पशु शवदाहगृह के नाम पर 65 लाख की राशि खर्च दिखाकर राशि की बंदरबांट की गई। नैली डंपिंग यार्ड घोटाले में 25 करोड़ खर्च के बावजूद कूड़े का पहाड़ लगा हुआ है। प्लास्टिक बंदी के नाम पर 90 लाख का बंदरबांट हुआ जबकि राज्य सरकार ने मात्र 2 लाख खर्च की अनुमति दी थी। ब्रह्मसर तालाब में लाइट और साउंड के नाम पर 4 करोड़ की राशि खर्च दिखाकर राशि की लूट की बात कही गई। वहीं, प्रत्येक वार्ड में एड्रेस बोर्ड व गोलंबर के नाम पर मनमाने खर्च की बात उठाई गई। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि वार्ड 25-26 में स्ट्रीट लाइट और तिरंगा एलईडी लाइट लगाने में भी गाइडलाइन का उल्लंघन हुआ है और तुष्टिकरण के तहत योजनाएं बांटी गईं। भाजपा नेताओं ने नगर निगम के मेयर, डिप्टी मेयर और सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों को खुली चुनौती दी है कि वे सार्वजनिक मंच पर इन विषयों पर बहस के लिए तैयार हों। नेताओं ने कहा कि शहर के कम से कम 10 से 11 वार्डों में सभी योजनाओं की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। 2020 में शहर वर्गीकरण प्रस्ताव को नियम विरुद्ध तरीके से मुख्यालय भेजने और जनता के विरोध के बाद उसमें बदलाव लाने को भी गंभीर मुद्दा बताया गया। नेताओं ने दोहराया कि नगर निगम की कार्यशैली में पारदर्शिता लाने और भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के लिए स्वतंत्र जांच आवश्यक है।

## 10 वर्षीय बच्चे का तालाब से मिला शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिले के फतेहपुर प्रखंड स्थित मंझला कलां गांव में एक 10 वर्षीय बालक का शव बरामद हुआ। बुधवार को लापता हुए बालक का शव गुरुवार सुबह गांव के तालाब में मिला। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस की कार्रवाई पर गंभीर सवाल उठाए। मृतक की पहचान मंझला कलां निवासी उदय कुमार के रूप में हुई है। बुधवार को वह स्कूल से लौटने के बाद साइकिल लेकर घर से निकला था, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटा। परिजनों ने खोजबीन के बाद गुरपा थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। गुरुवार सुबह घर से लगभग 100 मीटर दूर स्थित तालाब में उदय का शव तैरता हुआ मिला। वहीं पास में उसकी साइकिल और चप्पल भी बरामद हुईं। ग्रामीणों का कहना है कि इसी तालाब की जांच बुधवार रात को की गई थी, लेकिन उस समय कुछ भी नहीं मिला था। इससे आशंका जताई जा रही है कि शव को रात में तालाब में डाला गया हो सकता है। मिली जानकारी के अनुसार मौके पर पहुंची पुलिस ने बिना एफएसएल टीम और डॉग स्क्वायड के सहायता के ही शव को बाहर निकलवा लिया जिससे ग्रामीणों में नाराजगी देखी गई। समाजसेवी और पूर्व मुखिया मिथलेश यादव ने मौके पर पहुंचकर पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि समय रहते फॉरेंसिक टीम को बुलाया जाता, तो कई अहम सबूत जुटाए जा सकते थे। वहीं इस मामले को लेकर थानाध्यक्ष सूर्यवीर कुमार गुप्ता ने बताया कि परिजनों के आग्रह पर शव को तालाब से निकाला गया है।

## सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में लगातार कर रही प्रयास : जिलाधिकारी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गया के चंदौती प्रखंड के रसलपुर पंचायत में जिला पदाधिकारी त्यागराजन एसएम ने महिला संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने महिला संवाद रथ का फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। सरकारी नौकरियों एवं पंचायती राज में संस्थाओं में महिलाओं के लिया आरक्षण हो अथवा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उनको आगे बढ़ाने का प्रयास, सरकार महिलाओं के उत्थान को अहमियत दे रही है। उन्होंने महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजना जैसे पोषक योजना, कन्या उत्थान योजना, सतत जीविकोपार्जन योजना, जीविका परियोजना, आदि की जानकारी दी साथ ही उन्होंने महिलाओं से संवाद कर उनकी आकांक्षाओं को सुना। महिलाओं बड़े उत्साह से महिला संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने यहां अपनी स्थानीय समस्यों का जिक्र किया एवं आकांक्षाओं को साझा किया। गया के सभी प्रखंडों में महिला संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके तहत पंचायत में महिलाओं को टीवी स्क्रीन से लैस संवाद रथ के माध्यम से विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही विशेष बैठकों में पूछे गए प्रश्नों के आधार पर महिलाओं की सामुदायिक विकास से संबंधित अपेक्षाओं और सुझावों का संकलन किया गया। ग्रामीण महिलाओं को राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से राज्य भर में इसी माह से महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। उनकी सामुदायिक विकास से जुड़ी इच्छाओं और आकांक्षाओं को समझना का प्रयास किया जा रहा है। इस पहल से महिलाओं को न केवल सरकारी योजनाओं की जानकारी मिलेगी बल्कि सरकार को महिलाओं की भागीदारी एवं आकांक्षों की जानकारी से सामुदायिक विकास के लिए योजनाओं के बेहतर संचाल में मदद मिलेगी। इस कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी सहित, उप विकास आयुक्त, प्रखंड विकास पदाधकारी चंदौती, जीविका के राज्य परियोजना प्रबंधक सूर्यकांत शर्मा, जिला परियोजना प्रबंधक आचार्य मम्मट सहित, बीपीएम चांदती एवं अन्य लोगों ने भाग लिया।

## ज्ञान और मोक्ष की भूमि बोधगया में विश्व विरासत दिवस सफलतापूर्वक मना




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** पर्यटन मंत्रालय ने एबीटीओ, युवा पर्यटन क्लब, स्थानीय गाइड एसोसिएशन और बोधगया के पर्यटन हितधारकों के सहयोग से 18 अप्रैल को बोधगया में विश्व विरासत दिवस सफलतापूर्वक मनाया। इस उत्सव में लगभग 35 छात्रों ने भाग लिया और हमारी समृद्ध विरासतों के माध्यम से भारत के पर्यटन के बारे में जागरूक किए गए। इस अवसर पर 45 से अधिक प्रतिभागियों के साथ इस क्षेत्र के विरासत स्थलों के प्रचार-प्रसार पर चर्चा करने के लिए छात्रों, गाइडों और पर्यटन हितधारकों के बीच होटल महामाया बोधगया में एक लघु संगोष्ठी भी आयोजित की गई। इस उत्सव के तहत पर्यटन के प्रचार एवं प्रसार के लिए बोधगया और उसके आसपास के विरासत स्थलों का एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। बोधगया और उसके आसपास के इस हेरिटेज टूर में 45 छात्रों, गाइडों, पर्यटन हितधारकों आदि की टीम ने हिस्सा लिया। इस टूर के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न हेरिटेज स्थलों जैसे - सुजाता किला, ब्राह्मण कुशग्राम, मठ, निरंजना नदी आदि स्थलों का दौरा किया। इसके अलावा इस हेरिटेज टूर कार्यक्रम में लगभग 20 ग्रामीणों, किसानों, स्थानीय लोगों ने भी भाग लिया और इस उद्देश्य के लिए एक-दूसरे का सहयोग के लिए सहमति दी। इस आयोजन के तहत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हेरिटेज स्थलों और स्मारकों के क्षेत्र में पौधारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एएसआई पटना सर्किल के डॉ. सुजीत नयन का भी काफी सहयोग रहा।

## तीन पालियों में पदाधिकारी एवं कर्मियों का रोस्टर तैयार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** आगामी 3 मई से 15 मई 2025 तक खेलो इंडिया यूथ गेम 2025 प्रतियोगिता का आयोजन गया जिले के बिपार्ड एवं आईआईएम बोधगया के साथ-साथ बिहार के अन्य जिलों में भी प्रतियोगिता का आयोजन होना है। खेलो इंडिया यूथ गेम 2025 के आयोजन के अवसर पर सहभागी सभी खिलाड़ियों, तकनीकी पदाधिकारी एवं सहायकों के लिए गया जिले में आवासन, परिवहन एवं अन्य समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करवाई जा रही है। शुक्रवार को जिले के डीएम डॉ० त्यागराजन एसएम ने आईआईएम में बनाये गए नियंत्रण कक्ष में नामित पदाधिकारियों के साथ बैठक किया। खेलो इंडिया युथ गेम के मद्देनजर 3 स्थानों यथा समाहरणालय में, बिपार्ड में एवं आईआईएम में नियंत्रण कक्ष बनाया जाना है। इसे लेकर 3 पालियों में पदाधिकारी एवं कर्मियों का रोस्टर तैयार किया गया है। सभी 3 स्थानों पर नियंत्रण कक्ष की मॉनिटरिंग के लिये वरीय पदाधिकारी को लगाया गया है। 8-8 घंटे का शिफ्ट रखा गया है। नियंत्रण कक्ष में सभी विभाग यथा पेयजल, स्वास्थ्य, बिजली, फायर, सफाई, परिवहन सहित अन्य विभागों के कर्मी को भी मौजूद रखा जाएगा ताकि कही से भी किसी विभाग संबंधित कार्य की कमी आने से तुरंत ठीक/ समाधान करवाया जा सके।

## 72वीं अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता आज से शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गया के गांधी मैदान स्टेडियम में शनिवार से 72वां अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू किया जाएगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। राज्यस्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता 19 से 25 अप्रैल तक होगी। प्रतियोगिता का सफल संचालन के लिए गांधी मैदान स्टेडियम खेल मैदान को दुरुस्त किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में बिहार राज्य की गया, बक्सर, नालंदा जहानाबाद जिले के साथ रेल की टीम भाग लेगी। प्रतियोगिता का मेजबान गया की टीम करेगी। गया जिले की 22 सदस्यीय टीम घोषित की गई है। पूर्व बिहार खिलाड़ी सनाउल्लाह खान को टीम के मुख्य कोच बनाया गया। उनके सहयोगी राजू को रखा गया है। विश्वदीप चौधरी और प्रकाश सोलंकी को टीम मैनेजर बनाया गया है। गया जिले का पहला मैच 19 अप्रैल को बक्सर के साथ खेला जाएगा। पांच टीमों के लीग मैच में सबों को एक दूसरे से खेलना है। टीम की घोषणा गया जिला फुटबाल संघ के सचिव खतीब अहमद ने किया। राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का तैयारी जोरों पर है। मैच का उद्घाटन नगर आयुक्त कुमार अनुराग साथ में राहुल कुमार निर्देशक अल्पसंख्यक कल्याण विभाग करेंगे।

## वित्तीय वर्ष 2024-25 में मात्र 56 हजार घरों से ही होल्डिंग टैक्स मिला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गया नगर निगम क्षेत्र में वर्तमान समय में 82 हजार 900 होल्डिंग हैं जिसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 में मात्र 56 हजार घरों से ही होल्डिंग टैक्स मिला। इस तरह 26 हजार 9 सौ घरों ने इस वर्ष होल्डिंग टैक्स जमा नहीं किया। इसका मुख्य कारण सड़कों का वर्गीकरण रहा। इसके कारण लोग यही असमंजस में रहे कि इसका संशोधन होगा तब होल्डिंग टैक्स जमा करेंगे। यही चक्कर में हजारो लोग इंतजार करते रह गये और होल्डिंग टैक्स जमा नहीं कर पाये। अगर पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना करें तो वर्ष 2023-24 में 62 हजार घरों से होल्डिंग टैक्स जमा किया गया था जबकि इस बार मात्र 56 हजार घरों से टैक्स जमा हुआ जो पिछले वर्ष की तुलना में छह हजार कम है। पिछले वित्तीय वर्ष में 20 करोड़ 10 लाख राजस्व की प्राप्ति हुयी थी। इस वर्ष सड़कों के वर्गीकरण व गुणक के कारण होल्डिंग टैक्स में वृद्धि हुयी। इस कारण कम घरों से होल्डिंग टैक्स जमा होने के बावजूद 22 करोड़ 45 लाख राजस्व की प्राप्ति हुयी, जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में दो करोड़ 35 लाख अधिक राशि है। राजस्व संग्रह का कार्य देख रहे स्पैरो शॉफटेक के प्रोजेक्ट मैनेजर राणा प्रताप सिंह ने बताया कि सड़कों के वर्गीकरण व गुणक का असर होल्डिंग टैक्स पर पड़ा है। पहले मुख्य सड़क लगभग 35 था जिसे विभाग की ओर से बढ़ाकर 63 कर दिया गया। बाद में बोर्ड की बैठक में संशोधन करने का निर्णय लिया गया और विभाग को भेजा गया तो यह घटकर 53 हुआ। उसी तरह मुख्य सड़क पहले 25 था, जिसे बढाकर 70 किया गया। संशोधन के बाद यह 49 हुआ। इसका असर भी होल्डिंग टैक्स पर पड़ा। इससे अधिक गुणक का असर व्यवसायिक भवनों पर पड़ा है। जैसे होटल का तीगुना, मैरेज हॉल का तीगुना, गोदाम का दोगुना, स्कूल डेढ गुना हो गया है जबकि पहले सभी व्यवसायी भवनों पर गुणक एक गुना था।

**क्या कहते हैं राजस्व पदाधिकारी**

पिछले वर्ष की तुलना में राजस्व संग्रह अधिक हुआ है। पहले की अपेक्षा इस वर्ष कम घरों से होल्डिंग टैक्स जमा हुआ। इसका मुख्य कारण सड़कों के वर्गीकरण के कारण असमंजस का माहौल रहा। लोग समझ नहीं पाये। इस बार कुछ सुधार किया गया है। उम्मीद है अधिक लोग होल्डिंग टैक्स जमा करेंगे।

**- कनक कुमार, राजस्व पदाधिकारी, गया नगर निगम।**

## गया में पुलिस पर हमले के मामलों की हुई समीक्षा

### आईजी की अध्यक्षता में की गई समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** पुलिस मुख्यालय द्वारा पुलिस पर हुए हमलों के संबंध में आरोपियों को जल्द सजा दिलाने के उद्देश्य से ठोस कदम उठाए। आईजी मगध क्षेत्र, गया क्षत्रनील सिंह की अध्यक्षता में जिले-दर-जिले हालात की समीक्षा की गई। समीक्षा में 1 जनवरी 2024 से अब तक दर्ज हुए सभी हमलों के मामलों पर विशेष ध्यान दिया गया। समीक्षा बैठक में एसपी अम्बरीष राहुल, औरंगाबाद और एसपी अरविन्द प्रताप सिंह, जहानाबाद समेत कई उच्च स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में सबूत प्रस्तुत किए गए हैं। डीएसपी सदर-1, सदर-2, दाउदनगर, जहानाबाद-1 और जहानाबाद- 2 समेत अधिकारी रहे मौजूद थे। मामलों की गंभीरता पर बल देते हुए आगे की कार्रवाई होगी। वहीं विशेष निगरानी बढ़ाई जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य न केवल दोषियों को सजा दिलाना है, बल्कि पुलिस के प्रति समाज का विश्वास स्थापित करना भी है। पिछले साल इन हमलों में लगभग 25% की वृद्धि दर्ज की गई थी जिससे पुलिस के कामकाज और सुरक्षा प्रबंधन में सुधार की आवश्यकता और अधिक उजागर हुई है। इसे लेकर प्रशासन ने नई तकनीकी सुविधाओं के समावेश, जैसे कि उन्नत वीडियो सर्विलांस और रियल-टाइम डेटा एनालिटिक्स पर भी विचार-विमर्श किया। साथ ही पुलिस द्वारा नियमित प्रशिक्षण सत्र और सामुदायिक वार्तालापों के आयोजन से अपराध के खिलाफ सामूहिक प्रतिक्रिया को तेज करने की कवायद पर भी बल दिया गया।

## रोजगार शिविर का किया जाएगा आयोजन

टिकारी(गया)(नबिटा सं.)। टिकारी-पंचानपुर मुख्य मार्ग में जोलह बिगहा के समीप स्थित एक प्राइवेट आई.टी.आई कैम्पस के प्रांगण में 21 अप्रैल सोमवार को रोजगार शिविर (जॉव मेला) का आयोजन किया जाएगा। आयोजित शिविर में राजस्थान, हरियाणा एवं बैंगलोर में काम करने का मौका युवाओं को मिलेगा। इस बात की सूचना श्रम संसाधन विभाग, अवर प्रादेशिक नियोजनालय, गया द्वारा दी गई है। आयु 18 से 30 वर्ष के बीच होना चाहिए शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 10 वीं एवं उच्चतर पास अभ्यर्थी ही भाग ले सकते हैं। कम्पनी-के माध्यम से लगभग 50 अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। इस जॉब मेले में कुल पचास प्रोडक्शन ट्रेनी और क्वालिटी चेकर के लिए बायोडाटा मांगा गया है। इनका वेतन 15 से 20 हजार के बीच होगा। इस चयन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए एन सी एस पोर्टल पर निबंधन कराना अनिवार्य बताया गया है। चयनित अभ्यर्थियों को वेतन के आलावे उन्हें ओवरटाइम, बस, कैंटीन इत्यादि की सुविधा भी दी प्रदान की जाएगी। पूरी प्रक्रिया पूर्णतः निशुल्क है।

## इंटरसिटी एक्सप्रेस में एसी चेयरकार की दी गई सुविधा

**गया (नबिटा ब्यूरो)।** ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर 13305/06 धनबाद-गया-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस में एसी चेयरकार कोच की सुविधा दी गई है। रेल प्रशासन ने 18 अप्रैल से 18 जुलाई तक इस ट्रेन को अस्थायी रूप से 01 वातानुकूलित चेयर कार के साथ चलाने की मंजूरी दी है। इसके परिणामस्वरूप धनबाद-गया-सासाराम- इंटरसिटी एक्सप्रेस को साधारण श्रेणी के 15 कोच और वातानुकूलित चेयर कार के 01 कोच के साथ शुक्रवार से परिचालित की गई। धनबाद गया सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस में एसी चेयर कर की सुविधा उपलब्ध कराया जाने से दैनिक रेल यात्री संघ सहित राजनीतिक नेताओं ने हर्ष जताया। दैनिक रैल यात्री संघ के नेता उदय श्रीवास्तव, रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य कौशलेंद्र प्रताप, बिपेंद्र अग्रवाल, भाजपा नेता प्रेम सागर, संजय सिंह चंद्रवंशी ने हर्ष जताते हुए रेल प्रशासन को साधुवाद दिया।

## गया बार एसोसिएशन के सचिव पद पर अधिवक्ता रवींद्र प्रसाद की जीत पर खुशी का इजहार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गया बार एसोसिएशन के सचिव पद पर अधिवक्ता रवींद्र प्रसाद की जीत पर खुशी का इजहार किया गया। इस अवसर पर शुक्रवार को राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं गया बार एसोसिएशन के आजीवन सदस्य डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने उन्हें हृदय से बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अधिवक्ता रवींद्र प्रसाद को विष्णु चरण चिन्ह, गुलाब का बुके एवं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि रवींद्र प्रसाद की जीत न्यायिक क्षेत्र में कार्य ईमानदारी, कर्मठता और जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में गया बार एसोसिएशन नई ऊंचाइयों को छुएगा और अधिवक्ताओं की समस्याओं का प्रभावी समाधान होगा। साथ ही न्यायप्रिय समाज के निर्माण में भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहेगा। रवींद्र प्रसाद ने भी इस सम्मान के लिए डॉ. मिश्रा का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह जीत व्यक्तिगत नहीं, बल्कि पूरे अधिवक्ता समुदाय की है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे सबके सहयोग से पारदर्शिता, एकजुटता और विकास की दिशा कार्य करेंगे। मौके पर राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, नागेंद्र प्रसाद शर्मा अधिवक्ता, महेंद्र प्रसाद सिंह अधिवक्ता, राजेंद्र कुमार अधिवक्ता, विमल अग्रवाल, राष्ट्रीय मानवाधिकार के नेता राणा रणजीत सिंह, संतोष ठाकुर, बबलू गुप्ता, महेश यादव, मंटू कुमार, सुनील बंबइया, सारिका वर्मा, हीरा यादव, अभिषेक कुमार आदि सभी ने सम्मानित विजेता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कैसर सरफुद्दीन, निखत परवीन, मोहम्मद अहिया सभी नवनिर्वाचित को बधाई और शुभकामनाएं दी।

## एक नजर

### विद्युत स्पर्शाघात से मौत

**गुरारू (नबिटा सं.)।** शुक्रवार की सुबह थाना क्षेत्र के तरौंची गांव में अवधेश कुमार दांगी पिता स्वर्गीय कृपाल सिंह की मृत्यु बिजली करंट लगने से हो गई। इस संबंध में ग्रामीण रामप्रवेश प्रसाद दांगी ने बताया कि सुबह करीब छः बजे मृतक दूसरे राज्य से कमा कर आया और अपना बैग घर में रखकर आहर पर गेहूं का खेत देखने गया। आहर पर सड़क के किनारे कपिल साव के मकान के पास पूर्व से विद्युत तार पॉल से टूट कर गिरा था और करंट प्रवाहित हो रहा था जिससे चपेट में आने से इनकी मौत हो गई। आनन-फानन में ग्रामीणों द्वारा सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक को छोटे-छोटे छोटे तीन बच्चे हैं। इनके मृत्यु से गांव एवं परिवार में कोहराम मच गया। कुछ ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुआवजे की मांग की है।

### बिजली चोरी के खिलाफ कार्रवाई, दो पर जुर्माना

**कोंच (नबिटा सं.)।** थाना क्षेत्र के खजुरी गांव में बिजली चोरी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बिजली विभाग ने दो लोगों पर जुर्माना लगाया है और मामला दर्ज किया है। विद्युत कनीय अभियंता राजेश कुमार ने बताया कि चोरी का पता चलने के बाद आशा देवी पति जितेंद्र दास पर 3709 रुपए एवं सुखदेव भगत पिता वितुल भगत पर 29081 रुपए का जुर्माना लगाते हुए यह कार्रवाई की गई है और आगे भी ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### कोंच बधार से सबमर्सिबल पंप की चोरी

**कोंच (नबिटा सं.)।** थाना क्षेत्र के कोंच बधार से समर सेबल चोरी की घटना शुक्रवार के सुबह सामने आई है। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। दिए गए आवेदन में पीड़ित किसान ग्राम कोंच निवासी गया प्रसाद पिता स्व.भोला प्रसाद ने बताया है कि सुबह में जब बधार में गए तो देखा कि खेत में स्थापित समर सेबल को चोरों ने चुरा लिया। समर सेबल गांव से करीब डेढ़ किलोमीटर पूरब दिशा के खेत में था। चोरों ने पाइप को काटकर इधर-उधर फेंक दिया और समर सेबल के साथ तार भी ले गए। किसानों में इस घटना को लेकर आक्रोश है और वे क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग कर रहे हैं।

### पंचायत रोजगार सेवक की हार्ट अटैक से मौत

**गुरारू (नबिटा सं.)।** प्रखण्ड के मनरेगा कार्यालय में पंचायत रोजगार सेवक के पद पर पदस्थापित 40 वर्षीय आशुतोष कुमार का हार्ट अटैक से मौत गुरूवार की रात्रि जहानाबाद में हो गई। गौरतलब है कि पिछले साल स्व.कुमार का स्थानांतरण कोंच प्रखण्ड से गुरारू में हुआ था। वर्तमान में वे पहरा पंचायत में पीआरएस के पद पर तैनात थे एवं पूर्व में कोंची पंचायत में थे। वे बेला प्रखण्ड के बेल्हडीया गांव के निवासी थे। जहानाबाद में किराए का मकान लेकर बच्चों को पढ़ा-लिखा रहे थे जहां गुरुवार की रात्रि में हार्ट अटैक से मृत्यु हो गई। प्रोग्राम पदाधिकारी मिथिलेश कुमार सहित पीआरएस विनित कुमार, अनुप कुमार, ज्ञानेंदू कुमार, कार्यालय सहायक रामबाबू, आंचल कुमारी ने गहरी संवेदना शोक व्यक्त करते हुए सरकार से इनकी पत्नी को उचित मुआवजा के साथ अनुकंपा पर नियुक्त करने का मांग किया है। पीआरएस विनित कुमार ने बताया कि वे काफी हंसमुख स्वभाव व नशा विरोधी प्रवृत्ति के व्यक्ति थे। उनके तीन संतान हैं। शुक्रवार की सुबह विष्णुपद श्मशान घाट पर उनका दाह-संस्कार किया गया।

### फरार अभियुक्त के घर इश्तिहार चिपकाया

**गया(नबिटा सं.)।** जिले के नीमचक बथानी थाना में दर्ज कांड सं० 50/24, दिनांक 16.03.24 धारा 147/148/149/323/307/333/353/337/338/427/504/506 आईपीसी एंड 27 आर्म्स एक्ट में फरार चल रहे प्राथमिकी नामजद अभियुक्त मुन्ना यादव, पे. सुरेश यादव, धीरज कुमार, पे. विजय यादव, दोनों सा. चन्दाचक, थाना नीमचक बथानी, जिला गया के घर पर नीमचक बथानी थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी के द्वारा विधिवत इश्तिहार चस्पा की गई। बताया गया कि गया पुलिस है तैयार, अपराधी करें आत्मसमर्पण, नहीं तो होगी कुर्की और होंगे गिरफ्तार।

### एएसपी ने लंबित कांडों की समीक्षा की

**गया (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के एसएसपी आनंद कुमार के निर्देशानुसार शुक्रवार को मिशन अनुसंधान के तहत एएसपी ग्रामीण अनवर जावेद के द्वारा फतेहपुर थाना में लूट/हत्या/डकैती एवं अन्य गंभीर लंबित कांडों की समीक्षा की गई। कांडों में सत्य पाए गए एवं फरार अपराधियों के विरुद्ध गिरफ्तारी, वारंट एवं कुर्की की कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा लंबित सभी बिन्दुओं पर शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए जल्द से जल्द कांड का निष्पादन करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

## सरकारी योजनाओं से महादलित परिवारों का कोई भी लाभुक नहीं रहेगा वंचित : बीडीओ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** सरकारी की योजनाओं से अनुसूचित जाति-अनुसूचित जन जाति के कोई भी लाभुक वंचित नहीं रहे। इस ख्याल से प्रखंड के सभी महादलित टोलों में 19 अप्रैल से विशेष विकास शिविर लगाया जा रहा है। इसके लिए यहां सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। शिविर में किसी तरह की कोई त्रुटि नहीं रह जाए इसे लेकर बीडीओ ने शुक्रवार को सभी विभागीय अधिकारियों, पंचायत सचिवों पचायत रोजगार सेवकों व विकास मित्रों के साथ अंतिम समीक्षा बैठक की। बीडीओ शशिभूषण साहू ने बताया कि शिविर को लेकर की गई तैयारियों की बिंदुबार समीक्षा की गई। साथ ही बैठक में मौजूद रहे सभी अधिकारियों और कर्मियों से बारी-बारी उन्हें दिए गए कार्यों के निष्पादन के बारे में जानकारी ली गई। साथ ही शनिवार 19 अप्रैल को लगने वाले शिविर में कोई कमी नहीं रहे इस संबंध में उन्हें दिशा-निर्देश भी दिया गया। उन्होंने बताया कि महादलित टोला में 19 अप्रैल से लगने वाली विशेष विकास शिविर का नाम बदलकर अब डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा योजना कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सप्ताह के प्रत्येक बुधवार और शनिवार को अनुसूचित जाति व अनुसूचित जन जाति टोला पर राज्य सरकार की ओर से 22 तरह की योजनाओं पर काम किया जा रहा है। इन योजनाओं को सभी महादलित टोला पर पहुंचाने की योजना है। महादलित परिवार के वंचितों को इन योजनाओं का लाभ शिविर में ही ऑन द स्पॉट लाभ दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यहां शिविर की सभी तैयारी पूरी कर ली गई है।

### ब्रह्मदेव शर्मा का निधन

**गुरारू (नबिटा सं.)।** शुक्रवार की सुबह जदयू के वरिष्ठ नेता ब्रह्मदेव शर्मा ने इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना में आखरी सांस लिया। इनके आकस्मिक निधन से पार्टी को गुरूआ विधान सभा में गहरा झटका लगा है। गौरतलब है कि स्व.ब्रह्मदेव शर्मा उर्फ ब्रह्मदेव मिस्त्री काफी मृदुभाषी, कर्मठ, सादगी के प्रतिमूर्ति व्यक्तित्व के व्यक्ति थे। जदयू से पूर्व वे लोजपा (आर) में स्व.रामविलास पासवान के काफी करीबी रहे हैं और प्रदेश कार्यकारिणी समिति में भी सदस्य रह चुके थे।

**शपथ पत्र**

मैं हर्ष, पुत्र-रंजीत प्रसाद, ग्राम-दुधैला, पोस्ट-खंजहांपुर, थाना-बुनियादगंज, जिला-गया का स्थायी निवासी हूं। सत्य निष्ठा के साथ बयान करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं तथा मेरा आधार कार्ड नं. 3901 6746 2365 है। मेरा नामांकन डीएवी पब्लिक स्कूल पुनाईचक बोर्ड कॉलोनी पटना दिनांक 14.06.2021 वर्ग तृतीय में हुआ है जिसमें मेरा नाम हर्ष अंकित है जबकि मेरा सही नाम हर्ष राज है। मेरा नाम हर्ष के स्थान पर हर्षराज अंकित करने वास्ते शपथ पत्र दे रहा हूं। मैं हर्ष,पुत्र रंजीत प्रसाद, ग्राम-दुधैला, पोस्ट-खनजहांपुर,थाना-बुनियांदगंज, जिला-गया, शपथ पत्र संख्या 9290 दिनांक-17.04.2025 के अनुसर हर्ष राज के नाम से जाना जाऊंगा।

उपरोक्त बातें सत्य एवं सही है।

शपथकर्ता
हर्ष राज

संपादकीय

## बिहार : सीएम फेस पर घमासान

बिहार विधानसभा चुनाव में अभी छः महीने का वक्त है, लेकिन दो प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक गठबंधनों एनडीए और इंडिया में अभी से सीएम चेहरे को लेकर घमासान शुरू हो गया है। हाल में राज्य के वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व मंत्री अश्विनी चौबे ने यह बयान देकर खलबली मचा दी थी कि नीतीश कुमार की वरिष्ठता इतनी हो गई है कि उन्हें अब मुख्यमंत्री से ज्यादा बड़ा पद मिलना चाहिए। चौबे के बयान का जदयू ने तुरंत खंडन किया और भाजपा ने भी उसे चौबे का निजी बयान बताया। लेकिन चौबे ने सियासत के ताल में जो पत्थर फेंका, वह अनायास नहीं था। इससे भी बड़ा द्वंद्व अब राज्य के दो अति पिछड़े वर्ग से आने वाले और एक ही गठबंधन के दो बड़े नेताओं के बीच शुरू हो गया है। हरियाणा में भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को बयान दिया कि बिहार में विस चुनाव बिहार के उपमुख्यमंत्री और युवा भाजपा नेता सम्राट चौधरी के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। क्योंकि वर्तमान सीएम नीतीश कुमार मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं हैं। अफसर भी उनकी नहीं सुनते। सैनी के बयान पर राज्य में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एनडीए पर तंज कसा कि वहां सभी मुख्यमंत्री पद के हकदार हैं। हालांकि सैनी के बयान के सियासी खतरों को भांपकर खुद सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में एनडीए का चेहरा नीतीश कुमार ही हैं। विस चुनाव उन्हीं के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। विपक्षी राजद केवल भ्रम फैलाना चाहती है। हालांकि खुद विपक्षी महागठबंधन मंच सीएम फेस को लेकर एकमत नहीं है। लालू प्रसाद यादव और राजद अपने नेता और लालू के बेटे तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं तो महागठबंधन में शामिल कांग्रेस की तरफ से पार्टी के नए प्रदेशाध्यक्ष राजेश राम का नाम बढ़ाया गया है। यह नाम कांग्रेस के गोपालगंज विधायक यशवंत कुमार ने सुझाया है। यशवंत के बयान राजद और महागठबंधन में खलबली मच गई। राजद की आपत्ति के बाद कांग्रेस ने उन्हें कारण बताओ नोटिस थमा कर पर्यवेक्षक पद से भी हटा दिया है। उधर खुद राजेश राम ने सफाई दी है कि मैं कांग्रेस का एक साधारण कार्यकर्ता हूं। पार्टी ने मुझे गठबंधन को मजबूती देने का काम सौंपा है, मैं उसी में लगा हुआ हूं। जिस तरह की बात सामने आ रही है, मैंने उनका बयान सुना नहीं है, लेकिन अगर फिर भी उन्होंने ऐसा कहा है तो उस पर तत्काल विराम लगना चाहिए। अगर किसी की भावना का असर संबंधों पर आ रही है तो यह कतई ठीक नहीं है। राजेश राम ने भले ही विनम्रतावश यह सब कहा हो, लेकिन इससे यह तो उजागर हो ही गया कि महागठबंधन में भी सीएम फेस को लेकर सब कुछ ठीक नहीं है। वैसे तेजस्वी यादव नीतीश कुमार सरकार में उपमुख्यमंत्री रहे हैं, लेकिन बिहार की जनता उन्हे मुख्यमंत्री चेहरे के रूप में कितना स्वीकार करेगी, यह अभी कहना मुश्किल है। बिहार के संदर्भ यह जमीनी हकीकत है कि चाहे एनडीए हो या फिर इंडिया, किसी के पास भी नीतीश के मुकाबिल कोई चेहरा नहीं है। यानी नीतीश हर साल में जरूरी हैं। इसीलिए भाजपा बीच-बीच में टेस्टिंग भले कर रही हो, लेकिन चुनाव तक नीतीश को हटाने और विस चुनाव उनके बगैर कराने की नहीं सोच सकती। माना जा रहा है कि भाजपा भी अब उस अति पिछड़े वर्ग पर दांव खेल सकती है, जिसके नेता नीतीश कुमार हैं। उनकी काट के रूप में भाजपा ने सम्राट चौधरी को आगे बढ़ाया है, जो युवा भी हैं। बहरहाल सीएम फेस को लेकर दोनों गठबंधनों में असमंजस चुनावी नुकसान पहुंचा सकता है। इससे बचा जाना चाहिए।

# द रिपब्लिक ऑफ स्टोरीटेलिंग : भविष्य बहुआयामी



**फिरदौसुल हसन**
**भारतीय फिल्म निर्माता; अध्यक्ष, भारतीय फिल्म महासंघ अध्यक्ष, बंगाल फिल्म और टेलीविजन चैंबर ऑफ कॉमर्स**

हम उस दौर से गुजर रहे हैं, जहाँ एक शांत क्रांति जारी है।

यह उस तरह का नहीं है जो सुर्खियों में रहे या सोशल मीडिया पर छा जाए - बल्कि यह उस तरह का है जो सतह के नीचे गूंजता रहे। यह सब साधारण संपादन कक्षों में हो रहा है, उधार लिए गए लैपटॉप द्वारा संचालित एक्सआर लैब्स में, शयनकक्षों में जहां सिलचर का एक 22 वर्षीय युवक अपनी दादी की युद्ध की यादों के बारे में एक कहानी को एनिमेट करता है। यह उन गाँवों में हो रहा है जहाँ बच्चे अपने स्मार्टफोन पर बांग्ला जासूसी श्रृंखला का आनंद लेते हैं और उन स्टूडियो में भी जहां तमिल स्क्रिप्ट को एआई द्वारा 17 भारतीय भाषाओं में डब किया जा रहा है।

इस समय भारत अब कला और संहिता के चौराहे पर है और एक बार फिर सड़क का यह दोराहा घर की ओर ले जाता है।

***एक सॉफ्ट पावर जो प्रस्फुटित होने के इंतजार में*** – बहुत लंबे समय तक, भारतीय सिनेमा को या तो बॉलीवुड के बॉक्स ऑफिस या इसके अंतर्राष्ट्रीय समारोहों की स्वीकृति से मापा जाता था। यह एक संकीर्ण दृष्टिकोण था। हम जिस चीज से चूक गए, वह थी शांत शक्ति जो बीच में निहित थीः लोक यथार्थवाद, आदिवासी मिथक, इंडी एनीमेशन, जमीनी स्तर पर गेमिंग - ऐसे रूप जो 90 के दशक में विपणन योग्य नहीं थे, लेकिन आज उपार्जन के योग्य हैं।

वर्तमान सरकार को इसका श्रेय दिया जाना चाहिए कि उसने इस बड़े बदलाव को जल्दी महसूस किया और इस पर स्पष्टता और मजबूत इरादे के साथ इस पर काम किया है। वेव्स 2025, क्रिएट इन इंडिया चैलेंज और वेवएक्ससेलेटर जैसी पहलें केवल नीति-स्तर के संकेत नहीं हैं। ये घोषणाएँ हैं कि भारत की रचनात्मक पूंजी अब एक राष्ट्रीय संपत्ति है और किस्से-कहानीयों को सुनाना अब संस्कृति का एक सजावटी उप-उत्पाद नहीं है, बल्कि कूटनीति, नवाचार और अर्थव्यवस्था का एक इंजन है।

क्योंकि कहानी सुनाना अब केवल भावनात्मक मुद्रा नहीं है-यह आर्थिक पूंजी बन गया है। अकेले एवीजीसी-एक्सआर क्षेत्र के 2025 तक 45,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है, जो सालाना लगभग 17 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। ओटीटी सामग्री की खपत में साल-दर-साल 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिसमें क्षेत्रीय कंटेंट अब कुल दर्शकों का 55 प्रतिशत से अधिक हिस्सा बना रहा है (फिक्की-ईवाई 2024)।

यह कोई एक प्रवृत्ति नहीं है। यह एक नई सामग्री अर्थव्यवस्था आकार ले रही है और इस बार, यह बहुभाषी और बहु-भौगोलिक

**मिथक से बाज़ार तक-पूर्व जागृत हो राजा है–** आइए अब स्पष्ट रूप से बात करें। यदि भारत वास्तव में दुनिया की कंटेंट राजधानी बनना चाहता है, तो वह केवल मुंबई-दिल्ली केंद्रित नहीं रह सकता। वैश्विक किस्से-कहानीयों को कहने की अगली सफलता पूर्व और उत्तर-पूर्व से आनी चाहिए - उन भूमियों से जिन्होंने लंबे समय से भारत को उसकी सबसे मौलिक साहित्यिक, संगीतमय और दार्शनिक आवाजें दी हैं।

ये क्षेत्र अविकसित नहीं हैं। बल्कि वे कम जुड़े हैं। उनके पास कहानियों की कमी नहीं है। वह मौलिकता से भरे हैं - आओ और खासी के मौखिक रहस्यवाद से लेकर बांग्ला सिनेमा के गीतात्मक यथार्थवाद तक, संथाल महाकाव्यों से लेकर बोडो विज्ञान-कथा रूपकों तक।

ऐतिहासिक रूप से उनके पास संरचनात्मक बाजारों, किफायती उपकरणों, वितरण और सही प्लेटफार्मों तक पहुंच की कमी रही है। शुक्र है कि यह बदलने लगा है।

आज, कोलकाता इस अप्रयुक्त प्रतिभा के गलियारे के लिए एक रणनीतिक प्रवेशद्वार के रूप में उभर रहा है।

प्रोडक्शन के लिए तैयार स्टूडियो, प्रशिक्षित तकनीशियनों की प्रचुरता, विश्व स्तरीय पोस्ट सुविधाएं और प्रयोग के साथ विरासत को मिलाने वाली बौद्धिक संस्कृति के साथ, बंगाल भारत का अगला विशाल कंटेंट केंद्र बनने के लिए तैयार है।

इसके अलावा असम, त्रिपुरा, सिक्किम, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश से इसकी निकटता को भी जोड़ लें, तो हम एक क्षेत्र नहीं, बल्कि एक रचनात्मक इकोसिस्टम को देख रहे हैं, जो सक्रिय होने की प्रतीक्षा कर रहा है।

स्थानीय लोग? आश्चर्यजनक। लागतें? प्रबंधनीय। क्रू सदस्य? बेहतर प्रदर्शन के लिए अति उत्साही। बुनियादी ढांचा? तेजी से वृद्धि।

**कहानी कहने से लेकर कहानी-वास्तुकला तक–** डिजिटल युग में, कहानियां ÷द एंड÷ पर नहीं रुकती हैं। वे नए प्रारूपों में शामिल होते हैं - मीम्स, गेम्स, एनिमेटेड स्पिन-ऑफ्स, इमर्सिव प्रदर्शन, एआर अनुभव। कंटेंट अब एक ही तरह का नहीं है - यह लगातार चलने वाला, संवादात्मक, गतिशील है।

और भारत, तकनीकी प्रवाह और कलात्मक शैली के अपने दुर्लभ मेल के साथ, इस युग के लिए विशिष्ट रूप से सुसज्जित है। हमारा देश ऐसे कवियों का देश हैं जो कोड लिखते हैं। हमारे फिल्म निर्माता पद्य और वाक्य रचना में सोचते हैं। हमारे एनिमेटर रूपक से एल्गोरिदम का निर्माण करते हैं। जब एक मणिपुरी एक्सआर कलाकार जनजातीय स्मृति का एक वॉक-थ्रू संग्रहालय बनाता है, या जब एक बांग्ला एआई स्टार्टअप ग्रामीण लेखकों की स्क्रिप्ट को मोशन कॉमिक्स में बदलने में मदद करता है, तो यह सहायता नहीं है-यह सिनेमा का एक नया व्याकरण है.. और यह अभी लिखा जा रहा है।

**रचनात्मक वर्ग पर सरकार का शांत दांव–** हाल की स्मृति में पहली बार भारत सरकार न केवल वाणिज्य या बुनियादी ढांचे पर, बल्कि राष्ट्रीय क्षमता के रूप में रचनात्मकता पर बड़ा दांव लगा रही है।

अनुदान, स्टार्टअप प्रोत्साहन, सह-निर्माण प्लेटफार्मों और वेव्स जैसे आयोजनों के माध्यम से अब सबको सपने देखने का अधिकार दिया जा रहा है। यह बताया जा रहा हैः नेटफ्लिक्स पर फिल्म बनाने के लिए आपको फिल्म पारिवारिक विरासत से होने की आवश्यकता नहीं है। आप जोरहाट या जलपाईगुड़ी से भी हो सकते हैं। आपको अब जुहू के गलियारों में भटकने की जरूरत नहीं है। आपको एक कहानी की जरूरत है - और एक ऐसे ढांचे की जो उसे आगे बढ़ाने में मददगार हो।

और यहाँ एक विनयपूर्ण सुझाव है-जिस तरह इस सरकार ने कूटनीति और प्रौद्योगिकी में भारत को एक सॉफ्ट पावर महाशक्ति के रूप में पुनः स्थापित किया है, अब एक कदम और आगे जाकर - इन शिखर सम्मेलनों को महानगरों से आगे ले जाना चाहिए।

अगली बार वेव्स का आयोजन कोलकाता में हो। अगली एनीमेशन लैब की मेजबानी गुवाहाटी में हो। अगरतला में भारत का पहला आदिवासी कहानी बाजार शुरू किया जाए क्योंकि जब इन क्षेत्रों के रचनाकार देखेंगे कि राष्ट्रीय सुर्खियां केवल कुछ लोगों के लिए ही आरक्षित नहीं हैं, तो वे आगे बढ़ेंगे। और उनके साथ भारत का उदय होगा।

**पैमाने की संस्कृति, केवल दायरा नहीं है–** लेकिन कहानी कहने के इस प्रजातंत्र को फलने-फूलने के लिए, हमें इस उद्योग में भी विकसित होना होगा। हमें गेटकीपिंग से लेकर मचान की ओर आगे बढ़ना होगा। कहानियों के स्वामित्व से लेकर कथाकारों को सक्षम बनाने तक। ÷आरओआई क्या है?÷ यह पूछने से लेकर, ÷इस प्रतिभा को नजरअंदाज करने का जोखिम क्या है?÷ तक।

क्योंकि अगर हम अब इस कथा वास्तुकला का निर्माण नहीं करते हैं तो कोई और करेगा। और हम उस अर्थव्यवस्था में पिछड़ जाएंगे जिसका नेतृत्व हम कर सकते थे।

**भविष्य बहुआयामी है और यह दुनिया भर की आवाजों से प्रभावित होगा –** वेव्स 2025 में क्रिएटर्स, कोडर्स, प्रोड्यूसर्स और नीति निर्माता एकत्रित होंगे। यह इमर्सिव तकनीक, ओरिजिनल आईपी और भारत की नैरेटिव नर्व को प्रदर्शित करेगा। लेकिन इसका वास्तविक प्रभाव इसमें नहीं है कि इसका मंचन किया गया है, बल्कि इसमें है कि यह क्या संकेत देता है। वैश्विक मनोरंजन का अगला अध्याय केवल अंग्रेजी, हिंदी, स्पेनिश या कोरियाई भाषा में नहीं लिखा जाएगा। यह असमिया, बांग्ला, नागामी, उड़िया, नेपाली, मिजो या गारो में उपलब्ध होगा - यूनिटी में निर्मित, कोड से युक्त, 4य में स्ट्रीम किया जाएगा तथा दुनिया भर के लिए सबटाइटल के साथ उपलब्ध होगा।

दुनिया अब पूर्व की ओर देखेगी। और जब ऐसा होगा, तो भारत को इसके लिए तैयार रहना होगा। केवल आयोजनों के साथ नहीं। बल्कि पहुंच, समानता और उत्कृष्टता की स्थायी संरचनाओं के साथ।

अध्यात्म

## दिखाई देने वाली संभावना के लिए हमेशा सतर्क रहना चाहिए



एक आदमी को एक बहुत ही पुरानी किताब मिली और उस किताब में परिवर्तन का पत्थर की कहानी थी। एक पत्थर जो किसी भी धातु को शुद्ध सोने में बदल सकता है।

उस कहानी में लिखा था की परिवर्तन का पत्थर भी एक कंकड़ ही होगा जो हर किसी कंकड़ की तरह ही दिखाई देगा। पर रहस्य यह था की यह पत्थर गर्म तप का होंगा।

आदमी ने यह कहानी पढ़ने के बाद उस पत्थर को तलाश ने का फैसला किया और उसके लिए उसने अपनी सारी संपत्ति बेची, कुछ साधारण आपूर्ति खरीदी और उसी तट पर कैंप लगाकर उस पत्थर की खोज उसने शुरू कर दी थी। आदमी में प्लान किया की वह प्रत्येक कंकड़ को महसूस करने के बाद ही उस पत्थर को समुद्र में फेक देगा। ताकि वह उस कंकड़ को फिर से उठा ना पाए। वह आदमी हर बार कंकड़ उठता उसे महसूस कर पता करता की वह ठंडा है या गर्म उसके बाद ही वह उस कंकड़ को समुद्र में फेंक देता।

उस आदमी ने बहोत दिनों तक ऐसा करता रहा लेकिन उसे वह परिवर्तन का पत्थर नहीं मिल पाया। लेकिन वह अपने इस कार्य में लगा रहा और कई महीनों तक उस पत्थर की खोज करता रह गया।

एक दिन वह पत्थर लेता है और वह गर्म था। आदमी ने उस पत्थर को महसूस करने से पहले ही समुद्र में फेक देता और वही पत्थर परिवर्तन का पत्थर होता है। वह आदमी उस पत्थर को भी समुद्र में फेंक देता है क्यों की वह आदमी बहोत दिनों से पत्थर को खोज रहा होता है और उसने खुद में कंकड़ फेकने की इतनी आदत लगा ली थी की अब वह उस परिवर्तन के पत्थर को भी महसूस नहीं कर पाया था।

**सीख**

यह कहानी सिखाती है की दिखाई देने वाली संभावना के लिए हमेशा सतर्क रहना चाहिए।

चिंतन

# व्यथा की कथा



**रवि तिवारी**

इस पृथ्वी पर इंसानो का राज है तथा यह इंसान रूपी प्राणी तीन वर्गो में विभाजित किया गया है एक पुरुष, दूसरी महिला और तीसरी किन्नर।इन मे से पृथ्वी पर पुरुष प्रधानी राज सदियों से चला आ रहा है।महिलाओ की स्थिति शुरुवाती दौर से बहुत अच्छी नही रही है लेकिन इसमें क्रमशः सुधार ही होता आया है,जिसमे महिलाओ से अधिक पुरुषों की भूमिका रही है और आज वर्तमान युग मे बराबरी के दौर में आ जाने की जद्दोजहद वाला समय चल रहा है।

एक समय था जब एक पुरूष की (राजा महाराजाओं की)कई पत्नियां हुआ करती थी, इसका पैसो या पद के अलावा समाज मे मान्यता प्राप्त प्रचलन की बात अधिक थी। यह वह समय था जब पुरुषों के मुकाबले महिलाओ की संख्या अधिक हुआ करती थी तथा यह भी एक कारण हो सकता है कि युद्ध मे असंख्य पुरुषों के युद्ध मे मारे जाने से महिलाओ का बहुतायत में अकेला रह जाना। इसमे भी विरोधाभाष बहुत मिलता है महाभारत के काल मे भगवान कृष्ण की अनेक पत्नियों के होने का जिक्र मिलता है तो उसी काल मे वही द्रौपती के पांचों पांडव पति होने का भी।रामायण के काल मे राजा दशरथ की तीन पत्नियां थी वही उनके पुत्रो जिसमे भगवान राम भी शामिल है कि एक ही पत्नी थी,उसी काल मे राजा रावण की भी एक ही पत्नी का जिक्र मिलता है। भगवान गणेश की दो पत्नियों के जिक्र होता है वही उनके पिताश्री भगवान शिव की एक ही पत्नी को उल्लेख मिलता है। मुस्लिम राज में हुए राजाओ की अनेक पत्नियों के साथ ही उनकी दासियों का जिक्र इतिहास में मिलता है।

वर्तमान युग मे भी स्वाजीलैंड के राजा ने अपने यहां एक फरमान निकाल कर पुरुषों को यह आदेशित किया है कि उन्हें कम से कम चार पांच -महिलाओ से शादी करनी ही होगी अन्यथा वे सजा के हकदार होंगे।

तुलसीदास के एक दोहे से उस समय मे रही महिलाओं को दशा व सामंती सोच का संकेत मिलता है–

ढोल गंवार शूद्र पशु नारी,
सकल ताडना के अधिकारी

ब्रिटेन अमेरिका ने भी कई वर्षो बाद अपने यहाँ की महिलाओ को वोट देने के लायक समझ कर उन्हें वोट देने का अधिकार प्रदान किया था। आज भी कई देशों में महिलाओ को ड्राइविंग लाइसेंस के लायक भी नही समझा जाता है,कहने का मतलब यह की इस पृथ्वी पर महिलाओ की स्थिति उनके बहुत कठिन संघर्ष के बाद क्रमशः ही अच्छी होती गयी है। आज दुनिया मे उनकी स्थिति बदल चुकी है वे बेहतर से बेहतरीन की ओर लगातार अग्रसर हो रही है।इस समय महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी अच्छी व मजबूत स्थिति का दुनिया को अहसास करा रही है, ऐसे समय मे उनका अपने घरो में उनका अपना सम्राज्य ना हो ऐसा कैसे हो सकता है।आजकल नारी के प्रताड़नाओं से पीड़ित पुरुषों के संघठन अक्सर सुनाई पड़ जाते है।

आज की व्यथा की कथा महिलाओं के साथ साथ उस व्यक्तियों के बारे में है जिनकी मालकिन महिलाये होती है या जिनकी बॉस महिलाये होती है,कामकाज स्थल स्थल पर उन महिलाओ की सुनता है फिर घर आकर अपनी बीबी की, यह ऐसे ही व्यक्ति के उसके दिमागी हालत ही यह व्यथा की कथा है,ऐसा पीड़ित पुरुष घर आकर अपनी बीबी को झल्ला कर कहता है कि तुम भी आज कल मेरी बॉस की तरह ही बात करने लगी हो जबकि ऐसा वास्तव में होता नही है केवल यह उसकी रोज झेली जाने वाली हुई व्यथा के कारण ही उसे ऐसा लगने लगता है।जबकि वास्तव में बीबी का नियंत्रण तो उसके जीवन मे शुरू से ही रहा होता है,तथा घर मे शांति व्यवस्था की खातिर वह पुरुष सदा मौन रहता है, बीबी की मर्जी होगी तभी गर्मी में फ्रिज का ठंडा पानी पीने को मिलेगा अन्यथा मटके के पानी से ही उसे काम चलाना पड़ता है वह भी उसके फायदे गिनवाते हुए से लेकर अपनी रोज मर्रा की दिनचर्या के हर काम मे उसकी बीबी के नियंत्रण का प्रभाव साफ साफ तौर पर दिखाई भी देता है,बात करने के ढंग,किसी काम मे अपनी सहमती देने की प्रक्रिया में भी बीबी की प्रतिछाया की झलक मिल ही जाती है किन्तु वह उसे कभी बुरा नही लगता क्योकि वह अब तक उसका आदि हो चुका होता है।बीबी यह देख समझ कर खुशी से चहकती है क्योकि उसे लगता है कि उसका घर उसके पूर्णतः नियंत्रण में है।कामकाजी महिलाओं की मानसिकता में घरेलू महिलाओ की तुलना में बहुत अंतर होता है अपने पतियों पर नियंत्रण के मामले में।

आज कल की महिलाएं कुछ भी पहन लें या कोई भी कार्य करे (शराब-सिगरेट पीने से लेकर जूआ खलने तक) उसे फैशन या मॉर्डन विचारो वाली की संख्या दे दी जाती है और पुरुष अपना पूरा तन ढके, तथा संभल संभल के कार्य करने लगा है नही तो वह अपने समाज मे फूहड़ कहलाता है।अब समय तेजी से बदल रहा है जहां पर महिलाओ से कही अधिक पुरुषों की व्यथा की कथा समाज मे सुनाई पड़ती है,किसी को भी कभी भी फसा देने का पहलनामा जिसमे मस्स्क्ह्श्भ्स्त्त ताजा तरीन उदाहरण है।

अपनी बात का अंत कबीरदास के उस दोहे से करना चाहूंगा जिसमे वे कहते है कि सब का समय बदलता है जो आज महिलाओ की इतने वर्षो की दशा दिशा भुगतने के बाद अब समाज मे महिलाओ के पक्ष में बदलाव दिखाई देने लगा है–

माटी कहे कुम्हार से,तु क्या रोंदे मोय,
एक दिन ऐसा आएगा,मैं रौदूंगी तोय।

समय किसी का एक जैसा नहीं रहता है समय चक्र के साथ बदलता चला जाता है और उसी के अनुसार उसकी मान्यताएं भी। सभी दौर में उसकी परंपराएं व मान्यताएं पूरे समाज को स्वीकार्य रही है उसमें होने वाले परिवर्तन के पीछे इंसान की सोच में होने वाले परिवर्तन का पर्याय होता है। व्यथा की कथा हर दौर में होती है लेकिन एक दूसरे से थोड़ी अलग ....

**(लेखक वरिष्ठ चिंतक,कवि, साहित्यकार,फीचर फिल्म, विज्ञापन फिल्म कलाकार, सामाजिक कार्यकर्ता व पूर्व प्रशासनिक अधिकारी हैं )**

## समय का अनुशासन, न्याय का असली आभूषण

**प्रो. आरके जैन अरिजीत**

हमारी न्यायपालिका लोकतंत्र का वह जगमगाता सूरज है, जो हर अंधेरे को चीरने का दम रखता है। यह वह पवित्र मंदिर है, जहां सबसे कमजोर नागरिक भी अपने हक की फरियाद लेकर बेखौफ पहुंचता है, यह यकीन लिए कि उसकी पुकार सुनी जाएगी। मगर जब यह पुकार सालों, बल्कि दशकों तक गूंजती रहती है और जवाब में सिर्फ सन्नाटा मिलता है, तो वह मंदिर भी धुंध की चादर में लिपटा सा दिखने लगता है। आंकड़े इस कड़वे सच को और बेनकाब करते हैं। नेशनल ज्यूडिशियल डेटा ग्रिड (एनजेडीजी) की सितंबर 2024 की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की अदालतों में 4.9 करोड़ से ज्यादा मामले लंबित पड़े हैं, जिनमें 1.3 करोड़ मामले पांच साल से भी पुराने हैं। सुप्रीम कोर्ट के कंधों पर ही 80,000 से अधिक मामलों का बोझ है। ये सिर्फ आंकड़े नहीं, बल्कि उन लाखों जिंदगियों की त्रासदी हैं, जो इंसाफ की आस में अदालतों के चक्कर काटते-काटते थक हार जाती हैं। जब एक बेटी को अपने हक के लिए 40 साल तक जूझना पड़े, जैसा कि हाल के सुप्रीम कोर्ट के फैसले में सामने आया, तो यह महज देरी नहीं, बल्कि इंसाफ का गला घोंटने जैसा है। ऐसी देरी न सिर्फ पीड़ितों के विश्वास को चूर करती है, बल्कि न्यायपालिका की साख को भी कटघरे में खड़ा कर देती है।

**दोहरा मापदंडः समय की पाबंदी का सवाल–** जब सुप्रीम कोर्ट कार्यपालिका को समय की सख्त घड़ी थमाता है, मसलन राष्ट्रपति को विधेयकों पर तीन महीने की मोहलत, तो एक तीखा सवाल हवा में तैरता है—क्या वह खुद इस घड़ी की सुइयों के साथ कदमताल कर पा रही है? एक तरफ वह दूसरों को फुर्ती का मंत्र सिखाती है, दूसरी तरफ उसके अपने गलियारों में लंबित मुकदमों की फाइलें धूल चाट रही हैं। यह दोमुंहा रवैया उसकी विश्वसनीयता को कठघरे में खड़ा करता है। अगर समय ही न्याय का असली आलम है, तो क्या पहले अपने चौबारे को नहीं संवारना चाहिए? यह नजारा चीख-चीखकर कह रहा है- न्याय के मंदिर में सुधार की लौ अब और तेज जलनी चाहिए, पहले भीतर, फिर बाहर।

**चुनौतियांः समय के आगे बौनी व्यवस्था–** भारत जैसे विशाल और विविध देश में, जहां हर वर्ग न्यायपालिका से उम्मीद भरी नजरों से देखता है, समय पर न्याय देना एक बड़ी चुनौती है। सबसे गंभीर समस्या है जजों की कमी—2024 तक भारत में प्रति 10 लाख लोगों पर मात्र 21 जज थे, जबकि अमेरिका में यह संख्या 150 के आसपास है। जटिल कागजी कार्यवाही और तकनीकी संसाधनों की कमी इस देरी को और गहराती है। नतीजतन, समय न्याय की राह में सबसे बड़ा रोड़ा बन जाता है। फिर भी, यह निराश होने का समय नहीं है। यदि न्यायपालिका को समाज का सच्चा मार्गदर्शक बनना है, तो उसे समय के साथ कदम मिलाकर चलना होगा।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
परिजन आपके प्रति सहयोगात्मक भाव रखेंगे। कारोबार में अपेक्षित वृद्धि होगी। सरकारी कार्य बड़ी आसानी से पूरे हो जायेंगे। अपनी दिनचर्या में सुधार कर सकते हैं।

**वृषभ**
दाम्पत्य सम्बन्धों में मधुरता बढ़ेगी। मानसिक रूप से शान्ति का अनुभव करेंगे। पुराने परिचित मित्रों से आपका मिलना हो सकता है।

**मिथुन**
घर में मांगलिक कार्यों की रूपरेखा बन सकती हैं। कार्यक्षेत्र में थोड़ी परेशानियों के बाद सफलता मिलेगी। आर्थिक लाभ होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**कर्क**
रिश्तों को मजबूत करने का प्रयास रहेगा। व्यवहार कुशलता के कारण आपके सभी काम प्रगति में आ जायेंगे। आज समय व्यर्थ न करें।

**सिंह**
आज आपके लिये कार्यक्षेत्र में बहुत शानदार दिन रहने वाला है। आय के नये स्रोत बनेंगे। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा।

**कन्या**
गृहस्थ जीवन की समस्या दूर होंगी। आज आपको अत्यधिक धन व्यय करना पड़ सकता है। अपनी रुचि के अनुसार काम करें तो ज्यादा अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे।

**तुला**
आप ऊर्जावान होकर अपने कार्यों में लगे रहेंगे। आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। सर्दी-जुकाम आदि मौसमी बीमारियों की समस्या हो सकती है।

**वृश्चिक**
आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। मन अप्रसन्न रहने वाला है। मौसम में आये बदलाव को लेकर थोड़े सावधान रहें।

**धनु**
अपने निर्णयों को लेकर थोड़े असमंजस में रहेंगे। लोग आपकी प्रतिभा की प्रशंसा करेंगे। वाहन में आकस्मिक खराबी हो सकती है। युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

**मकर**
सन्तान को करियर में बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। शेयर बाजार से बड़ा धन लाभ हो सकता है। आपके व्यक्तित्व में सुधार होगा। पति-पत्नी के बीच सौहाद्रपूर्ण सम्बन्ध होंगे।

**कुंभ**
आज आप काफी व्यस्त रहने वाले हैं। अपने टार्गेट को लेकर पूरी मेहनत से काम करेंगे। मन में किसी विषय को लेकर चल रही तनातनी दूर होगी।

**मीन**
नये विषयों को जानने की इच्छा जागृत होगी। बच्चों की सुख-सुविधाओं का ध्यान रखें। आपकी रुचि के अनुसार काम नहीं होंगे। जॉब में परेशानियाँ आ सकती हैं।

# महिलाओं को योजनाओं की दी गई जानकारी

## अयोध्या प्रसाद उच्च विद्यालय धबौली में आयोजित कार्यक्रम में डीएम ने किया महिलाओं से संवाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** सदर प्रखंड के अयोध्या प्रसाद उच्च विद्यालय धबौली के प्रांगण में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम मे उप विकास आयुक्त, जिला परिवहन पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जीविका एवं अन्य सहित महिलाएं उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि यह एक अच्छा मौका है जब महिलाओं को उनकी योजनाओं के बारे में इतने विस्तार से जानकारी दी जा रही है। उन्होंने महिलाओं से उनकी अपेक्षाओं, आकांक्षों आदि के बारे में जानकारी लिया। मौके पर विभिन्न योजनाओं की लाभार्थियों द्वारा राज्य सरकार की योजनाओं से उन्हें हुए लाभों के बारे में जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा उपस्थित सभी महिलाओं को बिहार सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए किए गए सभी कार्यों के बारे में विस्तृत चर्चा की गई एवं सभी संचालित योजनाओं के बारे में भी जागरूक किया गया। साथ ही आगे किस प्रकार की योजना की आवश्यकता है उसके बारे में भी महिलाओं से बात की गई एवं सुझाव प्राप्त किए गए। महिलाओं को वहां लगे एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सरकार द्वारा किए गए सभी कार्यों को वीडियो फिल्म के माध्यम से दिखाया गया एवं सभी योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। बताते चलें कि जिले में 59 दिनों में कुल 1885 कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिसमें 5 लाख जीविका एवं गैर जीविका दीदियां शामिल होंगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिले में कुल 16 प्रचार रथ ग्रामीण विकास विभाग द्वारा उपलब्ध करवाया गया है। प्रति दिन 16 कार्यक्रम सुबह एवं 16 कार्यक्रम शाम यानि प्रतिदिन 32 कार्यक्रमों का आयोजन होगा। कार्यक्रम में राज्य सरकार महिलाओं से सरकारी योजनाओं के प्रति उनकी आकांक्षाओं एवं अपेक्षाओं के बारे में जानकारी लेगी एवं उसके अनुसार योजनाओं का निर्माण करेगी। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा आरक्षण, बिहार राज्य महिला सशक्तिकरण नीति 2015, नशा मुक्ति अभियान, बाल विवाह और दहेज प्रथा उन्मूलन अभियान, जीविका, सतत जीविकोपार्जन योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, सीएम बालिका पोशाक योजना आदि द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाया जा रहा है।

## महिला संवाद कार्यक्रम का डीएम ने किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** शुक्रवार को समाहरणालय कारगिल विजय सभा भवन में राज्यव्यापी महिला संवाद कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। साथ ही राज्य स्तर पर मुख्यमंत्री बिहार द्वारा पटना में महिला संवाद गतिविधियों का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला समाहरणालय स्थित करगिल विजय सभा भवन मे किया गया। उक्त कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग जिसमें जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला द्वारा भाग लिया गया। मुख्यमंत्री द्वारा महिला संवाद यात्रा के उद्घाटन के उपरांत जिला पदाधिकारी द्वारा जिला स्तरीय महिला संवाद कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। साथ ही महिला संवाद जागरूकता वाहनो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि महिला संवाद जिले के सभी प्रखंडों के 1885 जीविका ग्राम संगठनों में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान राज्य सरकार द्वारा महिलाओं से जुड़ी योजनाओं के बारे में महिलाओं को विभिन्न माध्यमों से जानकारी दी जाएगी ।कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, जिला परिवहन पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जीविका सहित महिला संवाद अनुश्रवण समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।



# डीएम ने जागरुकता रथ को किया रवाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** महिला सशक्तिकरण की दिशा में क्रियानवित योजनाओं/कार्यों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आये सकारात्मक बदलाव पर विस्तृत संवाद, सरकारी स्तर पर योजनाओं के सूत्रण एवं नीति निर्धारण में महिलाओं की आकांक्षाओं व अपेक्षाओं को बेहतर ढंग से समाहित करने हेतु राज्य सरकार द्वारा महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किए जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त बातें जिलाधिकारी रौशन कुशवाहा ने समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम के दौरान उक्त बातें कही। तदुपरांत कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु जिलाधिकारी रौशन कुशवाहा, उप विकास आयुक्त संदीप शेखर प्रियदर्शी एवं जिला परियोजना प्रबंधक (जीविका) विक्रांत शंकर सिंह ने महिला संवाद जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर सभी प्रखंडों केलिए रवाना किया। इसके पूर्व अपने संबोधन में श्री कुशवाहा ने बताया कि महिलाओं पर केन्द्रित योजना बनाने में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने केलिए ग्राम संगठन स्तर पर महिला संवाद का आयोजन प्रारंभ किया जाएगा, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में निवासित सभी महिलाओं को भाग लेने हेतु प्रेरित किया जाना है। यह कार्यक्रम सभी प्रखंडों में जीविका के कुल 3303 ग्राम संगठनों में तिथिवार आयोजित किया जाना है। उन्होंने बताया कि महिला संवाद कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण से सम्बंधित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के विषय में जागरुकता हेतु एल.ई.डी स्क्रीन युक्त जागरुकता वाहन के माध्यम से महिला सशक्तिकरण पर आधारित फिल्मों की प्रदर्शनी की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को जागरुक करने हेतु महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा क्रियानवित योजनाओं से सम्बंधित लीफलेट भी वितरित की जाएगी। श्री कुशवाहा ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्या उद्देश्य महिलाओं को अपने परिवार एवं गाँव की समस्याओं और आकांक्षाओं को चिन्हित एवं उसकी प्राथमिकता निर्धारित कर विकास की कार्ययोजना के सूत्रीकरण का अवसर प्रदान करना, प्रभावशाली, समावेशी एवं सहभागी सुशासन के लिए महिलाओं एवं सामुदायिक संस्थानों की भागीदारी सुनिश्चित करना है। श्री कुशवाहा ने इस कार्यक्रम की सफलता केलिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा महिला संवाद कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

# डिब्बा बंद पानी के सहारे हैं बंगाली टोला के लोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** एक तरफ नल जल योजना की सफलता के कसीदे गढे जा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ इस योजना की विफलता की कहानियां भी खबर की सुर्खियां बनते रहते हैं। इसी बीच एक अजीबो गरीब मामला समस्तीपुर के बंगाली टोला वार्ड 22 से सामने आई है जहां नल का जल अधिकांश घरों तक पहुंचा मगर लोग आज भी बोतल बंद पानी के भरोसे जीवन बसर कर रहे हैं। जी हां! इस वार्ड में नल - जल योजना का फैक्ट चेक करने केलिए जब संवाददाता ने कुछ लोगों से बात की तो पता लगा कि, नल से आने वाला पानी इतना बदबूदार है कि उस पानी का उपयोग करना तो दूर उसे छूना भी संभव नहीं है। इस बाबत हमने वार्ड सदस्य सुजय कुमार गुड्डु से शिकायत भी की है मगर उन पर कोई फर्क नहीं पडा। वार्ड के लोग बताते हैं कि वार्ड सदस्य भाजपा के नेता हैं। इस नाते वे हम लोगों से ठीक से बात भी नही करते। इसके अलावा इस वार्ड में डॉ कुंडू के निकट स्थित नाले ने भी लोगों का जीना दूभर कर रखा है। इसे ढकने और इसकी सफाई केलिए आग्रह किया गया मगर आज तक कोई सार्थक परिणाम सामने नहीं आया है। जबकि नाला खुला होने के कारण कई लोग जख्मी हो चुके हैं।

# दौनी के लिए मौसम पर रखें पैनी नजर

## गरज के साथ बारिश, बिजली गिरने की आशंका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** अगामी 19 अप्रैल को गरज के साथ बारिश, बिजली गिरने और धूल भरी आँधी चलने की संभावना है। साथ ही इस दौरान तेज सतही हवाएँ भी चल सकती है। डॉ राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा के ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जलवायू परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केन्द्र द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान में बताया गया है कि अगामी 22 अप्रैल, 2025 तक के मौसम पूर्वानुमान के अनुसार पुर्वानुमान की अवधि में अगले दो दिनों तक उत्तर बिहार के जिलों में आसमान में हल्के से मध्यम बादल देखें जा सकते है। जिसके कारण 18-19 अप्रैल को गरज के साथ बारिश, बिजली गिरने और धूल भरी आँधी की संभावना है, साथ ही तेज सतही हवाएँ चलने की भी सम्भावना है।

**बरते सावधानी**

दो दिनों के बाद यानी 18-19 अप्रैल के बाद मौसम शुष्क रहने की सम्भावना है। इस अवधि में अधिकतम तापमान 34 से 38 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। न्यूनतम तापमान 22 से 24 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकती है। पूर्वानुमानित अवधि में औसतन 15 से 20 कि0मी0 प्रति घंटा की रफ्तार से पुरवा हवा चलने की सम्भावना है। सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 75 से 85 प्रतिशत तथा दोपहर में 30 से 40 प्रतिशत रहने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक डॉ अब्दुल सत्तार एवं डॉ गुलाब सिंह ने किसान भाईयों को सुझाव देते हुए कहा है कि गेहुं की कटी फसल एवं मूंग की तैयार फलियों के सुरक्षित भंडारन की समुचित व्यवस्था कर लें। वहीं दौनी केलिए सावधानी बरतें तथा मौसम पर पैनी नजर रख कर ही कोइ कार्य करें।

# यूआर कॉलेज रोसड़ा में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन की रूपरेखा जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर/रोसडा।** बिहार सामाज विज्ञान अकादमी (बीएसएसए) का चैथा बिहार सामाज विज्ञान कंग्रेस (बीएसएससी) 17-18 मई, 2025 (शनिवार-रविवार) को यूआर कॉलेज, रोसड़ा, समस्तीपुर में डीबीकेएन कॉलेज, नरहन, समस्तीपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। विज्ञान, समाज और विकास विषयक इस दो दिवसीय सम्मेलन की सफलता के मद्देनजर बिहार सामाज विज्ञान अकादमी के महासचिव, चतुर्थ सामाज विज्ञान कंग्रेस के संयोजक सह यूआर कॉलेज के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ घनश्याम राय ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि बिहार सरकार के ग्रामीण कार्य मंत्री डॉ अशोक चौधरी, संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, समस्तीपुर की सांसद शांभवी, पटना विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफ़ेसर सीमा प्रसाद, प्रोफ़ेसर राकेश कुमार, स्नातकोत्तर इतिहास विभाग के अतिथि प्राध्यापक डॉ विद्यानंद विद्याता, डॉ अक्ल राम, स्नातकोत्तर उर्दू विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफ़ेसर सूर्यदेव सिंह और सहायक प्राध्यापक डॉ अफशां बानो को आमंत्रण पत्र और ब्रोशर दिया जा चुका है। इस दौरान पटना विश्वविद्यालय के शोधार्थी और छात्रों से अधिकाधिक सम्मेलन में भाग लेने हेतु प्रेरित किया गया। डॉ राय ने बताया कि उद्घाटन सत्र के लिए मुख्यमंत्री और माननीय कुलाधिपति सह राज्यपाल, मंत्रीगण को सम्मेलन के प्रथम दिन मुख्य अतिथि, व विशिष्ट अतिथि के तौर पर मंत्रीगण को आमंत्रण पत्र दिया गया है। साथ ही उनसे सम्मेलन की सफलता के लिए शुभकामना संदेश देने का अनुरोध किया गया है। डॉ राय ने बताया कि उद्घाटन सत्र में मुख्य भाषण के लिए जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के बायोटेक्नोलॉजी के सेवानिवृत्त प्रोफ़ेसर प्रोफ़ेसर संतोष के कार, एवं तकनीकी सत्र में मुख्य भाषण के लिए जेएनयू के सेवानिवृत्त प्रोफ़ेसर सुबोध नारायण मालाकार, ओडिशा के सेवानिवृत्त प्रोफ़ेसर सुधीर चंद्र जेना एवं नई दिल्ली के डॉ. अनिल दत्त मिश्रा आदि से सहमति प्राप्त हो गई है। इसके अलावा तकनीकी सत्र के लिए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं प्रतिवेदक को भी आमंत्रित किया जा रहा है। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर संजय कुमार चौधरी की अनुमति एवं अग्रेषण से सभी को आमंत्रण पत्र भेजा जा रहा है। इस क्रम में मगध, मुंगेर और नालंदा खुला विश्वविद्यालय एवं बीएनमंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के कुलपतियों को भी आमंत्रण पत्र भेजा गया है। डॉ राय ने बताया कि सम्मेलन के लिए सारांश/एब्सट्रेक भेजने की तिथि 25 अप्रैल 2025 और शोध पत्र भेजने की तिथि 30 अप्रैल 2025 तय की गई है। सारांश स्मारिका में प्रकाशित किया जाएगा और चयनित आलेखों को निःशुल्क आईएसबीएन नंबर के साथ पुस्तक में प्रकाशित किया जाएगा। शुल्क के बारे में बताते हुए कार्यक्रम के संयोजक डॉ राय ने बताया कि बिहार सामाज विज्ञान अकादमी के आजीवन संकाय/फ़ेक्लटी सदस्यों के लिए सदस्यता शुल्क 1000/ अन्य संकाय/फ़ेकल्टी सदस्यों के लिए 1500/, शोधार्थियों के लिए 600/ और स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्र/छात्राओं के लिए मात्र 200/ रखा गया है। युआर कॉलेज परिसर में तीन छात्रावास क्रमशः बिहार सरकार के कल्याण विभाग द्वारा संचालित अम्बेडकर राजकीय कल्याण छात्रावास/ पिछड़ा, अति पिछड़ा कल्याण छात्रावास एवं यूजीसी संपोषित महिला छात्रावास स्थित है। जहां बाहर के प्रतिनिधियों को 16 मई, 2025 की शाम से लेकर 19 मई, 2025 की सुबह तक ठहरने और भोजन की व्यवस्था रहेगी। अतिथियों और रिसोर्सपर्सन्स की उम्र और सुविधानुसार ठहरने की व्यवस्था की जाएगी।

## एक नजर

### तकनीकी सहायक को लेकर मुखिया संघ ने जताई आपत्ति

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के पूर्व तकनीकी सहायक अखिलेश कुमार सिंह को दो वर्ष पूर्व वीरपुर से डंडारी ट्रांसफर कर दिया गया था। लेकिन फिर वीरपुर पोस्टिंग करने पर वीरपुर प्रखंड मुखिया संघ ने आपत्ति जताई हैं। इस संबंध में वीरपुर प्रखंड के मुखिया संघ द्वारा गुरुवार को बेगूसराय के डीएम को आवेदन देकर बताया है कि तकनीकी सहायक अखिलेश कुमार सिंह 2 साल पूर्व यहां वीरपुर में रह चुके हैं। इनका कार्य काल अच्छा नहीं है। पुनः इनको वीरपुर प्रखंड ट्रांसफर कर दिए जाने से प्रखंड का विकास कार्य प्रभावित होगा। आवेदन के माध्यम से इनके जगह पर किसी अन्य तकनीकी सहायक को वीरपुर प्रखंड में पोस्टिंग करने की मांग की है। आवेदन पर भवानंदपुर पंचायत के मुखिया दीपक कुमार, गेनहरपुर पंचायत के मुखिया अशोक पासवान, वीरपुर पूर्वी पंचायत की मुखिया पूनम देवी, पर्रा पंचायत के मुखिया मोहम्मद असजद, जगदर पंचायत के मुखिया आशा देवी ,नौला पंचायत की मुखिया रिचा देवी का हस्ताक्षर अंकित है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि रामप्रवेश सिंह, अशोक प्रसाद यादव, प्रीतम कुमार भी मौजूद थे। ज्ञात हो की तकनीकी सहायक अखिलेश कुमार सिंह का स्थानांतरण पंचायती राज विभाग के पत्र के आलोक में डीएम द्वारा डंडारी से वीरपुर प्रखंड की गई है।

### विधायक ने चलाया जनसम्पर्क अभियान

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** स्थानीय विधायक ने पहसारा पूर्वी पंचायत के पीर नगर गम्हरिया, पोहलमुसहरी, ररिऔना में शुक्रवार को जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने जनसंपर्क चला कर महादलित परिवारों से मुलाकात की। इन परिवारों के पेयजल, सड़क, आवास, राशनकार्ड,बिजली आदि की उपलब्धता के संबंध जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आजादी के साढ़े दस दशक के बाद भी महादलित परिवारों को बुनियादी सुविधाओं से लैस नहीं किया जा सका है। यह डबल इंजन की सरकार की नाकामयाबी को दर्शाता है। विकास का ढिंढोरा पीटने वाली सरकार इन गरीब महादलित परिवारों के उत्थान के लिए चिंतित नहीं है। संविधान निर्माता बाबा साहेब डा भीम राव अम्बेडकर की दुहाई देने वाली सरकार इनकी जयंती पर बखरी में इनके स्मारक पर पार्टी विशेष का झंडा फहराकर महा दलितो का अपमान किया है। इसे धर्मनिरपेक्षता में विश्वास करने वाले सामाजिक व राजनीतिक दल के कार्यकर्ता कतई बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं। महादलित परिवारों के ज्वलंत समस्याओं के निराकरण तथा बुनियादी सुविधाओं से लैस कराने हेतु 21अप्रैल को अनुमंडलाधिकारी कार्यालय के समक्ष जंगजू धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। इसमें अधिकाधिक संख्या में लोगों को भाग लेने की अपील की। मौके पर पंचायत शाखा मंत्री कैलाश पासवान, सरपंच संजीव कुमार यादव, श्रवण कुमार, प्रमोद शर्मा सहित कई अन्य मौजूद थे।

### दो अभियुक्त गिरफ्तार

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गुरुवार की रात छापेमारी का थाना क्षेत्र के नौरंगा दियारा एवं हसनपुर दियारा से हत्या के मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है। जिसकी जानकारी देते हुए प्रशिक्षु आईपीएस सह थानाध्यक्ष साक्षी कुमारी ने बताया कि कांड संख्या 349 /24 थाना क्षेत्र के हसनपुर दियारा निवासी स्वर्गीय किशुन देव सिंह के पुत्र बालमुकुंद सिंह की हत्या मिर्ज़ापुर चौक के समीप लाल रंग के मैजिक गाड़ी में कर दी गई थी। जिस मामले में हसनपुर स्व रामखेलावन सिंह के पुत्र इंद्रदेव सिंह के द्वारा स्थानीय थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जिस मामले में हसनपुर निवासी देवनारायण सिंह के पुत्र राखो सिंह उर्फ राकेश कुमार हत्या में नामजद आरोपी किया गया था। जिस मामले में पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जबकि दूसरी ओर नौरंगा निवासी आनंदी राय के पुत्र अवध राय को हत्या के मामले में न्यायालय से गैर जमानती वारंट के आधार पर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है ।

### पेप्सी प्लांट के विरुद्ध हस्ताक्षर अभियान

**बीहट (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बरुन वेवरेज पेप्सी प्लांट द्वारा हो रहे जल दोहन के खिलाफ बीहट बाजार में टीम प्रियम ने हस्ताक्षर अभियान शुरू किया। अभियान का मकसद लोगों को जागरूक करना और एक एकजुट करना है। अभियान के पहले दिन लोगों का गुस्सा साफ नजर आया। टीम ने 10000 हस्ताक्षर जताने का लक्ष्य रखा है। अभियान की शुरुआत करते हुए प्रियम कुमार ने कहां कि जब तक वरुण बेवरेज कंपनी वैकल्पिक जल की व्यवस्था नहीं करती है।तब तक संयंत्र में जल आधारित कार्यों पर रोक लगे। उन्होंने कहा कि संयंत्र के 15 किलोमीटर के दायरे में मौजूद तालाब पोखर नहर जैसे जल खेतों का संरक्षण जरूरी है। क्षेत्र कृषि आधारित है। जल संकट से खेती प्रभावित हो रही है। प्रियम ने मांग की प्लांट बंद होने की स्थिति में उसे पर निर्भर कर्मियों को जीवन यापन भत्ता दिया जाए। 15 किलोमीटर के दायरे में स्थित विद्यालय महाविद्यालय सरकारी कार्यालय खेत मैदान एवं पंचायत भवन में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था अपने खर्चे पर करें वियाडा की खाली जमीन पर वृक्षारोपण कर क्षेत्र के वातावरण को रहने के योग बनाया जाए। उन्होंने बताया कि यह अभियान अब वार्ड स्तर पर चलाया जाएगा अभियान में संजय सिंह विकास कुमार प्रियांशु राम रघु तबीयत सदस्य शामिल हुए।

# रेल ओवरब्रिज निर्माण को लेकर शुरू होगा अनशन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** रेल विस्तार एवं विकास मंच की बैठक शुक्रवार को माधुरी चौक पर संयोजक शत्रुधन राय पंजी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मंच के सदस्य सह भाकपा माले के सुरेंद्र प्रसाद सिंह, माकपा के रधुनाथ राय, कंग्रेस के डोमन राय, ट्रेड यूनियन नेता एसके निराला आदि ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। भोला टाकीज एवं मुक्तापुर रेल गुमटी पर ओवरब्रीज निर्माण कार्य शुरू करने, रेल कारखाना में पीओएच निर्माण कार्य शुरू करने, अटेरन चैक रेल गुमटी पर औवरब्रीज निर्माण करने, माधुरी चैक स्थित चिल्ड्रेन पार्क का जीर्णोद्धार करने, अनुमंडल रेल अस्पताल को केंद्रीय अस्पताल का दर्ज़ा देने, कर्पूरीग्राम-ताजपुर-पातेपुर- महुआ- भगवानपुर, केवलस्थान-कर्पूरीग्राम एवं दलसिंहसराय-पटोरी नई रेल लाईन योजना आदि को मंजूरी देने की मांग को लेकर रेल कारखाना पर क्रमिक अनशन आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया गया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में शत्रुघ्न राय पंजी ने कहा कि भोला टाकीज एवं मुक्तापुर रेल गुमटी पर ओवरब्रीज निर्माण का शिलान्यास पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा किया गया। फिर निर्माण कार्य का शिलान्यास सांसद शांभवी चैधरी द्वारा किया गया। जिससे लोगों में जाम से निजान पाने की उम्मीद भी जगी। लेकिन आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ। बार-बार शिलान्यास कर जिलेवासियों को गुमराह किया जाता है। उन्होंने अविलंब निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की। वहीं माकपा के रधुनाथ राय एवं भाकपा माले के सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि उक्त दोनों गुमटी समस्तीपुर की लाईफ लाईन है। ओवरब्रीज निर्माण कार्य शुरू कराने की लेकर मंच शीघ्र ही जिला वासियों को साथ लेकर निर्णायक आंदोलन की शुरुआत करेगी।

# युवा समाजसेवी को स्थानीय सांसद व बिहु समिति ने किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** असम राज्य के गुवाहाटी महानगर चांदमारी स्थित, पूर्व गुवाहाटी बिहू समिति के द्वारा बिहू सम्मेलन के दौरान गुवाहाटी की वर्तमान सांसद बिजुली कलीता मेधी व पुर्व सांसद कुईन ओझा के द्वारा संयुक्त रूप से, हजारों लोगों की मौजूदगी में, समस्तीपुर जिला के चर्चित युवा समाजसेवी भाई राजू सहनी को, असामिस परंपरा के अनुसार सराय, प्रशस्ती पत्र, बुकलेट, जापी, असमिया गमछा से सम्मानित किया गया। समस्तीपुर जिले के उजियारपुर प्रखंड मुख्यालय से सटे भगवानपुर कमला गांव निवासी, सह सौरव इंडस्ट्रीज के संस्थापक महान समाजवादी विचारधारा के पुरोधा, गरीबों के मसीहा हरदिल अजीज राजू साहनी को सांसद कुईन ओझा के द्वारा सम्मानित किए जाने की खबर मात्र से उनके पैतृक जिला के साथ साथ उनके गांव में भी हर्ष का माहौल व्याप्त है। स्थानीय जिलावासियों का बताना था कि, जिस तरह असम सरकार के सांसद व वहां के स्थानीय लोगों के द्वारा युवा समाजसेवी भाई राजू साहनी को सम्मानित किया जा रहा है! अपने आपमें यह गर्व का पल है। छोटे से गांव का एक लड़का दुसरे प्रदेश में रहकर बिहार के साथ साथ अपने जिला व प्रखंड का नाम रौशन कर रहा है, यह बहूत बड़ी उपलब्धि है। युवा समाजसेवी भाई राजू सहनी असम के गुवाहाटी में रहकर अपना व्यवसाय करते हैं, तथा अपने गृह जिला समस्तीपुर के लोगों के हर एक सुख दुख में साथ रहते हैं। इस सम्मान को पाने के बाद समस्तीपुर जिले के लोग अपने आपको काफी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। आपको बता दें कि, समाजसेवी भाई राजू सहनी असम में रहने के बावजूद समस्तीपुर जिले के गरीब असहाय लोगों की दिलोजान से सहायता करते हैं। इसके साथ साथ धार्मिक कार्यों में भी उनकी काफी रूचि रहती है। अपने गांव कमला एवं आसपास के दर्जनों गांव स्थित छठ घाटों की व्यवस्था के अलावा असम में भी व्यापक पैमाने पर छठ पूजा का आयोजन करते हैं।

# अवैध क्लिनिक के विरुद्ध प्रशासनिक कार्रवाई सराहनीय : आईएमए

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** आईएमए सचिव डॉ पंकज कुमार सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन एवम स्वास्थ विभाग द्वारा की जा रही छापेमारी से स्वास्थ के क्षेत्र के अवैध कारोबारियों में हड़कंप मची है। उनके दुकानों में ताला भी लग रहा है।लेकिन छापेमारी दल में शामिल अधिकारियों को वैध अवैध क्लिनिक को लेकर तकनीकी जानकारी की कमी की वजह से कुछ वैध चिकित्सकों को भी परेशानी हुई। जब आईएमए के पहल से डीएम साहब की जानकारी में ये बात आई तो उन्होंने 16 अप्रैल को कारगिल भवन में समीक्षा बैठक रखा। जिसमे निर्णय लिया गया कि क्वालिफाइड चिकित्सकों को छापेमारी के दौरान यदि उनके क्लिनिक या अस्पताल में कोई त्रुटि पाई जाती है। तो उसको दूर करने या सुधार करने का समय दिया जाए। साथ ही संबंधित विभाग को निर्देशित किया कि एक निश्चित समय सीमा के अंदर उनको जरूरी कागजात उपलब्ध कर दिया जाए। दूसरी ओर झोलाछाप एवं अवैध क्लिनिक पर अंकुश लगे इसके लिए आयुष चिकित्सकों की एक अलग कैटेगरी बनाते हुए उनके कार्यक्षेत्र का निर्धारण स्वास्थ विभाग एवं जिला प्रशासन तैयार कर उन्हें अवगत करायें।इसलिए आयुष चिकित्सकों को रजिस्ट्रेशन देते समय ये सुनिश्चित किया जाए कि वो अपनी विधा में ही प्रैक्टिस करें । तभी जाकर झोलाछाप पर सही मायने में लगाम लग सकेगा। ज़िलाधिकारी महोदय ने ग्रुप सी कैटेगरी के क्लिनिक में अगर किसी क्वालिफाइड डॉक्टर का नाम है। और इंस्पेक्शन या रेड के समय अगर वो डॉक्टर साहब वहाँ मौजूद नहीं हैं तब उनपर कार्यवाही की जाएगी। साथ ही डीएम साहब ने क्वालिफाइड डॉक्टर्स से रिक्वेस्ट किया कि अच्छा हो कि आपलोग ऐसे क्लिनिक से अपना नाम हटा लें । उन्होंने यहां तक कहा की इससे समाज को तो नुकसान है ही साथ के साथ आपलोगों को डायरेक्ट नुकसान है कि आपके नाम पर झोला छाप फल फूल रहा है । डीएम ने आयुष चिकित्सक के वर्गीकरण की बात अलग से करने को की है । मेरी गलती से आयुष्मान लिखा गया।आयुष्मान रजिस्ट्रेशन के बात पर आईएमए सचिव डॉ पंकज कुमार सिंह ने जिलाधिकारी महोदय से अनुरोध किया कि किसी प्रोग्राम को मास लेवल तक पहुंचाना है तो नियम में कुछ ढील दिया जाए तभी जाकर सभी अस्पताल इस प्रोग्राम से जुड़ पायेंगे और तभी जाकर समाज को इसका पूर्ण लाभ मिलेगा। इसपर डीएम साहब ने आश्वासन दिया कि जो भी संभव होगा किया जाएगा। इस पर आईएमए अध्यक्ष और सचिव और ने जिलाधिकारी को धन्यवाद देते हुए भविष्य में पूरे सहयोग का आश्वासन दिया है।

## क्लिनिक सील होने से चिकित्सकों में आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बखरी के चिकित्सक डॉक्टर आर डी साहू के क्लीनिक पर गत दिन छापामारी एवं उनका ऑपरेशन थिएटर सील कर उनसे झोलाछाप की तरह व्यवहार करने का नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन बखरी शाखा ने भर्त्सना की है और जिला प्रशासन से मांग की है कि तत्काल डॉक्टर आर डी साहू के सील किए गए ऑपरेशन थिएटर को खोला जाए। नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन बखरी शाखा की बैठक डॉक्टर हेमचंद महतो की अध्यक्षता में बखरी में डॉक्टर आर डी साहू के क्लीनिक पर की गई। जिसमें नीमा के पूर्व प्रांतीय महासचिव डॉक्टर दिलीप कुमार वर्मा ने कहा कि बीएएमएस डिग्री धारी चिकित्सक अपने यहां माइनर सर्जरी कर सकते हैं और इस कार्य के लिए वह ऑपरेशन थिएटर रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि डॉक्टर आर डी साहू ने बेगूसराय स्थित सरकारी आयुर्वेद कॉलेज से स्नातक की डिग्री हासिल की है जिसमें उन्होंने अपने सिलेबस में माइनर सर्जरी संबंधी सारी चिकित्सा विधा पढी हैं। बैठक में डॉक्टर हेमचंद महतो ने कहा कि यदि विधि मान्य डिग्री वालों को तंग तबाह किया जाता है तो आंदोलन का रुख अपनाया जाएगा। डॉ ललित कुमार ने डॉक्टर आर डी साहू के साथ झोलाछाप की तरह व्यवहार करने की कड़ी निंदा की। बैठक में डॉक्टर आनंदी महतो, डॉक्टर चंद्रशेखर राय, डॉ मृत्युंजय कुमार सिंह, डॉ रमन कुमार सहित कई चिकित्सक मौजूद थे।

# भारत के कानूनी ढांचे को आकार देने में बाबा साहब की रही अहम भूमिका : राधामोहन

## भाजपा ने अम्बेडकर की प्रतिमा लगा दिया सामाजिक समानता का प्रतीक : मंत्री, भाजपा ने किया भीमराव अंबेडकर सम्मान समारोह का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** आज राजेन्द्र नगर भवन में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नगर विकास मंत्री बिहार सरकार जीवेश मिश्र और सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधामोहन सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री सिंह ने कहा कि 1990 में भाजपा समर्थित सरकार द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। उसी वर्ष अटल बिहारी वाजपेयी के प्रयासों से संसद भवन में बाबा साहेब का चित्र स्थापित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने डॉ0 अंबेडकर से जुड़े पांच प्रमुख स्थलों को विकसित किया, जिन्हें पंचतीर्थ कहा गया। पांच तीर्थ में जन्म भूमि- महू (मध्यप्रदेश), चैत्य भूमि- मुंबई, जहां उनका अंतिम संस्कार हुआ, शिक्षा भूमि- लंदन में यह स्थान जहां वे शिक्षा के दौरान रहे, दीक्षा भूमि- नागपुर, जहाँ उन्होंने बौद्ध धर्म स्वीकार किया,महापरिनिर्वाण भूमि- दिल्ली में उनका निधन स्थल, लंदन स्थित डॉ. अंबेडकर के निवास को भाजपा सरकार ने खरीदा और उसे एक स्मारक में परिवर्तित किया। श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सरकार ने डॉ0 अंबेडकर की 125वीं जयंती पर 120 देशों में कार्यक्रम आयोजित कर, सामाजिक न्याय और समानता में उनके योगदान को वैश्विक मंच प्रस्तुत किया। 26 जनवरी, 2016 को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा राजपथ पर डॉ. अंबेडकर पर आधारित झांकी प्रस्तुत की गई। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान को सम्मानित करने और भारत के कानूनी ढांचे को आकार देने में उनकी भूमिका को जनता को याद दिलाने के लिए सुप्रीम कोर्ट और कानून मंत्रालय में उनकी प्रतिमा स्थापित की। वहीं नगर विकास मंत्री बिहार सरकार जीवेश मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा सरकार ने 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में घोषित कर, डॉ. अंबेडकर के संविधान निर्माण में योगदान को राष्ट्रीय स्मृति में स्थान दिया। डॉ0 अंबेडकर के नाम पर भीम ऐप लॉन्च किया गया, जिससे डिजिटल भुगतान और आर्थिक समावेशन को बढ़ावा मिला। श्री मिश्र ने कहा कि दिल्ली के 26, अलीपुर रोड पर डॉ. अंबेडकर राष्ट्रीय स्मारक का उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी ने किया। मुंबई में डॉ0 अंबेडकर की भव्य प्रतिमा के निर्माण की पहल भाजपा सरकार ने की, जो उनके सामाजिक समानता के संदेश का प्रतीक है।डॉ0 अंबेडकर के लेखन कार्य को डिजिटाइज कर लोगों तक पहुंचाने का कार्य भाजपा द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अज्ञात अपराधियों ने युवक को मारी गोली, हालत नाजुक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के हुलासगंज थाना क्षेत्र के बिहटा गांव में गुरुवार को एक युवक को अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी। घायल युवक की पहचान धर्मेंद्र पंडित के रूप में हुई है। आनन-फानन में उसे सदर अस्पताल जहानाबाद लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही घोसी के एसडीपीओ संजीव कुमार सदर अस्पताल पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। एसडीपीओ ने बताया कि वे पीड़ित का बयान दर्ज करने आए थे, लेकिन घायल की स्थिति गंभीर होने के कारण उसे पटना रेफर कर दिया गया। इधर, घायल धर्मेंद्र पंडित ने बयान में आशंका जताई है कि जमीन विवाद और पारिवारिक रंजिश के चलते उन पर जानलेवा हमला हुआ है। धर्मेंद्र ने बताया कि उनके पड़ोसियों के साथ जमीन का विवाद चल रहा है। साथ ही, लड़की भगा कर शादी करने के कारण ससुराल पक्ष से भी तनाव बना हुआ था। उन्होंने शक जताया कि हमले के पीछे पटीदार या ससुराल पक्ष के लोग हो सकते हैं। पुलिस फिलहाल सभी पहलुओं से जांच में जुटी है। असली कारण क्या है, यह जांच और बयान के आधार पर सामने आएगा। पीड़ित ने बताया कि मेरे पटीदार और ससुराल पक्ष से विवाद चल रहा था। उन्हीं में से किसी ने मुझ पर जानलेवा हमला कराया है। एसडीपीओ संजीव कुमार ने बताया कि हम पीड़ित का बयान लेने पहुंचे थे, लेकिन उसकी हालत गंभीर थी, इसलिए उसे पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है।

# अपनी पहचान खोता जा रहा है क्षेत्रीय विशिष्ट व्यंजन बीरंज

डॉ. रंजीत कुमार भारतीय/नबिटा ब्यूरो



**जहानाबाद।** मगध और जहानाबाद की पहचान एक खास व्यंजन से होती रही है। इस खास क्षेत्रीय व्यंजन का नाम है बिरंज। बिरंज का नाम और पहचान कब और किस रूप में हुई है यह तो कोई नहीं जानता लेकिन इस व्यंजन का प्रचलन आज भले कम हो गया हो लेकिन इसकी विशिष्टता और सम्मान आज भी उतना ही है। दो दशक पहले तक की विशेष उत्सवों एवं शादी -विवाह के अवसर पर इसे लोगों को परोसना शान का विषय माना जाता था। खास तौर पर मगध क्षेत्र के गया ,औरंगाबाद, अरवल और जहानाबाद के ग्रामीण इलाकों में बिरंज इन विशिष्ट उत्सवों पर जरूर बनता था। पुराने जमाने के कई व्यंजनों की तरह अब बिरंज भी विलुप्त होने के कगार पर है। आधुनिकता के चकाचौंध और फास्ट फूड के आगे कभी शान और प्रतिष्ठा का प्रतीक समझा जाने वाला विरंज अब उपेक्षित हो गया है। ग्रामीण क्षेत्र में समृद्ध परिवारों के बीच शादी विवाह के मौके पर इस व्यंजन का बनना शान का प्रतीक माना जाता था। बिरंज की खासियत यह भी है कि इस व्यंजन को बनाने वाले भी बड़ी विधि विधान से इसे तैयार करते हैं और बनाने वाले तथा उसके सहायक सभी उपवास में रहते हैं। बिरंज बनाने के जानकार बताते हैं कि इस व्यंजन को बनाने में बासमती चावल ,काजू ,किशमिश, पिस्ता, अखरोट सहित सभी प्रकार के मेवा का उपयोग होता है। इसमें कई प्रकार के मशाले भी प्रयोग किए जाते हैं। इसकी खासियत यह है कि इसमें जितने मात्रा में चावल का उपयोग होता है उतनी ही मात्रा में मेवा का भी होना जरूरी है। यह गाय के शुद्ध घी में तैयार किया जाता है साथ ही इसके बनाने में उपयोग आने वाले सारे बर्तन मिट्टी के होते हैं। मेवा और मसालों का अर्क तैयार किया जाता है इसके बाद पीतल के बर्तन में इसे तैयार किया जाता है। बनने के बाद बिरंज का रंग लालिमा लिए हो जाती है इसे बनाने में लगभग 8 से 10 घंटे का समय लगता है। बिरंज बनाने वाले जानकार बताते हैं कि जहां भी यह व्यंजन बनता है वहां महिलाओं का प्रवेश पूरी तरीके से वर्जित होता है। इसे बनाने वाले व्यक्ति एवं उनके सहयोगी पूरी शुद्धता का ख्याल रखते हैं। जिनके घर विवाह या उत्सव होता है वह बनाने वाले की पैर पूजा करते हैं, उन्हें नए वस्त्र प्रेम पूर्वक भेंट करते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसे बनाने वाले विशेषज्ञ व्यंजन बनाने के बदले में एक भी नगद नहीं लेते हैं। इस स्वादिष्ट और विशिष्ट व्यंजन को बनाने वाले लोग बताते हैं कि समय के साथ खानपान और उसके तौर-तरीकों में बहुत बदलाव आया है इस व्यंजन को बनाने में लगने वाला समय और खर्च तथा कारीगरों की कमी के वजह से भी अब इस व्यंजन का प्रचलन कम होता जा रहा है। शादियों में कभी कभार ही इस व्यंजन का स्वाद चखने को मिलता है। आज तड़क-भड़क और चटपटे व्यंजन के प्रचलन ने खानपान की विशिष्ट संस्कृति को समाप्त कर दिया है। हालांकि देखा जाए तो अभी हाल के दिनों में जहानाबाद के राजाबाजार इलाके में बिरंज बिहार नाम से एक रेस्टोरेंट खोला गया है। जहां पर बिरंज भी ग्राहकों को परोसा जाता है। शायद यह बिहार का पहला बिरंज परोसने वाला रेस्टोरेंट होगा।

# शेयर बाजार की गिरावट से हुए नुकसान और काम के दबाव से तनाव में आकर शिक्षक ने की आत्महत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जहानाबाद।** जिले के गांधी मैदान स्थित खेल भवन के बगल में एक किराए के मकान में रह रहे 30 वर्षीय युवक ने आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान अभिषेक कुमार के रूप में हुई है, जो प्राथमिक विद्यालय गोनवा में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। बताया जाता है कि अभिषेक कुमार पिछले कई वर्षों से जहानाबाद शहर में किराए के मकान में रह रहे थे। गुरुवार को उनके कमरे से शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही टाउन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि अभिषेक हाल ही में शेयर बाजार में हुए भारी घाटे के बाद से गहरे मानसिक तनाव में थे। इसके साथ ही स्कूल के कामकाज और ऑफिस के दबाव को लेकर भी वे काफी चिंतित रहते थे। परिजनों ने बताया कि अभिषेक के व्यवहार में पिछले कुछ दिनों से तनाव के लक्षण दिखाई दे रहे थे। परिवार के लोगों ने उन्हें कई बार समझाने की कोशिश भी की थी, लेकिन लगातार बढ़ते मानसिक दबाव ने उन्हें आत्महत्या जैसा कदम उठाने के लिए मजबूर कर दिया। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और मामले की गहन जांच में जुट गई है। आत्महत्या के पीछे के असली कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही हो सकेगी।

## एक नजर

# घरेलू विवाद ने लिया खतरनाक मोड़, पत्नी ने की हार्पिक पीकर आत्महत्या की कोशिश

**जहानाबाद।** जहानाबाद शहर में एक घरेलू विवाद ने दर्दनाक मोड़ ले लिया, जब मामूली कहासुनी के चलते एक महिला ने हार्पिक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। फिलहाल पीड़िता की हालत गंभीर बनी हुई है और उसे इलाज के लिए उसे जहानाबाद सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, महिला का अपने पति से आए दिन छोटी-छोटी बातों पर विवाद होता था। घटना वाले दिन पति ने पत्नी पर 4000 रुपये के इयरफोन चोरी करने का आरोप लगाया। इसी आरोप से आहत होकर महिला ने मानसिक तनाव में आकर हार्पिक पी लिया। पीड़िता की मां ने बताया कि घर में अक्सर विवाद होता था, लेकिन इस बार मामला बेहद गंभीर हो गया। इधर, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है।यह घटना एक बार फिर रिश्तों में संवाद और विश्वास के अभाव की भयावहता को उजागर करती है। छोटी-छोटी बातों को समय रहते सुलझा लेना आवश्यक है, वरना परिणाम घातक हो सकते हैं। यहां यह प्रश्न उठता है कि क्या एक इयरफोन की कीमत एक जान से भी ज्यादा हो सकती है? यह सवाल आज पूरे समाज के सामने खड़ा है। लोगों का मानना है कि पारिवारिक रिश्तों में समझदारी, धैर्य और खुला संवाद ही ऐसे दुखद घटनाओं को रोकने का एकमात्र रास्ता है।

# 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार, पिस्टल व कारतूस बरामद




**आदापुर (औरंगाबाद)।** पूर्वी चंपारण जिले के हरपुर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 25 हजार रुपए के इनामी अपराधी सुरेन्द्र राम को गिरफ्तार किया है। रक्सौल थाना क्षेत्र के रतनपुरा निवासी यह अपराधी डकैती, लूट, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस जैसे मामलों में वांछित था। उस पर हरसिद्धि, तुरकौलिया, कोटवा, रामगढ़वा, पिपरा और रक्सौल थानों में कई मामले दर्ज हैं। इसी क्रम में रामगढ़वा थाना क्षेत्र के मनना गांव निवासी दाउद अंसारी को भी देसी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, मोबाइल और स्मार्ट वॉच के साथ गिरफ्तार किया गया। हरपुर थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# राजद महिला मोर्चा की बैठक में गूंजी तेजस्वी की योजनाएं

**मोतिहारी।** राष्ट्रीय जनता दल महिला मोर्चा की एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को मोतिहारी नगर निगम की मेयर प्रीति गुप्ता की अध्यक्षता में छतौनी स्थित उनके आवास पर आयोजित की गई। बैठक का संचालन महिला जिला अध्यक्ष पूनम देवी ने किया। इसका उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी और महिला संगठन की मजबूती पर चर्चा करना था। मेयर प्रीति गुप्ता ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे वार्डों में सक्रिय रहें, महिलाओं से संवाद करें और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की ‌भाई-बहन मान योजना‌ सहित महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। बैठक को प्रभावती देवी (प्रखंड अध्यक्ष), शशिकला देवी (प्रदेश उपाध्यक्ष) और विना देवी (प्रदेश महासचिव) ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने संगठन की शक्ति और एकता पर ज़ोर देते हुए चुनाव में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

# मारपीट कर पांच को किया घायल, सात नामजद

**पीपराकोठी (पूर्वी चम्पारण)।** थाना क्षेत्र के मठिया बरियारपुर में दो पक्षों के बीच पूर्व से चल रहे विवादों के प्रतिशोध में एक पक्ष के लोगों ने लाठी फरसा व लोहे के रॉड से हमला कर दूसरे पक्ष के पांच लोगों को घायल कर दिया। घायलों का इलाज मोतिहारी सदर अस्पताल में कराया गया। इस सम्बंध में उक्त गांव के विजय कुमार राय के आवेदन पर सात ज्ञात व चार अज्ञात लोगों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपितों में गांव के माधोआनन्द राय, गजेन्द्र राय, देवनारायण राय, सुनिल कुमार, वकील राय, लंगोट राय, रमेश राय व चार अज्ञात का नाम शामील हैं। बताया है कि रात्रि आठ बजे के करीब जब वह अपने दरवाजे पर बैठा था, तभी उक्त सभी लोग लाठी, फरसा व लोहे का रॉड लेकर दरवाजे पर आये और भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। जिन्हे गाली गलौज करने से मना किया। इतने हीं पर सभी लोग उसपर टूट पड़े। फरसा व रॉड से सर वार कर घायल कर दिया। इस दौरान शोर सुन बचाने आये उसके दो भाईयों, उसकी बहन को जख्मी कर दिया। वहीं उसके 8 वर्षीय भतीजा को उठाकर जमीन पटक दिया जिससे वह जख्मी हो गया।

# छत से गिरकर महिला की संदेहास्पद मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के काको थाना क्षेत्र के ऐनवां गांव में एक महिला की संदेहास्पद मौत का मामला सामने आया है। मृतका पूजा कुमारी का शव पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल जहानाबाद लाया गया है। परिजनों ने काको थाना पुलिस को इस घटना की सूचना दी थी। जानकारी के अनुसार, पूजा कुमारी चार साल पहले ऐनवां गांव में विवाह कर ससुराल आई थी। घटना के संबंध में ससुराल पक्ष के लोगों ने बताया कि गुरुवार को पूजा छत पर कपड़ा लाने गई थी, इसी दौरान गिरने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मृतका के मायके वाले भी औरंगाबाद जिले के अंबा थाना क्षेत्र से उसके ससुराल ऐनवां पहुंच गए हैं। मायके वालों ने आरोप लगाया है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर पूजा की हत्या की गई है। मृतका के पिता, माता, भाई और मामा का कहना है कि पूजा को लंबे समय से दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। पूजा के पिता ने बताया कि बेटी से सुबह फोन पर बात हुई थी। बातचीत के दौरान पूजा ने रोते हुए बताया था कि ससुराल वाले उसे मारपीट करते हुए पांच लाख की मांग कर रहे हैं। कुछ देर बाद बातचीत बीच में ही कट गई थी और फिर कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष से पूजा के एक्सीडेंट में मौत की खबर मिली। मायके पक्ष ने आरोप लगाया है कि पूजा के गले पर फंदे या गला दबाने के निशान हैं, जो स्पष्ट रूप से हत्या की ओर इशारा करते हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। काको थाना के एसआई शिशुपाल ने कहा कि पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

# अग्निशमन सेवा सप्ताह के पांचवें दिन मॉक ड्रिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत शुक्रवार को मॉक ड्रिल का आयोजन पंचायत भवन मांदिल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला अग्निशमन पदाधिकारी प्रभा कुमारी, प्रशिक्षु जिला अग्निशमन पदाधिकारी श्रेया शर्मा, ज्योति, अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी स्नेहा कुमारी, विनोद कुमार एवं अन्य अग्निशमन कर्मियों द्वारा भाग लिया गया। इस अवसर पर जिला इकाई जहानाबाद अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी अग्नि प्रबंधन क्षेत्र के गांवों में आग लगने से रोकथाम, उससे बचाव तथा अग्निशमन की प्रक्रिया से संबंधित बिंदुओं पर ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं जीविका दीदियों के साथ संवाद एवं मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जनप्रतिनिधियों के समन्वय हेतु एक संयुक्त व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया गया है, जिसमें जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों को जोड़ा गया है। लोगों को सिलेंडर में आग लगाकर उसे बुझाने की प्रक्रिया प्रत्यक्ष रूप से दिखा कर जागरूक किया गया। अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत 14, अप्रैल से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें मॉक ड्रिल, मैराथन दौड़, फायर ऑडिट समेत कई अन्य गतिविधियां आयोजित किए गए हैं। बताया गया कि यह श्रृंखला इस माह के 20 अप्रैल तक जारी रहेगी, जिसके अंतर्गत और भी कई जागरूकता गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

# नगर निकाय की सभी योजनाओं को समय से कराया जाए पूर्ण: जीवेश मिश्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**मोतिहारी।** नगर विकास एवं आवास विभाग मंत्री जीवेश कुमार ने डॉ राधाकृष्णन सभागार में नगर निगम मोतिहारी सहित अन्य नगर निकायों की योजनाओं की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिया गया कि जिन योजनाओं की स्वीकृति मिल गई है उन योजनाओं को समय से शुरू करें तथा निर्धारित समय अवधि के अंदर समय से उसे पूर्ण करें। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। माननीय मंत्री ने कहा कि विभाग में रोड मैप बना हुआ है और सभी लंबित योजनाओं का रेगुलर बेसिस पर फॉलो अप किया जा रहा है। बैठक में सर्वप्रथम मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना की समीक्षा की गई जिसमें बुडको के कार्यपालक अभियंता के द्वारा बताया गया कि कुल 84 योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति अभी तक प्राप्त हुई है जिसमें 49 योजनाओं की निविदा निकाली जा चुकी है, 35 योजनाओं की निविदा प्रक्रियाधीन है। सभी 9 नगर निकायों से प्राप्त योजनाओं का टेंडर कर दिया गया है। इस पर माननीय मंत्री के द्वारा निर्देश दिया गया कि सभी योजनाओं को टाइमलाइन में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इसमें कोई डेविएशन नहीं चलेगा। नगर निगम मोतिहारी क्षेत्र अंतर्गत विद्युत शवदाह गृह निर्माण के विषय में बताया गया कि इसमें 24 प्रतिशत की भौतिक प्रगति प्राप्त की गई है। यह योजना अगस्त 2023 में ली गई थी। मंत्री के द्वारा कहा गया कि इस योजना को कब पूर्ण किया जाना है, लिखित में इसकी जानकारी दी जाए और इसे शीघ्र ही पूरा कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा एवं शिकायत मिलने पर दोषी को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मोतीझील के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के कार्य के संबंध में बताया गया कि अभी सैनिटेशन मिशन आ गया है, इससे कार्य में तेजी आएगी। अभी तक इसके 56 प्रतिशत कार्य को पूर्ण किया गया है। यह योजना 2018 की है। इस पर माननीय मंत्री के द्वारा आगामी 30 सितंबर तक मोतीझील के सौंदर्यीकरण के संपूर्ण कार्य को पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपस्थित सांसद राधा मोहन सिंह के द्वारा मोतीझील के चारों तरफ पाथ वे निर्माण कार्य की जानकारी प्राप्त की गई एवं आज ही इस योजना के निरीक्षण की बात कही गई। नगर आयुक्त नगर निगम मोतिहारी के द्वारा बताया गया कि मोतीझील के विकास के लिए नमामि गंगे योजना की स्वीकृति मिल गई है। इस योजना अंतर्गत कर एसटीपी का निर्माण कार्य कराया जाना है। उन्होंने कहा कि शहर का 60 प्रतिशत यूज्ड पानी मोतीझील में जाता है जिसे इस एसटीपी के माध्यम से प्यूरिफाई किया जाएगा।

# हम सब की यही पुकार बाल विवाह मुक्त हो समाज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रक्सौल (पूर्वी चम्पारण)।** बुधवार को प्रयास जुवेनाइल एड सेन्टर पूर्वी चम्पारण,बाल विकास परियोजना, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम एसएसबी 47वी व स्वच्छ संस्था के संयुक्त तत्वावधान में 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर होने वाले बाल विवाह रोक थाम हेतु जागरूकता अभियान का आयोजन किया जाएगा। जिसको लेकर एक बैठक शहर के एक मंदिर परिसर में किया गया। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रयास संस्था की जिला परियोजना समन्वयक आरती कुमारी द्वारा किया गया वही मंदिर परिसर में उपस्थित भगत गण पुजारी दुकानदार एवम आम लोग के बीच बाल विवाह ना करने की शपथ दिलाई गई और बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामो की जानकारी दी गई उन्हें बताया गया कि लड़की की शादी 18 वर्ष के बाद और लड़के की शादी 21 वर्ष के बाद करना है। इससे पहले शादी करते हुए पकड़े जाने पर बाल विवाह अधिनियम 2006, अन्तर्गत उनके ऊपर प्राथमिकी दर्ज कराई जा सकती हैं और उन्हें दो वर्ष के कठोर करावास या एक लाख रुपए तक के जुर्माना से अथवा दोनो से दण्डित किया जा सकता हैं। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग के प्रदीप काजी द्वारा लोगो को बताया गया कि कम उम्र की शादी बच्चियों के स्वास्थ को प्रभावित करता है। 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया पे सभी धार्मिक स्थल पर ध्यान रखा जाएगा ताकि बाल विवाह ना हो सके। कम उम्र में बच्चो की शादी करने से उनके शिक्षा और बच्चे की अधिकार की हनन होती हैं। अगर आप सब को कही बाल विवाह होते दिखे तो आंगनवाड़ी सेविका व प्रयास संस्था के हेल्प लाइन नंबर 9289692023 या चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098,112 पर इसकी जानकारी दे सकते है वही स्वच्छ संस्था के रणजीत कुमार सिंह द्वारा लोगो को बाल विवाह रोक थाम हेतु अपना सहयोग दे ताकी बाल विवाह पर नियंत्रण किया जा सके।

# मुर्गी फार्म की आड़ में चल रही थी गन फैक्ट्री, भारी मात्रा में हथियार बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रक्सौल (मोतिहारी)।** पूर्वी चंपारण के रक्सौल अनुमंडल क्षेत्र में पलनवा थाना अंतर्गत सिरसिया गांव में एक मुर्गी फार्म की आड़ में संचालित अवैध गन फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है। यह कार्रवाई शुक्रवार को एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर एसडीपीओ धीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में गठित एसआईटी द्वारा की गई। रक्सौल और रामगढ़वा थाना की पुलिस टीमों ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। करीब 12 घंटे तक चले इस ऑपरेशन में भारी मात्रा में हथियार, अर्द्धनिर्मित पिस्टल, कार्बाइन, कारतूस, मशीनी उपकरण और गन निर्माण की सामग्री बरामद की गई। मुख्य संचालक पंकज सिंह और उसके पिता राजेश्वर सिंह को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की वहीं, छपरा से अमिताभ शर्मा और मुंगेर से नौयर आलम की गिरफ्तारी हुई। दोनों को गन निर्माण में मास्टर ट्रेनर और टेक्नीशियन बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि इस फैक्ट्री से विभिन्न बोर की कारतूस, सिक्सर, देशी पिस्टल, स्लाइडिंग पार्ट्स, ड्रिल मशीन, वेल्डिंग मशीन समेत भारी मात्रा में सामग्री बरामद की गई है। इस कार्रवाई से जिले में सक्रिय अवैध हथियार सप्लाई नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है।

# मेहसी की बदहाल सड़कें बनीं लोगों के लिए सिरदर्द, नल-जल योजना भी फेल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेहसी (पूर्वी चम्पारण)।** मेहसी नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चौक बाजार की सड़कों की हालत इन दिनों बेहद खराब हो चुकी है। हाल ही में हुई हल्की बारिश के बाद स्थिति और भी चिंताजनक हो गई है। शुक्रवार सुबह की बारिश ने सड़कों की जर्जरता की पोल खोल दी। जगह-जगह बने गड्ढों में पानी भर गया, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मेहसी नगर क्षेत्र की कोई भी सड़क अच्छी हालत में नहीं है। टूटी और गड्ढे वाली सड़कें अब इस नगर पंचायत की पहचान बन चुकी हैं। स्टेट बैंक चौक से लेकर घरियारी चौक, चौक बाजार होते हुए बहादुरपुर गंज चौक तक की सड़कें इस कदर खराब हो चुकी हैं कि लोग इस मार्ग पर चलने से डरते हैं। कई राहगीर तो फिसलकर घायल भी हो चुके हैं। नागरिकों में गहरा आक्रोश है और वे जनप्रतिनिधियों से बेहद नाराज़ नजर आ रहे हैं। लोगों का कहना है कि ‘डबल इंजन सरकार’ की चमचमाती सड़कों का दावा मेहसी में आकर पूरी तरह फ़ेल हो जाता है। नगर पंचायत के अंतर्गत विकास के नाम पर सिर्फ कागजी योजनाएं बनाई जाती हैं, लेकिन अमल में कुछ नहीं लाया जाता। सड़कें ही नहीं, बल्कि नगर क्षेत्र में अन्य मूलभूत सुविधाओं की हालत भी खराब है। नालों का निर्माण बेतरतीब तरीके से किया गया है, जिससे बारिश के समय जलजमाव आम बात हो जाती है।

नल-जल योजना भी बनी मज़ाक

नगर पंचायत क्षेत्र में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था भी सवालों के घेरे में है। पांच वर्ष पहले सभी वार्डों में नल-जल योजना के अंतर्गत बोरिंग कराए गए थे, लेकिन आज भी लोगों को स्वच्छ पानी नहीं मिल पा रहा है। पानी की सप्लाई पूरी तरह बंद है। स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया है कि जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की उदासीनता के कारण यह योजना पूरी तरह विफल हो गई है। लोगों को मजबूरन निजी हैंडपंप या टैंकर, आर ओ का पानी मंगवाना पड़ता है।

**सरकारी आदेश के बाद भी काम शुरू नहीं**

15 मार्च 2025 को हुई मंत्री परिषद की बैठक में ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा प्रखंड क्षेत्र की 23 सड़कों को वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए टेंडर जारी करने का निर्देश दिया गया था। पूरे पूर्वी चंपारण जिले में कुल 497 सड़कों के नवीनीकरण और पुनर्निर्माण के आदेश दिए जा चुके हैं। बावजूद इसके, मेहसी नगर पंचायत में अब तक न तो कोई काम शुरू हुआ है और न ही कोई प्रशासनिक हलचल दिख रही है।

**नागरिकों की मांग - जल्द शुरू हो मरम्मत कार्य**

स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि मानसून से पहले नगर पंचायत क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत अविलंब शुरू की जाए। लोगों का कहना है कि अगर यही हाल रहा, तो आने वाले दिनों में हालात और भी भयावह हो सकते हैं।

# बेमौसम बारिश से किसानों को भारी क्षति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दनियावां (पटना)।** विगत कई दिनों से बेमौसम बरसात से दनियावां प्रखंड के किसानों के बीच त्राहिमाम की स्थिति व्याप्त है। वर्षा के कारण किसानों को लाखों रुपए की लागत से तैयार हुई प्याज और गेहूं की फसल वर्षा के पानी से बर्बाद हो गयी। बिन मौसम हुए बरसात से जहा किसानों की लागत डुब गयी, वहीं बाहर से खेतों में मजदुरी करने आए खेतिहर मजदुर खाली हाथ अपने घर लौटने को मजबूर हो गए हैं। निमी और सलारपुर के रहने वाले किसान उदय कुमार,अरविंद कुमार आदि ने बताया कि टाल क्षेत्र में किराए पर लेकर प्याज, गेहूं की खेती किया था। 10 बिगहा में किराया पर खेत लेकर कर्ज से प्याज की खेती किया था। दस बिगहा में गेहूं की खेती किया था। इस बरसात के कारण प्याज और गेहूं की फसल बर्बाद हो गई। मकसुदपुर निवासी किसान राजन कुमार,रवि प्रकाश,बीरेंद्र सिंह ने बताया कि किसान लाखों की लागत से तैयार फसल को पानी से बर्बाद हो जाने पर खेत में ही छोड़ने को मजबूर हो गए है। उनके मुताबिक किसान कर्ज लेकर फसल लगाते हैं,लेकिन उनकी फसल भी बिन मौसम बरसात से बर्बाद हो जा रही है। उन्होने सरकार से बर्बाद फसल के एव ताकि किसानों को कुछ राहत मिल सके। प्रखंड क्षेत्र में कई जगह आम की फसल के टिकोलों के झर जाने से भी नुकसान हुआ है।

## औरंगाबाद जिला बनेगा और ज्यादा स्वच्छ एवं सुंदर

# डीएम ने स्वच्छता अभियान कार्यक्रम की शुरूआत की



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के उपलक्ष्य में पूरे औरंगाबाद जिला में पांच दिवसीय (18 से 23 अप्रैल) स्वच्छता अभियान चलाया जाना है। इस संबध में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा अदरी नदी सूर्य मंदिर परिसर से स्वच्छता अभियान कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि स्वच्छ भारत मिशन, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अन्तर्गत ग्राम पंचायत एवं नगर निकाय को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने हेतु स्वच्छता से संबंधित विभिन्न प्रकार के कार्यो एवं गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए 18 से 23 अप्रैल तक सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सभी कार्यपालक पदाधिकारियों के द्वारा संबंधित एक कार्य योजना तैयार कर सभी नगर निकाय एवं प्रखंडों में पंचायत स्तरीय पदाधिकारी, कर्मी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण जनता के सहयोग से व्यापक पैमाने पर विशेष स्वच्छता अभियान का संचालन एवं स्वच्छता से संबंधित अन्य आयामों को समाहित करते हुए विशेष स्वच्छता अभियान का संचालन किया जाएगा। इस स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त अभ्येंद्र मोहन सिंह, सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शनी वरीय उप समाहर्ता मेराज जमील, निदेशक डीआरडीएस अनुपम कुमार, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी पप्पू राज, डीपीएम जीविका एवं जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी के साथ-साथ ग्रामीण मौजूद रहे।

कोशिश यह की जा रही है कि 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी भले ही मधुबनी में हों, लेकिन उस दिन पूरे राज्य के लोगों खासकर पंचायत प्रतिनिधियों की निगाहे उन पर टिकी रहे कि वे राज्य को और पंचायती राज संस्थाओं को क्या कुछ विशेष तोहफा देने वाले हैं।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के अंबा चौक पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार 21 वर्षीय एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान अंबा थाना क्षेत्र के देशपुर गांव निवासी मनोज मेहता के पुत्र मुकेश कुमार के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान परिजनों ने बताया कि मुकेश अपने घर से बाइक पर सवार होकर कुछ सामान की खरीदारी करने अंबा बाजार गया था। इसी दौरान अंबा चौक पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वह घायल हो गया। इसके बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिए रेफरल अस्पताल कुटुंबा पहुंचाया और घटना की सूचना परिजनों को दी। सूचना पर परिजन अस्पताल पहुंचे। इधर, चिकित्सकों ने प्राथमिकी इलाज के उपरांत सदर अस्पताल रेफर कर दिया, जहां चिकित्सकों द्वारा युवक का उपचार किया जा रहा है।

# स्वच्छ और सुंदर रफीगंज बनाने का सभी का हो संकल्प

## नगर पंचायत में विशेष स्वच्छता अभियान का हुआ शुभारंभ




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** स्वच्छ भारत मिशन अभियान अंतर्गत नगर निकाय को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने हेतु स्वच्छता से संबंधित विभिन्न प्रकार के कार्य गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। नगर पंचायत रफीगंज में शुक्रवार 18 से विशेष स्वच्छता अभियान का शुभारंभ उपाध्यक्ष आरती देवी एवं कार्यपालक पदाधिकारी मो शाहब यहया की अध्यक्षता में की गई। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि स्वच्छ रफीगंज सुंदर रफीगंज बनाने का संकल्प हम सबों का है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण में ही स्वच्छ मानसिकता का निवास होता है। अपने घर तथा आसपास तो स्वच्छ रखना ही है, अपने पड़ोसियों को भी साफ सफाई के लिए जागरूक करना हमारा ही कर्तव्य बनता है। वहीं वातावरण को शुद्ध रखने के लिए पौधा अवश्य लगायें। वही आरबीआर तालाब परिसर की साफ सफाई भी की गई। साथ ही स्वच्छ रखने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद नुरुल होदा खान, राजू कुमार मिश्रा, गुलाम रशूल, कार्यालय कर्मी सहायक पवन प्रकाश, अशोक कुमार मेहता, रविंद्र कुमार, सुनील कुमार, रोहित रंजन, गुलरेज एकराम, मिथिलेश कुमार, पप्पू कुमार एंव सहायता समूह की महिलाएं एवं अन्य लोग शामिल हुए।

# सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अदरी नदी पूल पर ऑटो व बाइक की टक्कर में बाइक सवार युवक घायल हो गया। घायल युवक की पहचान फेसर थाना क्षेत्र के रघौलीया गांव निवासी सोनू लाल प्रजापति के पुत्र पप्पू कुमार के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान परिजनों ने बताया कि पप्पू अपने घर से बाइक द्वारा किसी काम से औरंगाबाद बाजार जा रहा था। इसी दौरान अदरी नदी पूल पर एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ऑटो ने उसे टक्कर मार दिया, जिससे बाइक अनियंत्रित हो गया और पप्पू गिरकर घायल हो गया। घटना के बाद चालक ऑटो लेकर फरार हो गए। इसके बाद सूचना पर परिजन घटनास्थल पहुंचे और पप्पू को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उपचार किया।

## दो गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कासमा पुलिस ने न्यायालय अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी औरंगाबाद के सर्टिफिकेट केस नंबर 220/21- 22 का देनदार पांडेयकर्मा गांव निवासी बीरचंद्र पटेल पासवान एवं सर्टिफिकेट नंबर 721/2 -23 का देनदार ढुढुआ गांव निवासी सीताराम यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष उपस्थापन हेतु भेजा गया है। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि न्यायालय अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के सर्टिफिकेट नंबर के आधार पर दोनों को गत रात्रि गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है।

## दस पंचायतों में आज लगेगा शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** भीम समग्र सेवा अभियान के तहत गोह प्रखंड के दस पंचायतों में विशेष शिविर आज लगेगा। जिसमें अमारी, बाजार बर्मा, उपहारा, भुरकुंडा, चापुक, दधपी, बनतारा, बक्सर, बेरका एवं डीहुरी पंचायत के महादलित टोलों में इस शिविर का आयोजन किया जायेगा। जनकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार दिनकर ने बताया इसके लिए सभी जगह पर टीम का भी गठन कर लिया गया है। इस शिविर में विकास मित्र, पंचायत सचिव, राजस्व कर्मचारी को भी लगाया गया है। जबकि पर्यवेक्षीय पदाधिकारी में प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, बीपीएम सहित अन्य पदाधिकारी को प्रतिनियुक्ति कि गई है।

# हैदराबाद के ग्रामीण इलाकों का परिभ्रमण कर रहे मुखिया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा मदनपुर प्रखंड के चार पंचायतों के मुखिया का सात दिवसीय प्रशिक्षण के लिए चयनित किया गया था। चयनित मुखियाओं में चेईनवादा पंचायत के मुखिया विकास कुमार सिंह उर्फ बब्लू सिंह, घटराईन पंचायत के मुखिया संजय यादव, वार पंचायत के मुखिया शिवपूजन राम एवं मदनपुर पंचायत के मुखिया हमीद अख्तर शामिल हैं। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजना के तहत बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान बिपार्ड द्वारा 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक प्रशिक्षण कार्यक्रम हैं। प्रशिक्षण को लेकर मुखिया लोगों को स्पोजर



विजिट में आंध्रप्रदेश के जिला नन्दयाल हैदराबाद के प्रखंड पन्नयाल के पंचायत कौलुनूरु ले जाया गया, जहां पंचायत में किए जा रहे सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन एवं विकास कार्यो का अवलोकन कराया गया ताकि वे लोग यहां आकर विकास योजना का सही रूप में कार्यान्वित कर सकें। मुखिया को वहां के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों द्वारा पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। चेईनवादा पंचायत के मुखिया बब्लू सिंह एवं घटराईन पंचायत के मुखिया संजय यादव ने बताया कि हैदराबाद के ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण करने का अवसर मिला। इस दौरान वहां किस तरह सरकारी योजनाओं का धरातलीय क्रियान्वयन हो रहा है। सीखने और समझने का मौका मिला। प्रशिक्षण से एक नई सोच एवं उर्जा मिलता है।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए दिवंगत अधिवक्ता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के वरीय अधिवक्ता एवं शिक्षाविद किरण प्रसाद की चतुर्थ पुण्यतिथि राजकीय प्राथमिक विद्यालय कंचनपुर कुटुम्बा में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत लोजपा (रामविलास) के वैशाली प्रभारी संजय पासवान तथा बीएसएल सेवानिवृत कर्मी विश्वनाथ प्रसाद ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित कर की। आगंतुकों ने स्व. अधिवक्ता के तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजली दी। मौके पर स्कूली बच्चों के बीच लेखन सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संजय पासवान ने कहा कि स्व. किरण प्रसाद मानवीय गुणों से ओत-प्रोत थे। दिवंगत अधिवक्ता के छोटे पुत्र रमण किरण ने कहा कि उनके पिता शिक्षा पर विशेष जोर देते थे तथा ग्रामीण इलाकों के गरीब बच्चों को बगैर किसी फीस के शिक्षा प्रदान करते थे जो देश के विभिन्न हिस्सों में बड़े बड़े पद पर आसीन हैं। उन्होंने कहा कि गांव में शीघ्र ही एक पुस्तकालय की स्थापना की जाएगी। मौके पर स्कूली बच्चों के साथ उनके पुत्र रौशन किरण, संतोष सिन्हा, उज्जवल, प्रांजल, रामजी सिन्हा, विद्यालय प्रधान रामपुकार मेहता, पंकज पासवान, रामबचन तिवारी सहित परिवार के अन्य लोग तथा स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

# छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़हरा (भोजपुर)।** डॉ भीमराव अम्बेडकर पुस्तकालय बड़हरा के प्रागंण में बिहार राज्य अनुसूचित जाति/ जनजाति कर्मचारी संघ बड़हरा के द्वारा डा भीमराव अम्बेडकर की 134 वीं जयंती सह प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन शुक्रवार को किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि अगिआंव विधायक शिव प्रकाश रंजन, विशिष्ट अतिथि प्राकृत विभागाध्यक्ष वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय डीएन चौधरी, बड़हरा के पूर्व विधायक सरोज यादव, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष आरती देवी थी। वक्ताओं ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबडकर के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके बताये रास्ते पर चलना होगा, तभी हम सब का विकास होगा। अन्य वक्ताओ में बिहार राज्य कर्मचारी महासंघ गोपगुट के जिला सचिव उमेश कुमार सुमन, संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार, सचिव मनोज कुमार, कोषाध्यक्ष पंकज कुमार, ज्ञान



सुगर जी, रामयश जी, उपेन्द्र कुमार, कन्हैया कुमार, सुनिल कुमार, रामलखन कुमार, लालजी, दशरथ, जितेन्द्र, तमन्ना, ज्योति देवी, सुशील जी, रजनीकान्त, बलिस्टर आदि मौजूद थे। मौके पर प्रतिभा सम्मान छात्र छात्रा में मयंक गर्ग, कंचन कुमारी, प्रेमलता कुमारी, सुप्रिया कुमारी, सुहानी, निराशा, आशा, संगीता, सन्नी, शुभम कुमार, शिवम कुमार व अन्य को उपरोक्त गणमान्य से सम्मानित कराया गया।

## मंदिर जीर्णोद्धार को लेकर निकाली शोभायात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के तेलिया पोखर में देवी मंदिर के जीर्णोधार का कार्य शुरू होने जा रहा है। कार्यारंभ के पूर्व पुराने मंदिर में स्थापित देवी विग्रहों को कामाख्या सिद्धहस्त यज्ञाचार्य राकेश पांडेय की देखरेख में श्रद्धालु-भक्तों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच डोले में बिठाया। इसके बाद महावीरी झंडे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। नगर भ्रमण के बाद महावीरी झंडे की मंदिर परिसर में स्थापना की गई। साथ ही देवी विग्रहों को मंदिर के पास ही स्थित नीम के पेड़ पर झूले में स्थापित किया गया। इस दौरान यज्ञाचार्य श्रीमद देवी भागवत प्रवचन भी किया जा रहा है, जो 20 अप्रैल को



महाभंडारा के साथ संपन्न होगा। वही नगर भ्रमण में आयोजन समिति मां शेरावाली क्लब के भोला सिंह, राजेश सिंह, कवि सिंह, दलजीत सिंह, अरूण सिंह, दिनेश सिंह, मनोज सिंह एवं राहुल रंजन के अलावा सैकड़ो महिला-पुरूष श्रद्धालु-भक्तगण शामिल रहे।

# अगलगी से बचाव के बताये गये उपाय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** अग्निशमन विभाग द्वारा अगलगी की घटना को देखते हुए भोजपुर जिले में एक माह पूर्व से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में स्थानीय ग्रामीण, जीविका दीदी व स्कूल के बच्चों को शामिल किया जा रहा है। विभाग के अधिकारी मो सेराज खां ने बताया कि गेहूं की फसल पक चुकी है। कटनी के बाद डंठल में आग लगी की घटनाएं लगातार घट रही है। उसके बचाव के लिए लोगों को कई जरूरी बातें बताई जा रही है। जिसमें बीड़ी सिगरेट पीकर खेत में न फेंके, खाना बनाने के बाद चूल्हे की आग को पुरी तरह बुझा दे, जिससे आग की रोकथाम की



जा सके। उदवंतनगर में जीविका दीदी एवं ग्रामीण के साथ बैठक में 100 से अधिक लोग शामिल हुए थे। जागरुकता अभियान अग्निशमन सेवा सप्ताह के अवसर पर अनुमंडल अग्निशमालय पदाधिकारी एवं कर्मियों के द्वारा जीविका दीदी के साथ बैठक कर लोगों को आग से बचाव के बारे में जागरूक किया गया। मौके पर अग्निशमन विभाग के अधिकारी मो सेराज खां, कर्मचारियों में रंजीत कुमार, ऊषा कुमारी, अनुज कुमार, रविरंजन कुमार, बीरबल कुमार, राहुल कुमार सिंह व अन्य मौजूद थे।

## लंबे समय से फरार वारंटी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा थाना की पुलिस ने गुरुवार की रात्रि तमसी परसावां गांव में छापेमारी कर लंबे समय से फरार वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार वारंटी की पहचान उक्त गांव निवासी हरे कृष्ण कुमार सिंह के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि न्यायालय द्वारा एनबीडब्ल्यू वारंट जारी किया गया था। जिसके आलोक में गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया गया।



### शराब की खेप लेकर जा रहा धंधेबाज गिरफ्तार

कुटुंबा थाना की पुलिस ने शुक्रवार की सुबह शराब की खेप लेकर जा रहे धंधेबाज को वर्मा - नरसिंहा रोड पर कच्ची सड़क के समीप से गिरफ्तार कर लिया। धंधेबाज की पहचान नरसिंहा गांव निवासी देवाशीष कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि धंधेबाज बाइक पर शराब लाकर उक्त रास्ते से जा रहा था इस दौरान गश्ती दल के हत्थे चढ़ गया। जांच के दौरान धंधेबाज के पास से 180 एमएल की 200 बोतल रॉयल ब्लू माल्ट व्हिस्की अंग्रेजी शराब बरामद हुई। संशोधित मद्य निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर धंधेबाज को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# स्वच्छता पर्यवेक्षकों और कर्मियों के लंबित मानदेय का भुगतान शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** स्वच्छता पर्यवेक्षको और कर्मियों को उनके लंबित मानदेय मिलने का रास्ता अब साफ हो चुका है। लंबित मानदेय का भुगतान अब शुरू हो चुका है, जिससे जिले के 180 पंचायतों के स्वच्छता पर्यवेक्षक और कर्मियों को मानदेय मिल सकेगा। इसको लेकर लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान भोजपुर के जिला समन्वयक रंजय बैठा ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा किया। इस दौरान उन्होंने तकनीकी समस्याओं का समाधान भी किया। श्री बैठा ने बताया कि लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत 180 ग्राम पंचायतों के स्वच्छता पर्यवेक्षक और कर्मियों का राज्य निधि से प्राप्त राशि माह जनवरी-फरवरी के दो माह का मानदेय सभी ग्राम पंचायतों के जीपीआईसी के खाता में हस्तांतरण कर दिया गया है। प्रेषित पत्र में सभी पंचायतों के मुखिया और सचिव को निर्देशित किया गया है। जिला समन्वयक ने बताया कि इस निधि से सभी स्वच्छता पर्यवेक्षक और कर्मियों का लंबित मानदेय भुगतान कर उपयोगिता प्रमाण पत्र अविलंब उपलब्ध कराएं ताकि राज्य कार्यालय को भेजा जाए। जिससे मार्च अप्रैल 2025 का राज्य से निधि प्राप्त हो सके। बता दें कि स्वच्छता पर्यवेक्षकों और कर्मियों का मानदेय लंबित था, जिससे उनको काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। उनकी परेशानी को देखते हुए बिहार सरकार ने ठोस और तरल कचरा प्रबंधन अंतर्गत ग्राम पंचायतों में काम करने वाले स्वच्छता पर्यवेक्षकों और कर्मियों के लिए राज्यांश मद से मानदेय भुगतान का निर्णय लिया है। वही जिला समन्वयक ने इस मामले में पहल करते हुए वीसी किया। वही मुखिया और सचिव को निर्देश दिया गया है कि भुगतान के बाद उपयोगिता प्रमाण पत्र शीघ्र जमा कर दे।

## पुलिस ने चलाया छापेमारी अभियान

**रफीगंज (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रफीगंज के कासमा पुलिस द्वारा अलीनगर में अवैध बालू लदे ट्रैक्टर के विरुद्ध शुक्रवार की दोपहर छापामारी अभियान चलाई गई। इस अभियान के तहत एक ट्रैक्टर मलिक के द्वारा एक ही चलान पर दो ट्रैक्टर पर बालू लादकर अलग-अलग समय में लाया जा रहा था। पुलिस को देखकर ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर से बालू गिराकर फरार हो गया। घटना की जानकारी ट्रैक्टर मालिक एवं अन्य लोगों के द्वारा वरीय अधिकारी को दिया गया कि पैसा लेकर कासमा थाना के कुछ सिपाही ने ट्रैक्टर को छोड़ दिया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर टू अमित कुमार ने बताया कि जो भी पुलिसकर्मी दोषी होंगे उन पर कार्रवाई होगा।

## खवासपुर के नये थानाध्यक्ष बने संदीप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़हरा (भोजपुर)।** भोजपुर एसपी मिस्टर राज ने खवासपुर थाना के नए थानाध्यक्ष संदीप कुमार राम को बनाया है। चंदन भगत के तबादला होने के बाद यह थाना खाली हो गया था। कृष्णागढ़ थाना में तैनात तेज तर्रार अधिकारी एसआई संदीप कुमार राम को गंगापार खवासपुर थानाध्यक्ष की कमान सौपी गयी है। संदीप कुमार 2018 बैच के अधिकारी है। इसके पूर्व वे बड़हरा थाना में ईमानदारीपूर्वक ड्यूटी निभा चुके है। कृष्णागढ़ में बेहतर कार्य को देखते हुए बेदाग छवि के अधिकारी को खवासपुर थानाध्यक्ष बनाया गया है। इन पर क्षेत्र में बढ़ रही अपराधिक



घटना, उत्तर प्रदेश से हो रही शराब तस्करी की रोकथाम के साथ क्षेत्र में अमन-शांति बहाल रखने की बड़ी जिम्मेवारी होगी।

# 'स्पर्श जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन 21 को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बक्सर/ पटना।** कार्यालय रक्षा लेखा नियंत्रक, पटना के सौजन्य से 'स्पर्श जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन आगामी 21 अप्रैल को जिला समाहरणालय परिसर, बक्सर में किया जा रहा है। यह कार्यक्रम विशेष रूप से रक्षा पेंशनरों, वीर नारियों एवं वीरांगनाओं को ध्यान में रखकर आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य उन्हें रक्षा मंत्रालय के नवीनतम डिजिटल पेंशन पोर्टल 'स्पर्श' के संबंध में आवश्यक जानकारी एवं सेवाएं उपलब्ध कराना है। इस जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से पेंशनरों को जीवन प्रमाण पत्र जमा करने, पेंशन से जुड़ी समस्याओं के समाधान, प्रोफाइल अपडेट, बैंक या दस्तावेज से संबंधित कठिनाइयों का निवारण तथा स्पर्श पोर्टल से जुड़ी तकनीकी सहायता प्रदान की जाएगी। यह पहल रक्षा मंत्रालय द्वारा पेंशनरों की सुविधा हेतु की जा रही डिजिटल परिवर्तन की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में उपस्थित होने वाले सभी लाभार्थियों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने आधार कार्ड, पैन कार्ड, पेंशन भुगतान आदेश, बैंक पासबुक तथा वह मोबाइल फोन जो स्पर्श पोर्टल से लिंक है, साथ लेकर आएं। इन दस्तावेजों के माध्यम से आवश्यक सत्यापन एवं सुधार कार्य ऑनसाईट पूरे किए जा सकेंगे। यह आयोजन न केवल पेंशन प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और गति लाने में सहायक होगा, बल्कि इससे पेंशनर समुदाय को डिजिटल रूप में सशक्त बनने का अवसर भी मिलेगा। जीवन प्रमाण पत्र के प्रमाणीकरण की सुविधा इस अवसर पर निःशुल्क प्रदान की जाएगी। कार्यालय रक्षा लेखा नियंत्रक, पटना द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम पेंशनरों एवं वीरांगनाओं के प्रति सम्मान प्रकट करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। लाभार्थियों से अनुरोध किया गया है कि वे निश्चित समय पर उपस्थित होकर इस अवसर का पूर्ण लाभ उठाए।

# मल्लिकार्जुन खड़गे 20 को आयेंगे बक्सर : राजेश कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बक्सर/ पटना।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जय बापू- जय भीम- जय संविधान कार्यक्रम को लेकर आगामी 20 अप्रैल को दलसागर खेल मैदान, बक्सर आयेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बक्सर कार्यक्रम को लेकर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष एवं विधायक राजेश राम ने शुक्रवार को बक्सर पहुंचकर दलसागर खेल मैदान और चुरामनपुर में बन रहे हेलीपैड का निरीक्षण किया। इस दौरान संवाददाताओं से बात करते हुए उन्होंने कहा कि



कांग्रेस पार्टी लगातार वंचित, शोषित समाज के बेहतरी के लिए काम कर रही है और बिहार में पार्टी को प्रदेश से लेकर प्रखंड स्तर पर मजबूत करने का काम कर रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष का आगमन बिहार में 20 अप्रैल को बक्सर और पटना में होने जा रहा है। ये बेहद ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम है और आने वाले समय में शाहाबाद और पटना से बिहार में संविधान के सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मजबूत संदेश देने का काम करेंगे। उन्होंने सभी कांग्रेसजनों सहित क्षेत्रवासियों को इस कार्यक्रम में प्रेस के माध्यम से आमंत्रण भी दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष के बक्सर आगमन को लेकर पर कार्यकर्ताओं में बहुत उत्साह है, लोगों ने जगह-जगह उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के साथ विधायक द्वय संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी, विश्वनाथ राम, प्रदेश प्रवक्ता डॉ स्नेहाशीष वर्धन पाण्डेय, अशोक गगन, सौरभ सिंहा, राजीव मेहता, मंजीत आनंद साहू सहित जिला कांग्रेस के अन्य नेतागण मौजूद रहें।

**■ राष्ट्रीय अध्यक्ष के बक्सर आगमन को लेकर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल**


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-05-25, दिनांक 16.04.2025;** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), पूर्व रेलवे, चौथी मंजिल, रेल यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा सं. ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-05-25 के तहत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम साथ में उसका स्थान:** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल के तहत विभिन्न ट्रैक नवीनीकरण कार्यों टीआरआर(पी)-44.841 किमी, सीटीआर-40.119 किमी, सीटीआर-23.712 किमी, टीआरआर-30 सेट, टीएफटीआर-18.145 किमी, टीटीआर-114 सेट तथा टीआरआर(पी)-38.613 किमी के संबंध में टीआरडी कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 1,58,50,417.72; **जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली सुरक्षा:** रु. 2,29,300; **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **कार्य समापन अवधि:** एलओए के जारी किए जाने की तारीख से 18 (अठारह) महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 09.05.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **निविदा खोला जाना:** निविदा बंद होने के उपरांत किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदा के परिपूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देश के लिए निविदादातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा करें। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा अगर कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है, तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। (HWH-35/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

**हमें अनुसरण करें:** @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


CMYK

# मसौढ़ी में महाजाम बना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती

## रेलवे गुमटी चौराहा के पास ट्रैक्टर का गुल्ला टूटने से ढाई घंटो तक रहा जाम



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी में महाजाम का झाम प्रशासन के लिए चुनौती बन गया है। आये दिन मसौढ़ी में जाम की स्थिति भयावह होती दिख रही है, ऐसे में गुरुवार को रेलवे गुमटी चौराहा के पास एक ट्रैक्टर का गुला टूट जाने से तकरीबन ढाई घंटों तक महाजाम की स्थिति बनी रही, जहां हर तबका परेशान दिखा। चिलचिलाती धूप में वाहन रेंगते दिखे और यह स्थिति कमोवेश रोजाना रहती है। मसौढ़ी मेंन रोड हो या फिर स्टेशन रोड हो बेतरतीब ढंग से सड़क के किनारे लगे हुए ठेला और दुकान के कारण जाम की भयावह स्थिति बनती है। अगर उस रास्ते से कोई मरीज ले जा रहे एंबुलेंस गुजर जाए तो संभवत उस मरीज की मौत हो जाना संभावित है। हलांकि कभी कभी अनुमंडल प्रशासन और नगर निकाय प्रशासन के द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाता रहा है। लेकिन महज खानापूर्ति की वजह से फिर से दुबारा सड़कों पर बेतरतीब ढंग से अतिक्रमण का शिकार बाजार हो जाता है। वहीं नगर परिषद के द्वारा आज तक वेंडींग जोन नहीं बनाया गया है। ऐसे में मसौढ़ीवासी अतिक्रमण का दंश झेल रहे है। और तो और अगर कोई पर्व त्यौहार का वक्त आ जाता है, या फिर शादी विवाह का त्यौहार होता है उस वक्त मसौढ़ी में रोजाना महाजाम की स्थिति बनती हैं। ऐसे में जरूरत है स्थानीय प्रशासन को इस दिशा मे ठोस कदम उठाने की।

## सड़क के दोनों किनारे अतिक्रमण से बाजार जाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज (पटना)।** पालीगंज अनुमंडल स्तरीय नगर बाजार है। पालीगंज बाजार नगर पंचायत के अधीन रहने के बावजूद मुख्य बाजार में प्रति दिन लग रहे जाम से आम आवाम त्रस्त हो गया है। सड़क के दोनो किनारे अतिक्रमण के कारण प्रति दिन आम लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा देखकर भी अनदेखा किया जाता रहा है। बाजार से आधा किलोमीटर दूरी तय करने में घंटों लग जाता है। खासकर पर्व या लग्न में तो स्थिति बाद से बदतर हो जाती है। पालीगंज से सिंगोड़ी चंदेस, किंजर, जहानाबाद, गया की ओर आने जाने वाली गाड़ी नगर बाजार होकर गुजरती है दूसरा कोई सड़क मार्ग या बाईपास नहीं होने से जाम की समस्या और विकराल हो जाती है। इस जाम की गंभीर समस्या से बाजार से होकर गुजरने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में स्थानीय लोगों द्वारा नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी तथा अनुमंडल पदाधिकारी से कई बार फरियाद लगाई गई पर इस समस्या का समाधान नहीं हो सका। पूर्व में भी नगर बाजार में इसी तरह के भयंकर जाम लगता था। उस समय स्थानीय लोगों की गुहार पर तत्कालीन पालीगंज के एसडीएम जयचंद्र यादव ने बाजार के मुख्य सड़क के दोनों किनारे लगने वाले, सब्जी मंडी, मछली ,चूड़ी, कपड़ा दुकान, ठेला वालों को हटाकर पालीगंज राम जानकी मठ की जमीन के स्थाई तौर पर दुकान बनवाकर उसमें सब्जी मंडी को करा दिया था और रोड किनारे लगने वाले किसी भी दुकान, ठेला पर पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर जुड़वाना भी वसूला था। इससे नगर बाजार में लगने वाली जाम से आम आवाम जनता को निजात मिल गया था लेकिन उनके स्थानांतरण के बाद फिर नगर बाजार के सड़क के दोनों किनारे धीरे धीरे दुकानें सजने लगी जिससे जाम की समस्या ज्यों का त्यों बन गया। इस संबंध में कई लोगों नगर पंचायत से लेकर अनुमंडल पदाधिकारी तक गुहार लगा चुके हैं पर किसी पदाधिकारी ने गंभीरता से नहीं लिया।

## महिला संवाद के जरिये महिलाओं को सरकारी योजनाओं व महिला सशक्तीकरण से जुड़े मुद्दों की दी जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** महिलाओं को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से रूबरू कराते हुए महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार से महिला संवाद कार्यक्रम की शुरुआत की है, ऐसे में मसौढ़ी में कुल 12 जगहो पर यह कार्यक्रम होना है, पहले दिन मसौढी के निशियावां गांव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां पर सैकड़ो की संख्या में महिला शामिल हुई, खासतौर पर महिला सशक्तिकरण, नौकरी, रोजगार और शिक्षा संबंधित सरकार की योजनाओं को प्रमुखता से बताया गया। इस संवाद यात्रा से महिलाओं को यह संदेश दिया गया कि नीतीश कुमार की सरकार ने महिलाओं के हित में क्या-क्या काम किया है। बीपीएम जयप्रकाश शर्मा ने बताया की महिला सशक्तिकरण के लिए 'महिला संवाद' कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इस कार्यक्रम में महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई साथ ही पंचायत संगठन बना कर पंचायत के विकास की चर्चा की गई। जीविका से जुड़े ग्राम संगठनों के माध्यम से यह हर गांव तक पहुंचेगा। वही सीडीपीओ अर्चना कुमारी ने बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पिछले कुछ सालों में महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव आए हैं। यह कार्यक्रम महिलाओं की सामाजिक भूमिका को और मजबूत करेगा। कार्यक्रम के दौरान नोडल पदाधिकारी युसूफ सिद्दीकी, लहसुना थानाध्यक्ष खुशबू खातून, एरिया कोऑर्डिनेटर श्वेता कुमारी ने भी संबोधित किया।



## प्रसव के नाम पर पैसा वसूली की जांच ठंडे बस्ते में, प्रशासन बना उदासीन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी का अनुमंडल अस्पताल जिसे मिनी पीएमसीएच कहा जाता है, जहां मरीजों के साथ प्रसव के नाम पर नजराना वसूली का खेल चल रहा है। मामले में अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल ने 24 मार्च को संज्ञान लेते हुए अनुमंडल अस्पताल के प्रभारी और प्रबंधक से जांच रिपोर्ट मांगी थी और एक हफ्ते में जांच कर कार्रवाई करने की बात कही गई थी लेकिन आज तक उसका न कोई जबाब आया और ना भी कारवाई हुई है। ऐसे में अनुमंडल अस्पताल में प्रसव के नाम पर पैसा वसुली मामले मे अनुमंडल प्रशासन के उदासीनता के कारण अस्पताल मे कर्मचारियों का मनोबल बढता ही जा रहा है और इलाज कराने आ रहे गरीबों का दोहन हो रहा है। ऐसे में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने की बात बेमानी हो रही है।

दरअसल बीते 19 मार्च को मसौढ़ी प्रखंड के काजीचक और चपौर गांव से आए हुए मरीजों से नजराना वसूली की गई थी और यह मामला सिर्फ आज का नहीं है बल्कि प्रत्येक दिन होता रहता है। ऐसे में अस्पताल प्रबंधन से जवाब तलब किया था, और उक्त कर्मियों को चिन्हित करते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया था, लेकिन वह जांच पत्र ठंडे बस्ते मे धूल फांक रही है।

## रोड निर्माण के बाद मरम्मत कार्य नहीं कराने से सड़क ध्वस्त



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज (पटना)।** पाली अरवल मुख्य पथ में अख्तियारपुर के पास से निकलकर लालगंज सेहरा तक नहर पर वर्ष 2009 में टेंडर किया गया था तथा वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना (P.M.E.S.Y) से 5.6 किलोमीटर रोड़ का निर्माण कार्य कराया गया था। रोड़ निर्माण के बाद कभी भी इस रोड का मरम्मती कार्य नहीं कराने से रोड पूर्ण रूप से ध्वस्त होकर बड़े बड़े गढ्ढे में तब्दील हो चुका है। जिससे बरसात के दिनों में पैदल चलना भी दूभर हो जाता है। पालीगंज बाजार में भयंकर जाम हो जाने पर पालीगंज के पूर्वी इलाके में जाने आने के लिए यह रोड़ बाईपास के रूप में काम करता था। इस रोड़ को अख्तियारपुर (पाली अरवल मुख्य पथ) से लालगंज सेहरा तक लंबाई लगभग 5.6 किलोमीटर बना दिए जाने से पालीगंज से पूर्वी इलाके के करीब सात पंचायतें सहित किंजर, जहानाबाद, कुर्था, गया की ओर आने जाने वाली छोटी बड़ी गाड़ियों को बाजार से बाहर एक स्थाई बाईपास मिल जाएगा। जिससे बाजार में लगने वाली भयंकर जाम की समस्या से आम आवाम को निजात मिल जाएगी। इस रोड के बनने से पालीगंज बाजार से बाहर बाहर प्रखंड कार्यालय,अनुमंडलीय अस्पताल, पालीगंज अनुमंडल कार्यालय, कोर्ट, जेल सहित पटना अरवल की ओर आने जाने में पूर्वी क्षेत्र के लोगों को सहूलियत के साथ साथ समय की बचत भी हो जाएगा। इस संबंध में ग्रामीण कार्य विभाग पालीगंज के कार्यपालक अभियंता रविशंकर कुमार ने पूछने पर बताया कि यह रोड़ का 5.6 किलोमीटर का टेंडर हो चुका है एक पखवाड़े के अंदर एजेंसी का चयन कर निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

## मसौढ़ी गिरजाघर में बलिदान दिवस के रूप में मनाया गुड फ्राइडे, निकाली क्रूस यात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** प्रभु यीशु की याद में गुड फ्राइडे को बलिदान दिवस के रूप में ईसाई धर्म के मानने वाले लोगों ने मसौढ़ी के गिरजाघर में मनाया। गुड फ्राइडे का वह काला दिन जब प्रभु यीशु आज के ही दिन हंसते-हंसते सूली पर चढ़ गए थे। गुड फ्राइडे ईसाई धर्म को मानने वाले लोगों के लिए बेहद खास दिन होता है,इस दिन ईसा मसीह यानी प्रभु यिशू के क्रूस पर चढ़ने और कैल्वरी में उनकी मृत्यु की स्मृति मनाया जाता है, जिसे ईसा मसीह की मृत्यु दिवस के तौर पर मनाया जाता है, ईसाई धर्म के अनुयायियों का मानना है कि प्रभु यीशु ने इंसानों की भलाई के लिए ही अपनी जान को कुर्बान कर दी थी। यीशु को यहूदी शासको ने शारीरिक और मानसिक रूप से कई यातनाएं दी थी, और उन्हें सूली पर चढ़ा दिया था, सदियों से ईसाई धर्म के लोग ग्रुप फ्राइडे को शोक दिवस के रूप में मनाते हैं। मसौढ़ी गिरजाघर में शोक सभा कार्यक्रम कर क्रूस यात्रा निकाली गयी जिस दौरान जिस तरह से यहूदियों ने प्रभु यीशु को क्रूस पर चढ़ाया था वह पूरा चित्रण किया गया और प्रार्थनाएं की गई। शोक सभा चर्च के पुरोहित फादर साबू, फादर पेकिएम भास्कर, सिस्टर लेखा, सिस्टर आशा, सिस्टर मटिंडा, समेत सभी ईसाई धर्म के अनुयायी उपस्थित रहे।

ऐसे में मसौढ़ी में ईसाई धर्म के मानने वाले लोग गिरजाघर में शोक संकल्प दिवस मनाते हुए क्रूस यात्रा निकाली। जिस तरह से प्रभु यीशु को यहूदियों ने यातनाएं दी थी उसका चित्रण किया और फिर प्रार्थनाएं की, फादर पैकियम भास्कर ने कहा कि यह दिन यीशु के बलिदान और उनकी मृत्यु की याद दिलाता है ईसाई लोग इस दिन को गंभीरता और चिंतन के दिन के रूप में मनाते हैं यह हमारे लिए काला शुक्रवार है।



## मसौढ़ी जेल मे खुला कैंटीन, परिजन चुकाएंगे कीमत

### कैदियों को मिलेगी मनचाही खाद्य सामग्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** कैदियों को अब जेल में मनचाही खाद्य सामग्री मिलेगी। इसके एवज में परिजन कीमत चुकाएंगे। मसौढ़ी जेल में कैंटीन की व्यवस्था शुरू की गई है। मगर इसके लिए मात्रा के साथ समय भी निर्धारित किया जाएगा। यानि महीने में कैदी कितनी मात्रा और कितने दिन बाद सामग्री ले सकते हैं। अभी तक जेल में कैदियों को बाहर की खाद्य सामग्री को प्रतिबंध किया गया था। कैंटीन खुलने के बाद जेल में बंद कैदी कैंटीन से अपने जरूरत का सामान आसानी से खरीदेंगे। बंदी कल्याण पदाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि कैंटीन में नमकीन, बिस्किट, मूंगफली के दाने, भुने चने, शक्कर, गुड़ सहित अन्य खाने-पीने की सामग्री उपलब्ध रहेगी। जिसकी खरीदी कैदी कर सकेंगे। जेल में कैदियों के लिए अभी तक ऐसी सुविधा मुहैया नहीं हुई थी। लेकिन कैंटीन खोले जाने के बाद कैदियों व परिजनों को भी सहूलियत होगी। बताया गया है कि कैंटीन शुरू होने के बाद बाहर की खाद्य सामग्री पर रोक लगा दी जाएगी। बल्कि उन्हें कैंटीन से ही पूरी खाद्य सामग्री मुहैया कराएंगे।

## भारतीय मनोरंजन का भविष्य, जुगाड़ से दुनिया में परचम तक : अनिल कपूर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मेरा हमेशा से यह मानना रहा है कि भारत बेहद रचनात्मकता, बेपनाह जुनून और बेजोड़ हुनर की सरजमीं है। बरसों पहले, जब हमारे पास भारी-भरकम निवेश और आलीशान स्टूडियो नहीं हुआ करते थे, तो कड़ी मशक्कत और जुगाड़ ही हमारी नैया पार लगाया करते थे। इन्हीं की बदौलत 'मिस्टर इंडिया' जैसी शानदार फ़िल्में वजूद में आईं। मेरे दोस्त शेखर कपूर आपको उन छोटी-मोटी तरकीबों और चतुराई भरे विचारों की कहानियाँ सुना सकते हैं, जिन्होंने उस फ़िल्म की रचना की - यहाँ कमाल पैसों का नहीं, बल्कि दिलो-दिमाग का था।

लेकिन अब वक्त बदल चुका है। दर्शक बदल चुके हैं। आज, मनोरंजन की दुनिया सिनेमा हॉल या टेलीविज़न स्क्रीन तक सीमित नहीं रह गई है। यह वर्चुअल दुनिया, एआई-पॉवर्ड अवतार, हाई-एंड विज़ुअल इफैक?ट्स और मंत्रमुग्ध कर देने अनुभवों तक व्याप्त हो चुकी है। यदि भारत चाहता है कि उसका अगला मिस्टर इंडिया केवल देश को ही न लुभाए, बल्कि समूची दुनिया पर अपनी छाप छोड़े, तो हमें अपने क्रिएटर्स को महज विचारों से कुछ ज्यादा उपलब्ध कराना होगा - हमें उन्हें संसाधन, दिशा, मार्गदर्शन और मंच मुहैया कराना होगा और यहीं सरकार की वेव्स पहल की भूमिका सामने आती है। वेव्स महज कोई आयोजन भर नहीं है बल्कि यह समूचे मीडिया और मनोरंजन इकोसिस्टम को मजबूत बनाने के लिए बनाई गई एक मुहिम है।

बेहतरीन सिनेमा, गेम, वर्चुअल एक्सपीरियंस या संगीत की रचना करना अब अकेले बॉलीवुड का काम नहीं रह गया है। इसके लिए मज़बूत पोस्ट-प्रोडक्शन पाइपलाइन, विश्वस्तरीय वीएफएक्स स्टूडियो, बेजोड़ कारोबारी वातावरण, अत्याधुनिक एनिमेशन हाउस और सबसे बढ़कर निवेशकों और सलाहकारों के एक सहयोगपूर्ण इकोसिस्टम की जरूरत पड़ती है। बरसों से हमारे देश में बेहतरीन क्रिएटर रहे हैं, लेकिन हमारे पास उन विचारों और बड़े मंच के बीच पुल का अभाव रहा है। वेव्स उसी पुल को बनाने के लिए आगे आया है। इस विशालतम मीडिया और मनोरंजन आयोजन के पीछे का भव्य विज़न किसी और से नहीं, बल्कि स्वयं प्रधानमंत्री मोदी जी से प्रेरित है। इस आयोजन को इस क्षेत्र के लगभग हर प्रमुख उद्योग संघ (फिक्की, आईडीजीएस, सीआईआई, आईसीए आदि) का मज़बूत समर्थन प्राप्त है। इस आयोजन की रूपरेखा और दिशा एक सलाहकार बोर्ड द्वारा तैयार की जा रही है, जिसमें फ़िल्म और मनोरंजन जगत के दिग्गज शामिल हैं - और मुझे यह बताते हुए बेहद गर्व हो रहा है कि मैं उनमें से एक हूँ। वेव्स समिट के सबसे रोमांचकारी घटकों में से एक - मनोरंजन और मीडिया में सबसे साहसिक विचारों को पोषित करने के लिए बनाया गया स्टार्टअप एक्सेलेरेटर WAVEX है। यह WAVEX रचनात्मकता, नवाचार और निवेश को एक गतिशील मंच पर एकीकृत करता है। यहाँ नौजवान क्रिएटर्स, तकनीकी उद्यमियों और ख्वाब संजोने वालों को न केवल शीर्ष निवेशकों से फंडिंग मिलेगी, बल्कि उद्योग जगत के दिग्गजों से मार्गदर्शन और अनुभव भी मिलेगा। वेव्स समिट का आयोजन मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में 1 से 4 मई तक किया जाएगा। 2 और 3 मई को, स्टार्टअप्स पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, क्योंकि इस दौरान वे उद्योग जगत की कुछ बेहद दिग्गज हस्तियों और निवेशकों के सामने अपने नवाचार प्रस्तुत करेंगे। इतना ही नहीं, उनमें से सर्वश्रेष्ठ को प्रतिष्ठित सोनी शार्क टैंक इंडिया में सीधे प्रवेश पाने का मौका भी मिलेगा - अब यह डबल झक्कास नहीं, तो क्या है और इस प्लेटफ़ॉर्म से उभरने वाले विचार बेहद रोमांच से भरपूर होंगे। वर्चुअल रियलिटी सिमुलेशन जहाँ आप खुद डिजिटल मैदान-ए जंग में दाखिल हो सकते हैं और मोगैम्बो की मिसाइलों को रोक सकते हैं, चमकती रोशनी और रंगीन बटन वाले जादुई शैक्षिक गैजेट, एआई- ड्रिवन अवतार, जो मेरे अंदाज में बात कर सकते हैं (जी हाँ, ज़रा कल्पना कीजिए!), ड्रोन-शॉट वर्चुअल टूरिज्म अनुभव, हाई-एनर्जी म्यूजिक बैटल, ट्रूथ-वैरिफाइंग टूल्स, पायरेसी बस्टर, और भी बहुत कुछ। ये सभी कुछ और इससे भी अधिक वेव्स और डइठुक्कु के तहत प्रदर्शित किया जा रहा है, जो भारत के मनोरंजन जगत में रचनात्मकता और निवेश के लिए नए द्वार खोल रहा है। जो बात मुझे सबसे ज़्यादा उत्साहित कर रही है, वह यह है कि इन स्टार्टअप्स को शांतनु नारायण, सत्य नडेला, अदार पूनावाला, किरण मजूमदार-शॉ जैसे ग?लोबल लीडर्स तथा ओपनएआई, यूट्यूब, माइक्रोसॉफ्ट और गूगल के विशेषज्ञों के साथ सीधे जुड़ने का मौका मिलेगा। बेहतरीन से सीखना ही बेहतरीन बनने का तरीका है।

मुझे इस बात में रत्ती भर भी संदेह नहीं है कि वेव्स और डइठुक्कु जैसी पहलों के साथ, भारत के क्रिएटर्स न केवल दुनिया का मनोरंजन करेंगे - बल्कि वे इसे नए सिरे से परिभाषित भी करेंगे।

## एक नजर

### शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार पुलिस द्वारा वांछित फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष समकालीन अभियान के तहत पुनपुन थाना के केवडा ओपी अंतर्गत छापेमारी के क्रम में 900 द्वद्य अवैध विदेशी शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम सिकंदर मांझी उम्र करीब 19 वर्ष पिता मुनशेवर मांझी ग्राम जलालपुर थाना रूपसपुर है, जिसके पास से को 180द्वद्य का 5 पैक्ट 900 विदेशी शराब जब्त किया गया है।

### कई कांडों का फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुनपुन के केवडा पुलिस के द्वारा वांछित फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष समकालीन अभियान के क्रम में को केवड़ा ओ0पी0 अंतर्गत छापेमारी कर कई कांडों के प्राथिमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम संजय चौधरी उम्र करीब 30 वर्ष पिता स्व शंभू चौधरी पोठही का है। जो 20 लीटर अवैध देशी चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार हुआ है। यह कई मामलो मे वांछित रहा है। इसका आपराधिक इतिहास में गुरुग्राम हरियाणा एवं पुनपुन थाना धनरूआ थाना से एक्साईज एक्ट भी जेल गया हुआ है।

### लूटी गई ई रिक्शा बरामद

**मंसूरचक (बेगूसराय) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के गोविंदपुर ब्रह्मम स्थान के निकट से सीमावर्ती उजियारपुर थाना क्षेत्र के चांदचौर जनकपुर गांव निवासी रामप्रीत सिंह की लूटी गई ई रिक्शा को पुलिस ने 50 घंटे के अंदर मझौल थाना क्षेत्र से किया बरामद। पीड़ित ई रिक्शा मलिक रामप्रीत सिंह ने बताया कि 16 अप्रैल की शाम दलसिंहसराय से साठा जाने के लिये ई-रिक्शा एक युवक ने बुक कराया था। दलसिंहसराय साठा जाने के क्रम में गोविंदपुर ब्रह्मस्थान के निकट ई रिक्शा में सवार युवक और पीछे से दो अन्य साथी मोटरसाइकिल सवार वहां पहुंचकर हथियार के बल पर ई रिक्शा और मेरा मोबाइल छीनकर फरार हो गये। घटना की लिखित शिकायत मैंने मंसूरचक थाना में किया था। तेघड़ा डीएसपी डॉ रविंद्र मोहन प्रसाद के नेतृत्व में तेघड़ा इंस्पेक्टर मंसूरचक थानाध्यक्ष अमित कान्त, अजय कुमार, अनिल कुमार राजेंद्र तिवारी, कविता कुमारी आदि के नेतृत्व में टीम बनाकर तकनीकी अनुसंधान के आधार पर शुक्रवार की सुबह मझौल थाना क्षेत्र के कमला वार्ड संख्या एक से मदन चौधरी के पुत्र दिनेश चौधरी के घर से लूटी गई ई रिक्शा बरामद कर लिया।

### महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं में से जीविका के द्वारा महिला सशक्ति करण योजना भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इसके माध्यम से महिलाओं में सशक्तिकरण हुआ है। हर क्षेत्र में महिला स्वावलंबी हुई हैं तथा महिला सशक्तिकरण की दिशा में सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं से लाभान्वित हो रही हैं। तभी तो सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला संवाद में महिलाओं की महत्वपूर्ण भागीदारी हो रही है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### दो घंटे में पूरा होगा...

ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन इस दूरी को तकरीबन दो घंटे में पूरा करेगी। इससे तीर्थयात्रियों, पर्यटकों और स्थानीय लोगों के लिए यात्रा तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक हो जाएगी। उत्तराखंड में भारी बारिश, बर्फबारी और भूस्खलन के कारण सड़क मार्ग अक्सर अवरुद्ध हो जाते हैं। मानसून और सर्दियों के मौसम में यह अक्सर होता है। इस परियोजना का 83 प्रतिशत हिस्सा सुरंगों के माध्यम से गुजरता है, जो इसे मौसम की मार से मुक्त रखेगा और निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगा, जिससे तीर्थयात्री और पर्यटक साल भर चारधाम की यात्रा कर सकेंगे। यह परियोजना उत्तराखंड के पांच प्रमुख जिलों-देहरादून, टिहरी गढ़वाल, पौड़ी गढ़वाल, रुद्रप्रयाग और चमोली-को रेल नेटवर्क से जोड़ेगी। योग नगरी ऋषिकेश, मुनि की रेती, देवप्रयाग, श्रीनगर, रुद्रप्रयाग, गौचर और कर्णप्रयाग जैसे शहर और कस्बे रेल मार्ग से जुड़ जाएंगे। इससे सुदूर पहाड़ी क्षेत्रों के लोग स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा, रोजगार और बाजारों तक आसानी से पहुंच सकेंगे। चारधाम रेल परियोजना का मुख्य उद्देश्य यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ को रेल नेटवर्क से जोड़ना है। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना उत्तराखंड में पर्यटन को बढ़ावा देने वाली है। चारधाम यात्रा के अलावा, उत्तराखंड के अन्य पर्यटन स्थल जैसे ऋषिकेश, हरिद्वार और औली तक पहुंचना आसान हो जाएगा। इससे स्थानीय व्यापार, होटल उद्योग और परिवहन सेवाओं को बढ़ावा मिलेगा और उत्तराखंड के सुदूर इलाकों में नए व्यापार केंद्रों के विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। देवप्रयाग, श्रीनगर, रुद्रप्रयाग और गौचर जैसे शहरों में आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी, जिससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

### महिलाओं की समस्याओं...

अपेक्षाओं को विभाग स्तर से पूरा किया जा सकता है उन्हें संबंधित विभागों को भेजा जाएगा। जो अपेक्षाएँ नीतिगत विषय से संबंधित हैं उन्हें सरकार के समक्ष आवश्यक निर्णय हेतु प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम में 'महिला संवाद' से संबंधित एक वीडियो फिल्म प्रस्तुत की गयी। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हिमांशु शर्मा उपस्थित थे जबकि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के जिलाधिकारी जुड़े हुये थे।

### दो करोड़ महिलाओं से...

पातीं। श्री चौधरी ने महिला संवाद अभियान के शुभारम्भ के बाद कहा कि कांग्रेस और राजद के लोगों ने जिस महिला आरक्षण बिल को वर्षों तक पास नहीं होने दिया, उसे प्रधानमंत्री मोदी ने संसद से पारित करा विधायिका में महिलाओं को 33 फीसद आरक्षण दिया। उन्होंने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार ने सरकारी नौकरी में महिलाओं को 35 फीसद आरक्षण दिया, जिससे महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा और वे आर्थिक-सामाजिक रूप से काफी सशक्त हो रही हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि 2005 से पहले लालू राज में बिहार की बेटियां गुंडों के डर से स्कूल जाने से कतराती थीं, लेकिन नीतीश सरकार ने अपराधियों को जेल में डाल कर और छात्राओं को साइकिल-पोशाक देकर जो सशक्तीकरण किया, वह आज भी एक मिसाल है।

### राज्य में निवेश को बढावा...

साथ अलग-अलग बैठक भी होगी। रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में स्पेन और स्वीडन में कई काम किए हैं जिनके साथ अनुभव साझा किया जाएगा। वहां की कंपनी आइबरड्रोला, एसिओना, एनर्जी विंड एनर्जी जैसी कंपनियों के साथ बातचीत होगी। सौर ऊर्जा को लेकर राज्य में उपलब्ध साधन और उसमें निवेश की संभावनाओं पर भी विस्तार से निवेशकों के साथ बातचीत होगी। कुल मिलाकर यह यात्रा राज्य में निवेश को बढ़ावा देने और विकास का मार्ग प्रशस्त करते हुए रोजगार को बढ़ावा देने के लिए सरकार की सोच है।

# निजी अस्पताल में सिजेरियन के बाद जच्चा-बच्चा की मौत

## डॉक्टर व स्टाफ अस्पताल बंद कर फरार, परिजनों ने किया हंगामा, 112 पर कॉल कर पुलिस को बुलाया, शव एंबुलेंस में छोड़ भागे कर्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सीवान।** शहर के डॉक्टर्स कॉलोनी स्थित एक निजी अस्पताल में शुक्रवार को सिजेरियन ऑपरेशन के बाद जच्चा और बच्चा दोनों की मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया। परिजनों के अनुसार, घटना के बाद डॉक्टर और अस्पतालकर्मी अस्पताल बंद कर मौके से फरार हो गए।



मृत महिला की पहचान गोपालगंज जिले के बरौली थाना क्षेत्र के बलहा निवासी सोनू कुमार बिन की पत्नी सुषमा देवी (35) के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि सुषमा का इलाज बीते नौ माह से इसी अस्पताल में चल रहा था। गुरुवार की रात प्रसव पीड़ा होने पर परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे।

परिजनों का आरोप है कि रातभर नॉर्मल डिलीवरी का प्रयास किया गया, लेकिन जब वह संभव नहीं हो सका, तो शुक्रवार सुबह सिजेरियन ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद नवजात की कुछ देर में ही मौत हो गई।

परिजन नवजात का अंतिम संस्कार कर जब दोबारा अस्पताल लौटे, तो डॉक्टरों ने बताया कि सुषमा की स्थिति गंभीर है और ब्लड की व्यवस्था करनी होगी। पति सोनू कुमार ने बताया कि दोपहर 12 बजे जब वह ब्लड लेकर लौटा, तो देखा कि उसकी पत्नी को अस्पतालकर्मी एंबुलेंस में रख चुके थे। परिवार की महिलाओं ने बताया कि डॉक्टरों ने मरीज को रेफर किए जाने की बात कही, लेकिन जब परिजनों ने देखा, तो सुषमा की सांसें थम चुकी थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि चिकित्सकों की मांग पर उन्हें समय पर पैसे भी दिए गए, फिर भी लापरवाहीपूर्वक ऑपरेशन कर उनकी पत्नी की जान ले ली गई। परिजनों ने यह भी बताया कि सुषमा को गुरुवार को भर्ती किया गया था, तब वह बिल्कुल स्वस्थ थीं। अस्पताल प्रबंधन ने मरीज से जुड़े सभी दस्तावेज अपने पास रख लिए हैं। थानाध्यक्ष ने कहा - शिकायत मिली तो होगी कार्रवाई

महादेवा थानाध्यक्ष निर्भय कुमार ने बताया कि डॉक्टर्स कॉलोनी के एक निजी अस्पताल में जच्चा-बच्चा की मौत की सूचना पर पुलिस टीम भेजी गई है। परिजनों द्वारा यदि लिखित शिकायत दी जाती है तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जमीन कारोबारी को मारी गोली, रेफर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेतिया।** बेतिया मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गोड़वा टोला वृद्धआश्रम के समीप कार्ड बांटने निकले जमीन कारोबारी सुरेश यादव को हथियार बंद अपराधियों ने गोली मारकर जख्मी कर दिया। आनन फानन में परिजन उसे जीएमसीएच ले गये। जहां स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार परिजनों ने उन्हें लेकर मोतिहारी के एक नीजी अस्पताल में भर्ती कराया है। मिली जानकारी के अनुसार मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नगर के वार्ड 37 बरवत पसराईन निवासी जमीन कारोबारी सुरेश यादव अपनी पुत्री की शादी का कार्ड बांटने घर से निकले थे। इसी दौरान वे वृद्धाश्रम के पास गये थे। तभी बाइक पर सवार दो युवकों ने उनपर धावा बोल दिया और गोली मार दी। जिससे वे वही गिर पड़े। गिरते देख हमलावर फरार हो गये। गोली की आवाज सुन सरेह में मौजूद लोगो ने परिजनों एवं पुलिस को इसकी सूचना दी । आनन फानन में उन्हें इलाज के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनकी स्थिति गंभीर देख चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। उनका इलाज मोतिहारी के एक निजी अस्पताल में हो रहा है। घटना की सूचना मिलते ही सदर एसडीपीओ विवेक दीप जख्मी से पूछताछ करने अस्पताल में पहुंचे।इधर अस्पताल में एक्सरे में विलंब के मुद्दे पर सुरेश यादव के शुभचिंतक हो हंगामा करने लगे थे। जिन्हें पुलिस ने समझा बुझा कर शांत कराया। एसपी डा शौर्य सुमन ने घटनास्थल का मुआयना किया। जांच के लिए एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया। पुलिस ने घटनास्थल से कुछ खाली कारतूस बरामद की है। जमीन कारोबारी सुरेश यादव की पुत्री सुषमा कुमारी की शादी पांच मई को होनी है। घायल सुरेश यादव के पुत्र बुलेट यादव ने योगापट्टी के रमेश महतो व बीरबल प्रसाद पर गोली मारने का आरोप लगाया है। घटना का कारण प्रॉपर्टी डीलिंग के व्यवसाय में रुपये की हेराफेरी बताया जा रहा है। बुलेट यादव ने बताया कि दोनों आरोपित पूर्व में उनके पिता के साथ मिलकर प्रॉपर्टी डीलिंग का व्यवसाय करते थे। आरोपितों ने व्यवसाय में एक से डेढ़ करोड़ रुपये का घोटाला किया है। रुपये हजम करने की नीयत से उनके पिता को गोली मारी गई है। इधर एसपी डा. शौर्य सुमन ने बताया है कि मामले में हर विंदु पर सुक्ष्मता से जांच हो रहा है। इनके पूर्व के विवाद को भी देखा जा रहा है।

# मूल सवालों से भटकाने के लिए उछाला गया नेशनल हेराल्ड का मसला: कांग्रेस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सीवान।** सीवान में कांग्रेस पार्टी की नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी के पुतला जलाने पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुशील कुमार ने कहा है कि भाजपा नेता बेशर्मी की पराकाष्ठा पार कर रहे हैं। सत्ता के घमंड में ये इतने मदमस्त हैं कि इन्हें देश के लोकतंत्र या संविधान की थोड़ी भी फिक्र नहीं है। पहले तो चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक विरोधियों को प्रतिशोध की भावना के तहत ईडी, सीबीआई और आईटी के छापेमारी करवाते और मनगढंत आरोपों को दबाब डलवाने के लिए विपक्ष के नेताओं का पुतला जलवाते हैं। कांग्रेस पार्टी ने देश को आजाद कराया है.आजादी के बाद एक सुन्दर, सशक्त और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण किया। भाजपा ने सत्ता में आने के बाद देश को महंगाई की आग में झोंक दिया। मूल सवालों से भटकाने के लिए नेशनल हेराल्ड का मसला लाया जा रहा है जबकि घंटों के ईडी पूछताछ में इन्हें कुछ हासिल नहीं हुआ। डॉ. के. एहतेशाम अहमद ने कहा कि भाजपा एक नई परिपाटी शुरू कर रही है सवाल तो अक्सर सत्तापक्ष से पूछा जाता है.लेकिन वे विपक्ष के नेताओं पर मनमाफिक आरोप लगवा कर पुतला भी जलवा रही है। गांधी परिवार ने देश के लिए अपनी सम्पति दे दिया। भाजपा ने सत्ता में आने के बाद देश को बेचने का काम किया। जिससे नए नौजवानों को रोजगार का संकट उत्पन्न हो गया है। देश की जनता हर चीज को देख रही है और आनेवाले चुनाव में इन्हें सबक सिखाएगी।

# नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर भाजयुमो ने सोनिया एवं राहुल गांधी का फूंका पुतला

## कांग्रेस नेतृत्व पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप, किया जोरदार प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सीवान।** नेशनल हेराल्ड घोटाला के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष त्रिलोकी सिंह पटेल के नेतृत्व में शहर के भाजपा नेता अभिमन्यु सिंह के आवास से बबुनिया मोड़ होते हुए जेपी चौक तक पैदल विरोध मार्च निकाला गया। जेपी चौक पर भाजयुमो नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने भारी विरोध के साथ सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। भाजपा के जिला अध्यक्ष राहुल तिवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता घोटालों का जनक है। नेशनल हेराल्ड जैसे अनगिनत घोटाले राहुल गांधी और सोनिया गांधी के नाम पर पहले से ही दर्ज है. कुछ ही दिनों में इन दोनों को जेल जाना तय है। पूर्व सांसद ओमप्रकाश यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं का नीति शुरू से ही भ्रष्टाचार की नीति रही है। देश की सभी जांच एजेंसी स्वच्छ तरीके से जांच कर रही



है इसमें कोई भी भ्रष्टाचारी बचने वाले नहीं है। पूर्व विधान पार्षद मनोज सिंह ने कहा कि नेशनल हेराल्ड की 2000 करोड़ की संपत्ति कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी सोनिया गांधी डकार गए हैं लेकिन देश की जांच एजेंसी इस घोटाले को हजम नहीं होने देगी। भाजयुमो जिला अध्यक्ष त्रिलोकी सिंह पटेल ने कहा कि नेशनल हेराल्ड घोटाले के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा देश के सभी जिला मुख्यालय में प्रदर्शन कर रही है राहुल गांधी एवं सोनिया गांधी को देश में हुए सभी घोटालों का सजा भुगतना पड़ेगा। विरोध मार्च में प्रदेश मंत्री नंद प्रसाद चौहान, हरेंद्र कुशवाहा, हैप्पी यादव, नीतीश कुशवाहा, शर्मानंद राम, प्रमिल कुमार गोप, गोविंद बसु, धनंजय सिंह, सोमिल उपाध्याय, कुंदन सिंह, महेश गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता, सत्यम पाठक, प्रदीप कुमार रोज, मनोरंजन मिश्रा, आशुतोष चौबे, त्रिभुवन सिंह पटेल, मनोज राम, सत्यम सिंह, बृजेश सिंह पटेल, विजय प्रकाश यादव, अजीत चौरसिया एवं सौरभ कुशवाहा इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# युवा मोर्चा ने सोनिया-राहुल का पुतला फूंका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेतिया।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने नेशनल हेराल्ड मामले में विपक्ष के नेता राहुल गांधी व सोनिया गांधी के नाम आने पर उनके खिलाफ युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अभिषेक यादव के नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस कार्यालय के सामने पुतला दहन किया है। भाजपा जिलाध्यक्ष रूपक श्रीवास्तव ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर नेशनल हेराल्ड मामले में गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगाते हुए चार्जशीट दाखिल की है।इसमें गांधी परिवार ने कांग्रेस पार्टी का दुरुपयोग करते हुए एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) को अपने नियंत्रण में ले लिया। यह संस्था पत्रकारिता और जनसेवा के लिए बनाई गई थी, जिसकी संपत्ति करीब 2000 करोड़ रुपए की थी। उन्होंने कहा कि ईडी की कार्रवाई पूरी तरह से दस्तावेज, बैंक रिकॉर्ड और शेयर होल्डिंग के आधार पर की गई है, जो किसी भी प्रकार से राजनीतिक बदले की भावना नहीं है। यह चार्जशीट न केवल एक कानूनी दस्तावेज है, बल्कि नए भारत की पारदर्शिता और न्यायप्रियता की प्रतीक है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष अभिषेक यादव ने कहा कि कांग्रेस अब पार्टी नहीं बल्की पारिवारिक व्यापार बन गया है। गांधी परिवार अपने निजी लाभ के लिए अपने स्वतंत्रता संग्राम की विरासत का असंवैधानिक तरीके से गलत इस्तेमाल कर रहा है और राजनीतिंक लाभ लेने के लिए संवैधानिक संस्थाओं पर हमला करके सियासी ड्रामा किया जा रहा है।

# हर थाली में हो बिहारी तरकारी : डॉ प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सीवान।** सरकार किसानों की आय बढ़ाने को हर संभव मदद कर रही है। इसका लाभ किसानों को मिल रहा है. यह बातें सहकारिता विभाग के मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने शुक्रवार को सर्किट हाउस में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हर थाली में बिहारी तरकारी हो, इसके लिए सरकार ने बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण व विपणन फेडरेशन अंतर्गत प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समिति में आधारभूत संरचना का निर्माण होगा। प्रत्येक आधारभूत संरचना का निर्माण 1.14 करोड़ रुपए की लागत से होगा। कहा कि आधारभूत संरचना के निर्माण से सब्जी उत्पादक किसानों को काफी लाभ होगा। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत 10 मीट्रिक टन क्षमता के कोल्ड स्टोरेज का निर्माण होगा। 20 मीट्रिक टन क्षमता का गोदाम बनेगा।



इसके अलावा मार्केट यार्ड, ग्रेडिंग, शॉर्टिंग, क्लीनिंग, पैकिंग प्लेटफॉर्म, गार्ड रूम, मशीन रूम, वाहन पार्किंग आदि का निर्माण होगा। बताया कि अब प्राथमिक कृषि साख समिति (पैक्स) के माध्यम से हरी सब्जियों की खरीद की जाएगी। जिससे किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य मिलेगा। डॉ. प्रेम ने कहा कि सरकार की यह पहल किसानों को बिचौलियों से मुक्ति दिलाने के साथ-साथ उनकी आय को भी बढ़ाएगी। उन्होंने बताया कि पैक्स के माध्यम से सब्जी खरीद की प्रक्रिया को पारदर्शी व सरल बनाया जाएगा, जिससे ग्रामीण स्तर पर किसानों को सीधा लाभ मिलेगा है। मौके बैंक के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, बैंक के प्रबंध निदेशक सौरव कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष राहुल तिवारी, प्रशासी पदाधिकारी आलोक कुमार वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

# दुकान में घुसा ट्रक चालक जख्मी




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेतिया।** मझौलिया थाना क्षेत्र के दुबौलिया सुगौली बाईपास पर एक ट्रक अनियंत्रित होकर पेट्रोल पंप के पास टेलरा ट्रक दुकान में घुस गया। हादसे में ट्रक चालक जख्मी हो गया। सूचना मिलते ही 112 की टीम मौके पर पहुंची। घायल चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए जीएमसीएच रेफर कर दिया।जख्मी चालक की पहचान पूर्वी चंपारण के सुगौली थाना क्षेत्र के वार्ड 11 निवासी शेख वजीर के 38 वर्षीय पुत्र शेख मेराजुल के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चालक शराब के नशे में ट्रक चला रहा था। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। दुकान को भी नुकसान पहुंचा है।

# मुख्यमंत्री नें हरी झंडी दिखाकर महिला संवाद रथ किया रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेतिया।** महिला सशक्तीकरण को को एक नया मुकाम और नया आयाम देने का मद्देनजर महिला संवाद कार्यक्रम की शुरुआत पूरे बिहार राज्य में आज से हो गई है। इस सिलसिले में मुख्यमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर संवाद रथ रवाना किया। पश्चिम चंपारण जिला मुख्यालय से भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रभारी जिलाधिकारी, राजीव कुमार सिंह, निदेशक, डीआरडीए, अरुण प्रकाश, विशेष कार्य पदाधिकारी, सुजीत कुमार सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी इस कार्यकम में मौजूद रहे। इस मौके पर प्रभारी जिलाधिकारी राजीव कुमार ने जानकारी दी कि पश्चिम चंपारण जिले में इस कार्यक्रम के सफल आयोजन की तैयारी पहले से ही कर ली गई है। महिला संवाद के आयोजन की ज़िम्मेदारी जीविका द्वारा संपोषित ग्राम संगठनों को दी गई है। जिले के 2552 ग्राम संगठनों में इसका आयोजन बनाये गए रोस्टर के हिसाब से किया जाएगा जिसे पूरा होने में कुल 58 दिन लगेंगे। इन आयोजनों में बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से लाभान्वित महिलायें आपने विचारों को रखेंगी और इन योजनाओं से सामाजिक स्तर और व्यक्तिगत स्तर पर हुए लाभ और परिवर्तन की दास्तान साझा करेंगी साथ ही साथ इन योजनाओं में महिलाओं के सुझावों को संधारित किया जाएगा ताकि भविष्य में और भी बेहतर योजनाएं लाई जा सके और उनका बेहतर क्रियान्वयन भी हो सके। जीविका के प्रबंधक सामाजिक विकास सतीश कुमार ने जानकारी दी कि आज जिले 22 ग्राम संगठनों में महिला संवाद का आयोजना किया जा रहा हैं जबकि अगले दिन से जिले विभिन्न प्रखंडों के 44 ग्राम संगठनों में महिला संवाद का आयोजना होगा। इन आयोजनों में महिलाओं की बेहतरी के लिए बिहार सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से वीडियो प्रसारित कर उन्हें योजनाओं कि जानकारी दी जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि इन आयोजनों में भाग लेने के लिए जीविका के अतिरिक्त शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओ, खेल, पुलिस सेवाओं एवं अन्य क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रही महिलाओं को आमंत्रण पत्र दे कर आमंत्रित किया गया है।जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक आर. के. निखिल ने जानकारी दी कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में संवाद एक अहम प्रक्रिया है। सरकार का जनता के साथ संवाद और जनता का सरकार के साथ संवाद एक स्वास्थ्य लोकतंत्र की पहचान है। उन्होंने यह भी बताया कि यह महिला संवाद महिलाओं के नजरिये से योजनाओं को देखने की कोशिश महिलाओं को और भी सशक्त बनाएगा।

### रफीपुर में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**हसनपुरा/सीवान।** प्रखंड के सहुली पंचायत के रफीपुर गांव में शुक्रवार को महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन भू अर्जन पदाधिकारी, बीडीओ आनन्द प्रकाश सिंह, सीओ उदयन सिंह व बीपीएम रजनिश कुमार ने संयुक्त रुप से फीता काट कर की। इस दौरान पदाधिकारियों ने संवाद में बिहार सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में क्रियानवित महत्वाकांक्षी योजनाएं यथा महिलाओं के लिए आरक्षण, बिहार राज्य महिला सशक्तिकरण नीति 2025, मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना, महिला हेल्पलाइन, अल्पावास गृह, सिविल सेवा प्रोत्साहन राशि योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, समाजिक पुनर्वास कोष, रक्षा गृह,आदर्श दंपति योजना, अल्पसंख्यक मुस्लिम परित्याग/तलाकशुदा सहायता योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना,हुनर एवं औजार कार्यक्रम,सतत जीविकोपार्जन योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, मुख्यमंत्री बालिका पोशाक योजना, अंतर्ज़ातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना,बिहार निःशक्तता पेंशन योजना, लक्ष्मीबाई समाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, शौचालय निर्माण, घर का सम्मान व मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना के बारे में जानकारी दी। साथ ही उनकी समस्याओं से अवगत हुए।

# अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा (सारण)।** एकमा थाना क्षेत्र में एनएच-531 पर शुक्रवार को एक अनियंत्रित 18 चक्के वाले ट्रक ने बाइक सवार को रौंद कर कुचल दिया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान मांझी थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गांव निवासी स्व. बबन सिंह के पुत्र शैलेंद्र कुमार सिंह (40) के रूप में की गई है। हादसे को अंजाम देकर ट्रक चालक वाहन समेत छपरा की ओर फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों व परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर शैलेंद्र कुमार सिंह बाइक से अपनी ससुराल बनियापुर थाना क्षेत्र के भूमिहारा जा रहे थे। इसी दौरान एकमा हाई स्कूल के पास सिवान से छपरा की ओर जा रहे अज्ञात अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें पीछे



से जोरदार टक्कर मार दी। ट्रक से कुचलने के कारण हेलमेट पहनने के बावजूद उनके सिर में गंभीर चोट आई और घटनास्थल पर ही उनकी जान चली गई। वारदात की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची एकमा थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया है। पूर्व मंत्री गौतम सिंह, एकमा विधायक श्रीकांत यादव, पूर्व मुखिया डॉ. राहुल प्रकाश सिंह, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंह उर्फ सीटी सिंह, नगर पंचायत एकमा बाजार के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि दीपक राज, शिक्षक कमल कुमार सिंह, सत्येंद्र राय, डॉ शशि भूषण शाही, योगेश कुमार सिंह, राष्ट्रीय एथलीट विकास सिंह राठौर, जन सुराज नेता विकास कुमार सिंह आदि सहित कई जनप्रतिनिधियों ने परिवार के प्रति संवेदना जताते हुए जिला प्रशासन से पीड़ित परिजनों को समुचित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

# भूमि विवाद को लेकर मारपीट आधा दर्जन पर एफआईआर दर्ज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हुसैनगंज (सीवान)।** थाना क्षेत्र के खानपुर खैरांटी निवासी जावेद अंसारी ने थाना में आवेदन देते हुए कहा है कि मैं अपने जमीन पर मकान बनवाने के लिए ईंट गिराया था। उस ईंट को गांव के ही कुछ लोग जबरन हटा रहे थे। इस बात की जैसे ही मुझे जानकारी मिली मैं वहां गया और उन लोगों को ईंट हटाने से मना किया। इस बात पर सभी लोग मेरे साथ मारपीट करने लगे। जिसमें मेरा सिर फट गया। इसके बाद ग्लोबल पब्लिक स्कूल खैराटी के पास खड़ी एक कार में मुझे जबरदस्ती बैठा कर अन्यत्र स्थान पर ले जाकर दुबारा मारपीट किया गया।

# मुख्यमंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों में महिला संवाद कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सीवान।** शुक्रवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा राज्य अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में महिला संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जो 18 अप्रैल 2025 से 15 जून तक चलेगा। जिलापदाधिकारी सीवान ने महिला संवाद यात्रा के तहत वीडियो रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसके माध्यम से जिले के अलग अलग क्षेत्रों में जाकर लोगों को कार्यक्रम की जानकारी दी जाएगी। वही शुक्रवार को जिले के अलग अलग प्रखंड के क्षेत्रों में महिला संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया। 18 अप्रैल से 15 जून तक तक चलने वाले इस कार्यक्रम में जिले के जीविका संपोषित कुल 1915 ग्राम संगठन स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसको लेकर पिछले दिनों जीविका सिवान जिला परियोजना



समन्वय इकाई की ओर से जिला पदाधिकारी सिवान के मार्गदर्शन में महिला संवाद यात्रा के संबंध में एक दिवसीय गैर-आवासीय प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया था। इस प्रशिक्षण में सभी प्रखंड परियोजना इकाइयों के कर्मचारियों सहित कम्युनिटी कोऑर्डिनेटर, एरिया कोऑर्डिनेटर, बीपीएम, लेखापाल, कार्यालय सहायक, एवं जिला स्तरीय सभी कर्मियों सहित लगभग 300 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। प्रशिक्षण में महिला संवाद कार्यक्रम के सम्पूर्ण क्रियान्वयन प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें विभिन्न समितियों के गठन, समुदाय का सशक्तिकरण, व्यापक प्रचार रणनीतियां, एमआईएस प्रणाली व अनुश्रवण, पूर्व तैयारियां, गतिविधियों की चेकलिस्टिंग, उपयोग में लाए जाने वाले टूल्स व तकनीकें, अन्य विभागों के साथ समन्वय और आपातकालीन स्थितियों से निपटने की योजना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया था। जिसका उद्देश्य महिला संवाद कार्यक्रम के लिए सभी कर्मियों की तैयारी और आत्मविश्वास को मजबूत करना था, ताकि यह ऐतिहासिक कार्यक्रम जिले में प्रभावी और सफलतापूर्वक क्रियान्वित हो सके। यह आयोजन सीवान जिला में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सशक्त कदम के रूप में देखा जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु जिला स्तर पर संपूर्ण कार्यक्रम के समुचित अनुसरण हेतु जिला पदाधिकारी के द्वारा विभिन्न समितियां का गठन भी किया गया है। जिसका उद्देश्य सतत अनुसंधान प्रशिक्षण एवं कार्यशाला आयोजन कर आपसी समन्वय के साथ व्यापक प्रचार प्रसार करना है।

# गोपाल सिंह नेपाली के काव्य की प्रासंगिकता विषयक संगोष्ठी संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेतिया।** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय से स्थायी संबद्धता प्राप्त ईश्वर शांति महाविद्यालय झखरा नौतन परिसर में कविवर गोपाल सिंह नेपाली के पुण्य तिथि पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के डीन डा. सतीश कुमार राय, प्रो. परमेश्वर भक्त, महाविद्यालय के निदेशक ज्ञानेंद्र शरण ने संयुक्त रुप से किया। गोष्ठी के मुख्य वक्ता डा. राय ने कहा कि कविवर गोपाल सिंह नेपाली की कविताओं में कुंठा नहीं प्रेम की



उन्मुक्तता है। प्रकृति, राष्ट्रीयता, मानवीयता और दाम्पत्य रोमांच का भी अद्भुत लालित्य है। उन्होंने कहा कि कविवर नेपाली ने हिंदी कविता को लोक चेतना, चिंतन और वेदना से जोड़ने का कार्य किया है। एमजेके कॉलेज में हिंदी के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो.(डॉ) परमेश्वर भक्त ने कहा कि हिंदी कविता को छाया वाद के स्वप्निल लोक से समकालीन लोक जीवन को दायित्वबोध के धरातल पर पहुंचाने वाले कविवर नेपाली के हम सदा ऋणी रहेंगे। डॉ.दिवाकर राय ने कहा कि नेपाली के शिव भक्ति गीत को सूरदास की रचना बताने वाले फिल्मकार को कोर्ट में माफीनामा दाखिल करने के लिए विवश होने की चर्चित घटना नेपाली जी काव्य सौष्ठव की महत्ता का एक उत्तम उदाहरण है। संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे अम्मा ट्रस्ट के अध्यक्ष व कालेज के निदेशक ज्ञानेंद्र शरण ने कहा कि आज हमारा महाविद्यालय परिवार गौरवान्वित है कि कविवर गोपाल सिंह नेपाली की कविताओं का वर्तमान परिपेक्ष्य में मूल्यांकन मंच हमारे संस्थान में सजा है। संगोष्ठी के प्रो.राजीव कुमार, डॉ. कुमारी अन्नू डॉ.राजेश कुमार चंदेल, डॉ.जगमोहन, ने भी संबोधित किया। आगत अतिथियों का स्वागत कालेज की प्राचार्या शबा खानम ने किया जबकि संचालन राहुल चतुर्वेदी ने किया। मौके पर एक काव्य गोष्ठी का भी आयोजन किया गया।

# हाथीपांव से पीड़ित धन कुमारी बनीं जागरूकता की मिसाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सीवान।** हसनपुरा प्रखंड के गायघाट निवासी चंदन कुमार सोनी एवं बेबी देवी की पुत्री धन कुमारी (16) फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित होने के बावजूद लोगों को इससे बचाव के लिए प्रेरित कर रही हैं। सात वर्षों से फाइलेरिया के कारण शारीरिक पीड़ा और सामाजिक उपेक्षा झेल रही धन कुमारी आज गांवों में घूम-घूम कर लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने और बीमारी से बचाव के लिए जागरूक कर रही हैं। धन कुमारी ने बताया कि वर्ष 2022 में जब वह आठवीं कक्षा में पढ़ती थीं, तब फाइलेरिया के कारण उनके पैर में गंभीर सूजन हो गया था, जिससे चलना-फिरना भी मुश्किल हो गया था। इलाज के लिए उन्होंने कई निजी चिकित्सकों से संपर्क किया, लेकिन कोई राहत नहीं मिली। अंततः गांव की आशा कार्यकर्ता पुनीता देवी की मदद से वह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पहुंचीं, जहां सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अमरजीत हरिजन ने उनका मार्गदर्शन किया और फाइलेरिया उन्मूलन से जुड़ी योजनाओं से जोड़ा। धन कुमारी अब रोगी हितधारक मंच की सक्रिय सदस्य हैं। फरवरी माह में आयोजित फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत उन्होंने गायघाट, गोआसी, मितवार, महमूदपुर और जलालपुर गांवों में जाकर ग्रामीणों को दवा सेवन के लिए प्रेरित किया। विशेष रूप से मिडिल स्कूल के 260 से अधिक छात्र-छात्राओं के बीच अपने अनुभव साझा कर उन्हें दवा सेवन के लिए तैयार किया। धन कुमारी कहती हैं, जो मैंने सहा, वह कोई और न सहे, यही मेरा प्रयास है। वे नियमित रूप से मच्छरदानी का उपयोग करती हैं, साफ-सफाई का ध्यान रखती हैं और गांव में लोगों को संक्रमण से बचाव के उपाय बताती रहती हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अमरजीत हरिजन ने बताया कि धन कुमारी वार्ड संख्या 7, 8, 9 और 10 में सर्वजन दवा सेवन अभियान में सक्रिय भूमिका निभा चुकी हैं। उनके प्रयासों से अभियान पूरी तरह सफल रहा।

### नशे के सौदागरों के विरुद्ध कार्रवाई में औरंगाबाद पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# ब्राउन शुगर के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार के औरंगाबाद में तस्करी के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। ब्राउन शुगर के साथ चार तस्करों को दाउदनगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से ब्राउन शुगर के साथ नगद रूपये की भी बरामदगी की गयी है। पकड़े गए आरोपितों में हसपुरा थाना क्षेत्र के चांदी गांव निवासी पुष्कर कुमार, दाउदनगर थाना क्षेत्र के बिगन बिगहा निवासी रौशन कुमार, महावीरगंज बाबू अमौना गांव निवासी अनिल यादव एवं बाबू अमौना के ही भीम कुमार शामिल हैं। दरअसल बीते कुछ दिनों से दाउदनगर एवं हसपुरा पुलिस को क्षेत्र अंतर्गत ब्राउन शुगर सप्लाई करने वाले एक गिरोह को सूचना मिल रही थी जिसमें



तकनिकी एवं अन्य आसूचना के आधार पर ये सभी दाउदनगर पुलिस द्वारा पकड़े गए। दाउदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार ऋषि राज ने बताया कि ब्राउन शुगर की तस्करी करने वाले एक गिरोह के चार आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से 26.87 ग्राम ब्राउन शुगर, 1650 रूपये नगद एवं पांच मोबाइल फोन बरामद किया गया है। आवश्यक पूछ-ताछ के बाद सभी को जेल भेज दिया गया। मामले को लेकर अभी छानबीन की जा रही है, इनके अलावा ब्राउन शुगर बेचने वालों को चिन्हित की जा रही है, पकड़े जाने पर उनके विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएंगी। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष विकास कुमार, पीएसआई अभिषेक कुमार, आदित्य कुमार, परमानंद कुमार, संजय कुमार सहित अन्य पुलिस बल शामिल थे।

ब्राउन शुगर की एक पुड़िया आमतौर पर 300 से 500 रूपये में मिलती है। बेरोजगार लड़कों के लिए इतने रूपये की व्यवस्था करना आसान नहीं है। इस वजह से वो अपराध का रास्ता अपना रहे हैं। नशे की लत के लिए वो चोरी और छीनतई जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। यह सिर्फ शहर की बात नहीं ग्रामीण इलाकों में भी नशे के लिए लड़के आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

## फोन पर पति से विवाद के बाद पत्नी ने की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** गुरुवार की देर रात गोह थाना क्षेत्र के लोहड़ी गांव में पति से बात करने के बाद पत्नी ने फंदे से लटक आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार दोनों के बीच फोन पर काफी कहासुनी हुई थी। पति दिल्ली में नौकरी करता है। मृतका की पहचान लोहड़ी गांव निवासी लवकुश कुमार के 23 वर्षीया पत्नी ज्योति कुमारी के रूप में हुई है, चार वर्ष पूर्व दोनों की शादी हुई थी। सूचना के बाद मृतका के परिजन आए और घटना की सूचना पुलिस को दी, सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में शव को फंदे से नीचे उतारा और कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम करवाकर शुक्रवार को परिजनों को सौंप दिया है, इधर एफएसएल की टीम मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलन करने में जुट गई है।

# क्या बिना कोई जांच किए ही प्रधानाचार्य से पूछा गया शो-कॉज?

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के नबीनगर प्रखंड अंतर्गत राजकीय उच्च विद्यालय जयहिंद, तेंदुआ में एक अजीबोगरीब मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक को जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा भेजे गए स्पष्टीकरण (शो-कॉज) नोटिस को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं और ये मसला चर्चा का विषय बना हुआ है। इस संबंध में बताया जा रहा है कि औरंगाबाद के जिला शिक्षा पदाधिकारी ने अपने पत्रांक 83 दिनांक 16 जनवरी 2025 से राजकीय उच्च विद्यालय जयहिंद तेंदुआ (नबीनगर) के प्रधानाध्यापक को एक पत्र लिखकर स्पष्टीकरण समर्पित करने का आदेश दिया था। इस पत्र में कहा गया था कि 2 नवंबर 2024 को उप विकास आयुक्त के द्वारा इस विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया था जिसमें कई अनियमितताएं पाई गई। निरीक्षण के अनुसार इस विद्यालय के शिक्षक नंदकुमार बिन्द बिना सूचना के विद्यालय से अनुपस्थित पाए गए। निरीक्षण की तिथि को दोपहर 2:30 बजे विद्यालय में एक भी छात्र उपस्थित नहीं पाया गया। कक्षा दसवीं के छात्र उपस्थिति पंजी के अनुसार 14 अक्टूबर 2024 के बाद किसी भी छात्र की उपस्थिति पंजी में दर्ज नहीं की गई। कक्षा नवी एवं 12वीं में कुल नामांकित 273 छात्रों के विरुद्ध निरीक्षण तिथि को कोई भी छात्र विद्यालय में उपस्थित नहीं पाया गया तथा 11वीं के छात्र उपस्थिति पंजी निरीक्षी पदाधिकारी को नहीं दिखाई गई। इस

**■ स्पष्टीकरण नोटिस को लेकर कई सवाल हो रहे खड़े**

स्पष्टीकरण के जवाब में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र लिखकर कहा है कि इस विद्यालय में 2 नवंबर 2024 को किसी भी पदाधिकारी का औचक निरीक्षण नहीं किया गया है। प्रधानाचार्य ने यह भी लिखा है कि हमारे विद्यालय में नंद कुमार बिंद नाम के कोई भी शिक्षक कार्यरत नहीं है। विद्यालय में नवम एवं 12वीं के बच्चों की जो संख्या बताई गई है वह भी सही नहीं है। ऐसे में अब चर्चा का विषय है कि क्या बिना निरीक्षण के ही शो-कॉज पूछ दिया गया था अथवा मामला कुछ और है?

# सम्मानित किये गए डीएम श्रीकांत शास्त्री सहित वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी

## भगवान सूर्य नारायण सेवा समिति ने देव में किया ऐतिहासिक विकास कार्यों का स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देव (औरंगाबाद)।** ऐतिहासिक एवं धार्मिक नगरी देव स्थित भास्कर रिसॉर्ट में भगवान श्री सूर्य नारायण सेवा समिति, देव के तत्वावधान में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देव के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिये जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को सम्मानित किया गया। समारोह में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, उप विकास आयुक्त अभयेन्द्र मोहन सिंह, अपर उप समाहर्ता ललित भूषण रंजन, अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार, स्काउट्स एंड गाइड के श्रीनिवास,




अंचलाधिकारी दीपक कुमार तथा देव थानाध्यक्ष देव कुमार सौरभ को सेवा समिति द्वारा सम्मानित किया गया। सेवा समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक, सचिव दीपक सिंह, कोषाध्यक्ष अनूप कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह एवं धीरेंद्र रंजन ने बताया कि यह सम्मान देववासियों की वर्षों पुरानी मांगों को साकार रूप देने के लिये जिला प्रशासन को समर्पित है। इनमें देव में मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति, 24 वर्षों से लंबित रिंग रोड परियोजना की स्वीकृति, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण, 1.2 किमी लंबी फोर लेन सड़क (सूर्यकुंड से स्टेट हाई वे 101 तक) और रानी तालाब के जीर्णोद्धार एवं पार्क निर्माण शामिल हैं। मनीष पाठक ने कहा कि जैसे वाराणसी के विकास में काशी विश्वनाथ मंदिर के साथ-साथ बीएचयू की स्थापना महत्वपूर्ण रही, उसी तरह देव में सूर्य मंदिर के साथ मेडिकल कॉलेज की स्थापना भविष्य का आधार बनेगी। देव का प्रस्तावित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बिहार में राजगीर और पटना के बाद तीसरा होगा, जो युवाओं के सर्वांगीण विकास की दिशा में अहम कदम साबित होगा। फोर लेन सड़क, जिसे 'प्रगति पथ' नाम दिया गया है, आने वाले समय में देव मेला प्राधिकरण के महत्व को और बढ़ाएगा। इन सभी योजनाओं की स्वीकृति में जिला पदाधिकारी डॉ. श्रीकांत शास्त्री की दूरदर्शिता और सकारात्मक पहल की सराहना की गई। कार्यक्रम के दौरान प्रो. अरुण कुमार सिंह ने स्वागत गान प्रस्तुत कर उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया। वहीं लोक गायक सनोज सागर एवं यूट्यूबर अंकित सिन्हा को भी डीएम द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष पिंटू कुमार शाहिल, उपाध्यक्ष गोलु गुप्ता, शिव श्रृंगार समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. संतोष भारती, विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन देव के समर्पित विकास की सामूहिक प्रतिज्ञा और सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

## महिला को भगाने का आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** गलत नीयत से महिला को भगा ले जाने वाले एक आरोपित को बारून पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान थाना क्षेत्र के भोपतपुर गांव निवासी अनिल कुमार चौधरी के रूप में की गई है। दरअसल, आरोप है कि अनिल कुमार चौधरी ने गांव के ही एक महिला को गलत नीयत से अपनी बातों में लेकर फरार हो गया था। मामले की जानकारी होने पर महिला के पति ने आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाया। इसके बाद पुलिस की सख्ती पर आरोपित ने महिला को बारून लाया, जहां से पुलिस ने महिला को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। वहीं आरोपित को आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया।

# शादी के एक सप्ताह बाद प्रेमी संग फरार हुई विवाहिता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** जिले के फेसर थाना क्षेत्र के एक गांव की नवविवाहिता अपने पति के साथ शैक्षणिक कार्य से रफीगंज बीते 14 अप्रैल को पहुंची और इस दौरान मौका मिलते ही अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। इस मामले में नवविवाहिता के पति ने रफीगंज थाना में आवेदन देते हुए उल्लेख किया है कि 7 अप्रैल 2025 को मेरी शादी हुई थी। 14 अप्रैल 2025 को रफीगंज शहर के करमा रोड स्थित एक के महाविद्यालय में शैक्षिक कार्य हेतु अपनी पत्नी के साथ आया हुआ था। इसी दौरान महाविद्यालय से शैक्षणिक कार्य पूरा कर, बस स्टैंड के समीप बाइक लगने लगा लेकिन इसी बीच मेरी पत्नी बाइक से उतरकर अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। रफीगंज थाना अध्यक्ष ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

## अभियुक्त गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** रफीगंज पुलिस ने मारपीट मामले में तिवारी बिगहा गांव निवासी गोरा चौधरी को गिरफ्तार कर औरंगाबाद न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष शम्भू कुमार ने बताया कि मारपीट मामले में कांड संख्या 112 /25 का अभियुक्त बनाया गया था। तब से वह फरार चल रहा था। अभियुक्त को उसके गांव से ही गिरफ्तार कर औरंगाबाद न्यायालय भेज दिया गया।

## देव और बारून नगर क्षेत्र में अब संपत्ति कर का होगा ऑनलाइन निर्धारण


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** देव और बारून नगर क्षेत्र के अंतर्गत अब नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और नगर निकाय संचालन के लिए संपत्ति कर का निर्धारण और वसूली अधिक पारदर्शी और तकनीकी रूप से सुदृढ़ की जाएगी। बिहार नगरपालिका अधिनियम 2007 (संशोधित 2012) की धारा 126 और 127 के तहत यह व्यवस्था लागू की जा रही है। नवगठित नगर पंचायतों देव और बारून में यह नई व्यवस्था लागू की जाएगी और इसकी जानकारी एवं जनजागरूकता के लिए पूरे नगर क्षेत्र में माइकिंग की जाएगी। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि बोर्ड की बैठक में सर्वप्रथम सड़कों का वर्गीकरण किया गया है। इसके तहत प्रमुख मुख्य सड़क, मुख्य सड़क और उपखंड सड़कों को तीन श्रेणियों में बांटा गया है। इन सड़कों पर स्थित भवनों के लिए संपत्ति कर की दरें तय की जाएंगी, जो बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा निर्धारित 27 श्रेणियों के भवन प्रकारों पर आधारित होंगी। नवीन प्रणाली के तहत भवनों की अवस्थिति और वर्गीकरण की जानकारी नागरिक स्वयं ऑनलाइन पोर्टल पर भर सकेंगे और वहीं से कर निर्धारण एवं भुगतान भी किया जा सकेगा। होल्डिंग्स के वार्षिक किराया मूल्य के आधार पर कर निर्धारण के लिए फर्श क्षेत्रफल की माप को पूर्णतः लागू किया जाएगा।

# एक बार फिर बिहार में बनेगी एनडीए की सरकार : कालीचरण सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शुक्रवार को निजी कार्यों से औरंगाबाद पहुंचे झारखंड के चतरा लोकसभा के सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि बिहार में फिर से एनडीए की सरकार बनेगी। सर्वप्रथम शहर के श्री कृष्णा स्मारक ट्रस्ट में सांसद को सम्मानित किया गया। इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री सुनील कुमार शर्मा, विजय पांडेय, सामाजिक कार्यकर्ता अविनाश कुमार, भाजपा युवा मोर्चा के नेता राहुल कुमार, दीपक कुमार सिंह, विकास काली आदि मौजूद रहे। चतरा सांसद श्री सिंह ने कहा कि राजद के कार्यकाल को जनता जानती है। जब संयुक्त बिहार-झारखंड एक था तब राजद के कार्यकाल को झारखंड के लोगों ने भी देखा है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास नीति पर यहां की जनता पुनः बटन दबाएगी। बिहार में जो विकास का कार्य हो रहा है उससे पूरे देश के लोग परिचित हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता राज में हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है। बांग्लादेशी हावी हो गए हैं। बंगाल की स्थिति खराब होती जा रही है। बिहार में पुनः एनडीए की सरकार बनेगी और प्रधानमंत्री की सोच के तहत डबल इंजन की सरकार बिहार की गति को विकास की गति को और बढ़ाएगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# नौ पंचायतों के महादलित टोलों में आज लगेगा शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर के बहुदेशीय भवन में शुक्रवार को 9 पंचायतों के महादलित टोलों में डॉ भीमराव राव अम्बेडकर समग्र विकास शिविर के तैयारियों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई जिसमें कल्याण विभाग के प्रमंडलीय उपनिदेशक दिनेश कुमार शामिल हुए। कैंप में 22 विभागों के द्वारा योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए लाभार्थियों से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। प्रखंड में कार्यरत सभी विकास मित्रों को प्रमंडलीय उपनिदेशक द्वारा निर्देश दिया गया है कि कैंप 19 अप्रैल से चयनित महादलित टोलों में आयोजित किए जाएंगे जिसमें सभी लाइजनिंग विभागों के योजनाओं का लाभान्वित कराने के लिए लाभार्थियों से आवेदन प्राप्त कर कैंप में ही समस्या का निष्पादन करना है। सभी विकास मित्रों को विभागीय निर्देश के आलोक में उन्हें अपने कैंप स्थल के पास एक टेंट, पीने का शीतल पेयजल, कैंप में आने वाले व्यक्तियों के लिए बिस्कुट, बैठने के लिए टेबुल कुर्सी आदि की व्यवस्था करनी है। विकास शिविर के लिए चिन्हित सभी टोलों में रहने वाले लोगों को विभाग से प्राप्त आमंत्रण पत्र विकास मित्र घर-घर जा कर वितरण करेंगे। बीडीओ अवतुल्य कुमार आर्य ने बताया कि बहुत सारे विभागों के द्वारा प्री कैंपों में आवेदन प्राप्त किए गए हैं जिन्हें त्वरित रुप से निष्पादन कर दिए गए हैं। शनिवार को कैंप में प्राप्त किए जाने वाले आवेदनों का निपटारा ससमय कर दिया जाएगा। बैठक में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी जूही सिंह, बीएओ सुरेन्द्र राम सहित सभी विकास मित्र व पदाधिकारी शामिल थे।

# ट्रांसपोर्टर पर जानलेवा हमला, प्राथमिकी


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** एक पेट्रोल पंप के पास कार सवार आधा दर्जन अपराधियों ने गुरूवार की देर शाम एक ट्रांसपोर्टर पर जानलेवा हमला बोल दिया। हमले में ट्रांसपोर्टर घायल हो गया। मामला मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-19 पर की है। इसके बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से ट्रांसपोर्टर को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया, जहां चिकित्सकों ने इलाज किय। चिकित्सकों के मुताबिक फिलहाल ट्रांसपोर्टर की हालत खतरे से बाहर है। मामले की जानकारी मिलने पर सदर अस्पताल पहुंचे नगर थाना के सब इंस्पेक्टर चंदन देव ने ट्रांसपोर्टर का फर्दबयान लिया।

**■ घायल ट्रांसपोर्टर की हालत खतरे से बाहर**

फर्दबयान को नगर थाना की पुलिस द्वारा प्राथमिकी के लिए मुफ्फसिल थाना भेजा गया है। मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

सत्यमेव जयते
राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR



''अग्निशमन सेवा सप्ताह''
(14 अप्रैल – 20 अप्रैल, 2025)

राज भवन
पटना–800022
RAJ BHAVAN
PATNA 800022

**संदेश**

आत्म बलिदान के प्रतीक के रूप में प्रतिवर्ष 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष के अग्निशमन सेवा सप्ताह का शीर्षक है **''एकजुट हों, अग्नि सुरक्षित भारत को प्रज्ज्वलित करें''।**

14 अप्रैल, 1944 को विक्टोरिया डॉक, मुंबई में हुए विनाशकारी अग्निकांड ने यह सिखाया कि अग्नि सुरक्षा उपायों की अनदेखी कितनी बड़ी त्रासदी का कारण बन सकती है। उस हादसे में अपने प्राणों की आहूति देने वाले वीर अग्निशामकों की स्मृति में यह सप्ताह अग्नि सुरक्षा जागरूकता और प्रशिक्षण के लिए समर्पित है।

आज, जब बिहार राज्य तकनीकी प्रगति एवं विकास की नई ऊँचाईयों को छू रहा है, तब आग से बचाव और सुरक्षा के आधुनिक उपायों को अपनाना समय की माँग है। सावधानी और सतर्कता से हम अपने घरों, कार्यस्थलों और सार्वजनिक स्थानों को सुरक्षित बना सकते हैं।

आईए, हम सब मिलकर अग्नि सुरक्षा की नींव पर सुरक्षित एवं विकसित बिहार के भविष्य का निर्माण करें।

(आरिफ मोहम्मद खां)

PR No.-001375 (Fire) D. 2025-26

बिहार सरकार
**खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग**
**राशन कार्डधारियों के लिए आधार सीडिंग हेतु महत्वपूर्ण सूचना**

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के तहत उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग, भारत सरकार की अधिसूचना संख्या–S.O.5506(E), दिनांक–18.12.2024 द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के तहत लक्षित जन वितरण प्रणाली के राशन कार्ड में अंकित प्रत्येक सदस्य के लिए दिनांक–31.03.2025 तक आधार सीडिंग अनिवार्य की गई थी। पुनः भारत सरकार की अधिसूचना संख्या–S.O.1459(E), दिनांक–26.03.2025 द्वारा राशन कार्ड में अंकित प्रत्येक सदस्य के लिए दिनांक–30.06.2025 तक आधार की अनिवार्य सीडिंग हेतु अवधि विस्तार किया गया है।

अतः राज्य के सभी राशन कार्डधारियों से अनुरोध है कि अपने राशन कार्ड में अंकित प्रत्येक सदस्य का आधार सीडिंग दिनांक 30.06.2025 तक अनिवार्य रूप से करा लें। इसके लिए प्रत्येक सदस्य किसी भी लक्षित जन वितरण प्रणाली विक्रेता की दुकान पर संधारित ePoS यंत्र के माध्यम से निःशुल्क आधार सीडिंग (eKYC) करा सकते हैं।

यदि किसी राशन कार्ड में अंकित किसी भी सदस्य की आधार सीडिंग दिनांक 30.06.2025 तक नहीं की जाती है, तो ऐसे सभी सदस्यों के नाम राशन कार्ड से दिनांक 01.07.2025 के प्रभाव से विलोपित करने की कार्रवाई की जाएगी तथा ऐसे सदस्यों के विरूद्ध खाद्यान्न का लाभ लाभुक परिवार को नहीं दिया जाएगा।

**प्रधान सचिव**

PR No.-001404 (Food)D. 2025-26